
जबलपुर
सोमवार, 29 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-07
वर्ष : 20, अंक : 153
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




**सप्तम दिवसः मां कालरात्रि**



ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम। त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### लक्ष्मण का किरदार निभा चुके वीर शर्मा व भाई की मौत



**नई दिल्ली।** राजस्थान के कोटा जिले के अनंतपुरा इलाके में शनिवार देर रात एक बहुमंजिला इमारत में आग लग गई। इस हादसे में 10 वर्षीय टीवी कलाकार वीर शर्मा और उसके बड़े भाई 15 वर्षीय शौर्य शर्मा की मौत गो गई। बताया जा रहा है कि आग चौथी मंजिल पर लगी थी। उस समय दोनों बच्चे अकेले थे। दोनों की मौत दम घुटने की वजह से हुई।

### बेटी को मारी गोली, फिर लाश नदी में फेंक दी



**मुरैना।** यहां 19 वर्षीय बेटी की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्या के बाद उसका शव 21 किमी दूर स्थित अपने पैतृक गांव के पास क्वारी नदी में फेंक दिया। प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है। मामला चार दिन पहले का है, लेकिन शनिवार को पुलिस टीमों ने जांच शुरू की है। रविवार की सुबह 11 बजे शव बरामद हुआ।नदी से एसडीआरएफ को सफेद चादर में लिपटा शव मिला।

**40** लोगों की मौत पर शुरू हो गई राजनीतिक व प्रशासनिक 'जुगाली'



## करूर भगदड़ पर तमिलनाडु सरकार की सख्ती और पार्टी का मरहम देखिए



# अभिनेता विजय होंगे 'गिरफ्तार'

## हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनी

- मुख्यमंत्री ने 10-10 लाख मुआवजा देने की घोषणा की
- विजय देंगे 20-20 लाख और घायलों को 2-2 लाख रुपए

*विजय की पार्टी टीवीके ने भगदड़ को साजिश करार दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। विजय के पहुंचने से ठीक पहले बिजली गुल कर दी गई।*

एजेंसी ▶▶ करूर

तमिलनाडु के करूर में हुई भगदड़ के मामले पर मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। एक पीड़ित ने याचिका दायर कर टीवीके प्रमुख विजय की रैलियों पर रोक लगाने की मांग की है क्योंकि करूर में विजय की रैली में हुई भगदड़ के दौरान 40 लोगों की मौत हो गई थी। साथ ही 90 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

इस मामले में अभिनेता विजय की गिरफ्तारी भी हो सकती है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बनाई गई है। कमेटी की जांच में जो सच्चाई सामने आएगी, उसी के आधार पर आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी। डीएमके के प्रवक्ता सरवनन ने विजय की पार्टी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। पहले दिन से ही वे पुलिस की शर्तें मानने को तैयार नहीं थे।

- ***भगदड़ के मामले पर मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई होगी***
- ***अभी भी भगदड़ में गंभीर घायल हुए 90 लोग अस्पताल में***



**अभिनेता विजय बोले**

### घटना से दुखी हूं,मेरे पास शब्द नहीं

*विजय ने रविवार सुबह इस घटना पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख जताया। साथ ही कहा कि उनकी पार्टी और कार्यकर्ता सभी प्रियजनों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। विजय ने कहा कि जो कुछ हुआ, वह कल्पना से परे है। उसके बारे में सोचते ही मेरा दिल और दिमाग गहरे बोझ से दब जाते हैं। मेरे पास अपने हृदय की पीड़ा को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। मैं यह भी आश्वासन देता हूं कि हमारी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) इलाज करा रहे सभी प्रियजनों को दृढ़ता से आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी।*

**भगदड़ पर बोले कांग्रेस नेता थरूर**

### भीड़ प्रबंधन विफल सख्त नीति जरूरी

भगदड़ को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा कि यह बहुत ही दुखद और दर्दनाक स्थिति है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भीड़ प्रबंधन में कुछ गड़बड़ है। हर साल कोई न कोई घटना होती ही रहती है। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि हम आम लोगों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक संगठित नीति बनाने के लिए क्या कर सकते हैं। मूल बात यह होनी चाहिए कि कुछ नियम, मानक और प्रोटोकॉल होने चाहिए।

**भारत एशिया कप चैंपियन, रिंकू सिंह का विनिंग चौका**

# पाकिस्तान पर हैट्रिक जीत



भारतीय टीम ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद ऑपरेशन एशिया कप भी अपने नाम कर लिया है। एशिया कप 2025 के खिताबी मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को हराते हुए 9वीं बार खिताब अपने नाम किया।

**तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रन बनाए; कुलदीप ने लिए 4 विकेट**

**दुबई।** पाकिस्तान ने 146 रन बनाए थे, जबकि भारत ने तिलक वर्मा (53 गेंद, 3 चौके और 4 छक्के, 69 रन नाबाद) और शिवम दुबे की जबरदस्त बैटिंग के दम पर लक्ष्य फतह कर लिया। टूर्नामेंट में सिर्फ एक गेंद खेलने वाले रिंकू सिंह (4 नाबाद) ने चौके से मैच फिनिश किया। 18वें ओवर में हारिस रऊफ को 13 रन पड़े तो मैच में रोमांच वापस आ गया। अब भारत को आखिरी के 2 ओवरों में जीत के लिए 17 रनों की जरूरत थी, लेकिन फहीम अशरफ फिटनेस से जूझते दिखे और इसकी वजह से मैच को लगभग 7 मिनट के लिए रोकना पड़ा। 19वें ओवर में शिवम दुबे का विकेट गिरा और 7 रन बने। इस तरह से भारत को जीत के लिए आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया का आगाज उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। टूर्नामेंट में रनों की बरसात करने वाले युवा ओपनर अभिषेक शर्मा के खिलाफ पाकिस्तान ने मैदान मारा और सिर्फ 5 रन ही बनाने दिए। हालांकि, इसमें कोई शक नहीं कि इस ओपनर ने शाहीन के खिलाफ अपना बाउंड्री (चौके से) से खाता खोलने का तेवर बरकरार रखा। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव (1) का कमाल का कैच सलमान अली आगा ने शाहीन की गेंद पर लपका, जबकि शुभमन गिल (12) फहीम अशरफ की गेंद पर आउट हुए। अभिषेक-गिल दोनों के ही कैच हारिस रऊफ ने लपके। 4 ओवर में 20 रन पर 3 विकेट गंवाने के बाद भारत मुश्किल में लग रहा था, लेकिन इसके बाद संजू सैमसन और तिलक वर्मा की जोड़ी ने मोर्चा संभाला और 8.1 ओवरों में हाफ सेंचुरी पूरी करवा दी। अबरार अहमद की गेंद पर संजू सैमसन को हुसैन तलत ने कैच छोड़ते हुए जीवनदान भी दिया। हालांकि, वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। 21 गेंदों में 2 चौके और एक छक्का के दम पर 24 रन बनाकर अबरार अहमद की ही गेंद पर आउट हुए। इसके बाद शिवम दुबे ने तिलक वर्मा संग मिलकर टीम इंडिया को जीत करीब तक ले गए। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर जब वह आउट हुए तो भारत को जीत के लिए 6 गेंदों में 10 रन की जरूरत थी। शिवम दुबे ने 22 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्के की मदद से 33 रन की पारी खेली। इस दौरान हालांकि तिलक दो बार रन आउट होने से बचे।

**कटनी से मैहर** आ रही मेमू ट्रेन पर पथराव


## खिड़की का शीशा टूटा, बच्चे के सिर पर लगा पत्थर, घायल

पथराव करने वाले व्यक्ति की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर

रविवार को कटनी रेलवे स्टेशन से निकलते ही अज्ञात व्यक्ति ने मेमू ट्रेन पर पत्थर फेंके। पथराव इतना जोरदार था कि ट्रेन की खिड़की का शीशा टूट गया।

पत्थर खिड़की तोड़ते हुए सीधा एक बच्चे के सिर पर जा लगा। इस हादसे से बच्चा घायल हो गया और उसके परिजन दहशत में आ गए। घटना के बाद ट्रेन में मौजूद यात्रियों और परिजनों ने घायल बच्चे को



प्राथमिक उपचार देने की कोशिश की। ट्रेन के मैहर स्टेशन पहुंचते ही बच्चे को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल पथराव करने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश जारी है। रेलवे पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और मामले की जांच शुरू कर दी।

### डबरा स्टेशन के पास झांसी-इटावा एक्सप्रेस पर पथराव

इधर, ग्वालियर के नजदीक डबरा में अज्ञात लोगों ने झांसी-इटावा एक्सप्रेस पर पथराव कर दिया। कोच की खिड़की पर पत्थर लगने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई, गनीमत रही कि किसी यात्री को चोट नहीं आई।

**सोना उगलने** को तैयार इमलिया की भूमि

## मैसर्स प्रॉस्पेक्ट रिसॉर्स और प्रशासन के बीच एमओयू



■ प्रदेश की पहली सक्रिय स्वर्ण खदान होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्यप्रदेश सरकार और मैसर्स प्रॉस्पेक्ट रिसॉर्स लिमिटेड कंपनी के बीच साइन हुए एमओयू के बाद बाद कटनी जिले के गर्भ में दबा सोना अब जल्द बाहर निकाला जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक 6.51 हैक्टेयर में सोना की खान से गोल्ड समेत अन्य कीमती खनिज निकाले जाएंगे जो आने वाले वक्त में कटनी की छाप पूरे देश में छोड़ेगी। दरअसल स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम इमलिया में दबा स्वर्ण भंडार जमीन से निकलकर प्रदेश और देश की आर्थिक ताकत बढ़ाने वाला है।

**ये मेड इन इंडिया** प्लेटफॉर्म

## गूगल छोड़ स्वदेशी ब्राउज़र जोहो में शिफ्ट हुए आईटी मंत्री



■ विदेशी सॉफ़्टवेयर पर कम होगी निर्भरता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस और गूगल डॉक्स का उपयोग बंद कर दिया और अब देशी एप्लिकेशन जोहो को अपनाया है। इसे डिजिटल क्षेत्र में 'मेड इन इंडिया' प्लेटफ़ॉर्म को प्रोत्साहित करने वाला एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मंत्री का यह निर्णय न केवल सरकारी विभागों बल्कि आम नागरिकों और व्यवसायों को भी देशी डिजिटल टूल्स अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

**दो दिन बाद** मामूली राहत, 2- 3 अक्टूबर से फिर पकड़ सकती है रफ्तार

## प्रदेश के 200 से अधिक गांवों और शहरों में बारिश, आज 4 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

दो दर्जन से अधिक जिलों में दिन के तापमान में कमी आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के छोटे-बड़े गांव और शहरों को मिलाकर करीब 200 से अधिक स्थानों पर बारिश दर्ज हुई है। इससे लगातार दूसरे दिन पश्चिमी मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, रतलाम सहित अधिकांश जिलों में दिन का पारा तेजी से गिरा है। रविवार को सुबह से शाम तक करीब आधा दर्जन जिलों में बारिश दर्ज हुई। मौसम केंद्र ने सोमवार को चार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



करोंद क्षेत्र में शाम 5 बजे बादल का दृश्य

**मानसून यथावत विदाई की परिस्थितियां अनुकूल**

*एके शुक्ला के अनुसार अभी दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी रेखा वेरावल, भरूच, उज्जैन, झांसी, शाहजहांपुर से ही होकर गुजर रही है। अगले 7 दिनों के दौरान मानसून की आगे की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।*

### अभी सिस्टम सक्रिय जारी रहेगी बारिश

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विदर्भ और आसपास एक लो प्रेशर एरिया है, जो अब कमजोर हो गया है। यह विदर्भ और उत्तर मध्य महाराष्ट्र तक सक्रिय है। इससे जुड़ा एक सकुर्लेशन भी है। यह सोमवार तक लो प्रेशर एरिया में बदलेगा। यह 29 से 30 सितंबर के बीच उत्तरी मध्य महाराष्ट्र, दक्षिणी गुजरात और सौराष्ट्र की ओर बढ़कर एक अक्टूबर तक गुजरात और सौराष्ट्रतक पहुंच जाएगा।

वादे नहीं भूलते... तो पॉलिसी प्रीमियम क्यों भूलें?



एलआईसी ऑफ इंडिया प्रस्तुत कर रहा है स्पेशल रिवाइवल कैम्पेन लेट फ़ी में कन्सेशन के साथ.

अवधि 18/08/2025 से 17/10/2025

जल्दी! इस मौके को जाने न दें.
आपके बीमे की सुरक्षा को वापस हासिल करने और उसका लाभ लगातार लेते रहने का मौका.

| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
|---|---|---|
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू.
पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षों के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.
कृपया अपनी नजदीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़े रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफटी और पैन नंबर अपडेट करें.

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें:licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फॉलो करें: LIC India Forever | हमारा व्हॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

धोखेधड़ी वाले फोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम के निवेश, संविदा लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

## बिहार और उपचुनाव पर आयोग ने किया ऐलान

# 320 आईएएस अफसरों समेत 470 केंद्रीय पर्यवेक्षक करेंगे निगरानी

*इनमें आईपीएस के 60 अधिकारी और भारतीय राजस्व सेवा के 90 अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, आईआरएएस, आईसीएएस जैसी सेवाओं से अधिकारी इसमें शामिल हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक (सामान्य, पुलिस और व्यय) तैनात करने का फैसला लिया है। आयोग ने विभिन्न राज्यों में सेवाएं दे रहे कुल 470 अधिकारियों को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 320 अधिकारी, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 60 अधिकारी और भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 90 अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, आईआरएएस, आईसीएएस जैसी सेवाओं से अधिकारी इसमें शामिल हैं। ये सभी अधिकारी बिहार में होने वाले विधानसभा आम चुनाव और जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड, तेलंगाना, पंजाब, मिजोरम और ओडिशा में होने वाले उपचुनावों के लिए नियुक्त किए जा रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान झारखंड, तेलंगाना और ओडिशा में होंगे उप चुनाव



### पर्यवेक्षक आयोग के आंख और कान

पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण और गंभीर जिम्मेदारी निभाते हैं कि चुनाव निष्पक्ष, तटस्थ और विश्वसनीय हों, जो हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है। वे आयोग की आंख और कान होते हैं और समय-समय पर रिपोर्ट देते रहते हैं। पर्यवेक्षक आयोग को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनाव कराने में मदद करते हैं और साथ ही मतदाताओं की जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने में योगदान देते हैं। पर्यवेक्षकों का मुख्य उद्देश्य उन क्षेत्रों की पहचान कर ठोस सुझाव देना है। व्यय पर्यवेक्षक उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की निगरानी करते हैं।

### चुनाव की करेंगे समीक्षा

चुनाव आयोग ने एक प्रेस नोट में बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों (सामान्य, पुलिस और व्यय) की तैनाती होगी। आयोग प्रदत्त शक्तियों के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त करता है। पर्यवेक्षक नियुक्ति से लेकर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक आयोग की देखरेख, नियंत्रण और अनुशासन में कार्य करते हैं।

### इन राज्यों में चुनाव के लिए तैनात होंगे पर्यवेक्षक

आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और जम्मू-कश्मीर (बडगाम एवं नगरोटा), राजस्थान (अन्ता), झारखंड (घाटसिला), तेलंगाना (जुबली हिल्स), पंजाब (तारण-तारन), मिजोरम (डम्पा) और ओडिशा (नुआपाड़ा) में होने वाले उपचुनावों के लिए विभिन्न राज्यों में तैनात करने का निर्णय लिया है।

### *मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश 4-5 को बिहार में चुनावी तैयारियों की करेंगे समीक्षा*

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए 4 और 5 अक्टूबर को बिहार का दौरा करेंगे।



अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह उच्च स्तरीय दौरा राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आधारित अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के कुछ ही दिनों बाद होगा, जिसे 30 सितंबर को जारी किया जाना है। ईसी की टीम आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेगी।

### 4 चरणों में चुनाव कराने की खबर


उल्लेखनीय है कि पिछले रुझानों के आधार पर चुनाव आयोग की ओर से तीन से चार चरणों में चुनाव कराने की उम्मीद है। आगामी त्योहारी सीजन के कारण चुनौती और भी बढ़ गई है क्योंकि उसी दौरान दिवाली और छठ भी हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए चुनाव आयोग सतर्क नजर आ रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### हरियाणा की जेल से भागा कैदी


**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला स्थित अंबाला सेंट्रल जेल से एक विचाराधीन कैदी भाग गया है।



पुलिस ने बताया कि तलाश शुरू कर दी गई है। जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट राजीव कुमार ने कैदी के फरार होने के बाद बलदेव नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसकी पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है।

### दिल्ली भाजपा को आज मिलेगा प्रदेश कार्यालय

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के पावन अवसर पर दिल्ली भाजपा को नया प्रदेश कार्यालय मिलेगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित इस नव निर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। यह दिन भाजपा के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि पहली बार पार्टी को दिल्ली में अपना स्थायी और भव्य कार्यालय मिल रहा है।

### मुंबई में फायरिंग, कनपटी के नीचे मारी गोली


**मुंबई।** यहां के पठानवाड़ी इलाके में रविवार को गोलीबारी की घटना सामने आई। कुरार पुलिस स्टेशन



की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। यह फायरिंग अब्बू तलहा अव्वल बेग उर्फ तला शेट पर की गई। गोली उनके गर्दन के नीचे यानी कनपटी के पास लगी, जिसके बाद उन्हें जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लखीमपुर में बस से भिड़ी वैन, 5 की मौत

**लखीमपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से अनुबंधित बस की ओयल चौकी क्षेत्र में



रविवार सुबह वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बच्चे सहित 5 लोगों की मौत हो गई। तीन बच्चों सहित 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। डीएम, एसपी और एसडीएम ने जानकारी ली।

---

## प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में की नारी शक्ति की प्रशंसा

# बिजनेस, स्पोर्ट्स और एजुकेशन से लेकर साइंस में देश की बेटियां लहरा रहीं परचम

मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया, इस दौरान अन्य कई बिंदुओं पर भी दिया संबोधन, गौरव का गान किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कर्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया। अपने संबोधन में बेटियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। बिजनेस ,स्पोर्ट्सऔर एजुकेशन से लेकर साइंस तक आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए, देश की बेटियां हर जगह अपना झंडा गाड़ रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी शक्ति का उत्सव मनाते हैं। आज वे ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है। इस दौरान पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना के दो अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा से भी बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना के इन दो बहादुर अधिकारियों ने नाविक सागर परिक्रमा के दौरान साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया है।

### 'मन की बात' कर्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया




### 11 साल में खादी का आकर्षण बढ़ा

खादी के प्रति लोगों के बढ़ते आकर्षण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि 2 अक्टूबर को कोई न कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें। उन्होंने आगे कहा कि गर्व से कहें -ये स्वदेशी हैं। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और गांधी जी हमेशा स्वदेशी अपनाने पर जोर देते थे और खादी उनमें सबसे पहले थी। इसे वोकल फॉर लोकल के साथ सोशल मीडिया पर भी शेयर करें।

### 'छठ' को ग्लोबल फेस्टिवल बताया

पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए देशवासियों के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं की गहरी बातें साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से छठ पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसे उन्होंने भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक जीवंत प्रतीक बताया। पीएम मोदी ने कहा कि यह पर्व न केवल देश के विभिन्न हिस्सों में उत्साह के साथ मनाया जाता है, बल्कि अब यह वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार भारत की संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। छठ पूजा एक ऐसा पावन पर्व है, जो दिवाली के बाद आता है। सूर्यदेव को समर्पित यह महापर्व बहुत ही विशेष है। इसमें हम डूबते सूर्य को भी अर्घ्य देते हैं, उनकी आराधना करते हैं। छठ पूजा को न सिर्फ देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाया जाता है, बल्कि दुनिया भर में छटा देखने को मिलती है। आज ये एक ग्लोबल फेस्टिवल बन रहा है।

### सावरकर जैसी महान विभूतियों से प्रेरित थीं लता दीदी

उन्होंने कहा कि साथियो, आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वह सबकुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन गीतों ने लोगों को बहुत प्रेरित किया। भारत की संस्कृति से भी उनका गहरा जुड़ाव था। मैं लता दीदी के लिए हृदय से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करता हूं। साथियों, लता दीदी जिन महान विभूतियों से प्रेरित थीं, उनमें वीर सावरकर भी एक थे। जिन्हें वह तात्या कहती थीं। उन्होंने वीर सावरकर के कई गीतों को अपने सुरों में पिरोया। लता दीदी से मेरा स्नेह का जो बंधन था, वह हमेशा कायम रहा। वह मुझे बिना बोले हर साल राखी भेजा करती थीं। मुझे याद है मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले मेरा परिचय लता दीदी से कराया था। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपके द्वारा गाया और सुधीर जी द्वारा संगीतबद्ध गीत 'ज्योति कलश छलके' बहुत पसंद है।

### स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर, लता को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से कहा कि मन की बात में आप सभी से जुड़ना, आप सभी से सीखना, देश के लोगों की उपलब्धियों के बारे में जानना, वाकई मुझे बहुत सुखद अनुभव देता है। उन्होंने कहा कि आज के दिन के साथ कुछ विशेषताएं भी जुड़ी हैं। आज भारत की दो महान विभूतियों की जयंती है। मैं बात कर रहा हूं शहीद भगत सिंह और लता दीदी की। साथियों, अमर शहीद भगत सिंह हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा पुंज हैं। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूटकर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मेरे और मेरे साथियों से युद्धबंदियों से जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मारकर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। भगत सिंह लोगों की पीड़ा के प्रति भी बहुत संवेदनशील थे और उनकी मदद में हमेशा आगे रहते थे। मैं शहीद भगत सिंह को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

---

## चोरों की हो रही थी धर-पकड़

# नूंह में पुलिस टीम पर ही अवैध राइफल्स से अंधाधुंध फायरिंग

» पुलिस ने 14 आरोपियों को किया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह में पुलिस टीम पर आरोपियों की समर्थक भीड़ द्वारा हमले की खबर है। पुलिस टीम यहां चोरों को पकड़ने गई थी लेकिन पुलिस टीम पर ही अवैध हथियारों से हमला कर दिया गया। इसके चलते कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि बाद में पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की और मामले पर काबू पाया। पुलिस टीम पर पथराव का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके चलते पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपियों और उनके समर्थकों ने पहले पत्थरबाजी की और फिर अवैध हथियारों से जमकर फायरिंग की। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। उन पर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी ने लोगों को उकसाया था।

### गाड़ी चोरी से जुड़ा है मामला

दरअसल ये माममला पंजाब से चोरी हुई गाड़ियों और साइबर फ्रॉड का है, जिसके तहत शनिवार को पुन्हाना और तावडू क्राइम ब्रांच की टीमें इंदाना गांव में कार चोरी के आरोपियों को दबोचने गई थी। आरोप यह है कि पुलिस पर फायरिंग के बाद आरोपी आजाद मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी पिस्टल वहीं गिर गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

### आरोपी ने भीड़ को उकसाया और फिर पत्थरबाजी शुरू

आरोप यह भी है कि आजाद ने शोर मचाकर ग्रामीण लोगों को उकसाया। इसके बाद जमा हुई भारी भीड़ ने वालों को उकसाया। देखते ही देखते दर्जनों महिलाएं और पुरुष इकट्ठा हो गए और पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया।

### » पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक, घटना के दौरान फायरिंग भी हुई, जिसके बाद पुन्हाना, बिछौर, पिनगवां व अन्य थानों से भारी फोर्स पहुंची और इस मामले में 3 महिलाओं समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिछौर थाना प्रभारी जसवीर ने बताया कि पुलिस पूरी घटना पर एक्शन ले रही है और केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

## एलपीजी की कीमतें परिवर्तित होंगी

# 'पीयर टू पीयर' ट्रांजैक्शन को हटाने की संभावना, पेंशन की प्रक्रिया भी बदलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार से नए महीने की शुरुआत होने जा रही है। 1 अक्टूबर से कई ऐसे नियम हैं, जिसमें बदलाव होने जा रहे हैं। हर महीने की शुरुआत होने के साथ ही कई नियमों में बदलाव होते हैं, जिसका सीधा असर लोगों के जेबों पर देखने को मिलता है। नए महीने की शुरुआत के साथ एलपीजी की कीमतों में बदलाव देखने को मिल सकता है।

### अगले माह से बदलेंगे कई नियम, जेब पर डालेंगे असर



### रेल टिकट बुकिंग में कई बदलाव

रेलवे भी अपने कई नियमों में बदलाव करने जा रहा है। अब अगले महीने से रिजर्वेशन खुलने के बाद पहले 15 मिनट में सिर्फ वे ऑनलाइन टिकट बुक कर पाएंगे, जिनका आधार वेरिफिकेशन हो चुका है।

### पेंशन से जुड़े नियम भी बदलेंगे




पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ने सीआरए की ओर से वसूले जाने वाले फीस अब बदलाव कर दिया है। नया नियम लागू होने के बाद सरकारी कर्मचारियों के लिए अब नया प्राण खोलने पर ई- प्राण किट के लिए 18 रुपए और एनपीएस लाइट सब्सक्राइबर्स के लिए भी फीस स्ट्रक्चर आसान कर दिया है।

### यूपीआई से जुड़े पेमेंट में भी होंगे बदलाव

नए माह से यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस या यूपीआई यूजर्स के लिए भी बड़े बदलाव हो रहे हैं। अब पीयर टू पीयर ट्रांजैक्शन को हटाया जा सकता है। यूजर्स सिक्योरिटी को मजबूत कर फाइनेंशियल फ्रॉड रोकने के उद्देश्य से इस फीचल को फोनपे, गुगल पे और पेटीएम जैसे यूपीआई प्लेटफॉर्म से हटाया जा रहा है।

---

## बाड़ में छिपा कर रखे होने की मिली थी सूचना

# जींद में पुलिस की छापामारी, 16 किलो अवैध बम और पटाखे किए बरामद

### पुलिस की भनक लगते ही आरोपी दीपक फरार

एजेंसी ▶▶ जींद

रधाना गांव में छापामारी कर पुलिस ने 116 किलो अवैध बम और पटाखे बरामद किए हैं। एवीटी स्टाफ इंचार्ज कमल सिंह ने बताया कि एसपी कुलदीप सिंह ने त्योहारों के सीजन में अवैध बम, पटाखे व ज्वलनशील पदार्थों की धरपकड़ को लेकर निर्देश दिए हुए हैं। प्रधान सिपाही जितेंद्र के नेतृत्व में रधाना अड्डे पर मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि रधाना गांव का दीपक दशहरा व दीवाली के त्योहार पर अवैध रूप से बम और पटाखे लाकर मोटा मुनाफा कमाने के लिए अपने चाचा राजेश के बाड़ में छिपा कर रखे हुए है। जिस पर टीम ने राजेश के बाड़े पर दबिश दी, तो पुलिस को देख कर दीपक फरार हो गया।

### पेटियों में क्रेकर बम, पटाखे भी मिले



बाड़े की तलाशी लेने पर वहां काफी पेटियों में क्रैकर बम, पटाखे बरामद हुए। जिनका वजन करने पर 116.100 किलोग्राम हुआ। बरामद बम व पटाखों के बारे में पूछताछ पर दीपक व उसका कोई स्वजन परमिट, लाइसेंस पेश नहीं कर सका। जिस पर सदर थाना पुलिस ने दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यहां पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित

जिले में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध है। दिवाली के मौके पर पटाखों की आतिशबाजी व पराली के धुएं से प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते प्रशासन पटाखों की बिक्री और फसल अवशेष जलाने वालों पर सख्ती बरत रहा है।

---

## होटल के कमरा नंबर 101 में छिपा था चैतन्यानंद

## आगरा से गिरफ्तार किया

# पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा तो बोला- बाहर आऊंगा तो बताऊंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को रविवार को पटियाला हाउस कोर्ट में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां पुलिस ने आरोपी की पांच दिन कस्टडी रिमांड की मांग की। जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए पांच दिन की रिमांड को मंजूरी दे दी है।कोर्ट में अंदर जाने के दौरान आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती से मीडिया ने आरोपों पर सवाल किया। इन दौरान उसने आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि जब बाहर आऊंगा तो बताऊंगा।

### आठ करोड़ रुपए की संपत्ति 'फ्रीज'

छात्राओं से यौन शोषण के आरोपी चैतन्यानंद को रविवार सुबह आगरा से गिरफ्तार किया गया था, दिल्ली पुलिस की एक टीम को चैतन्यानंद के आगरा में होने का पता चला था, जहां वह एक होटल में ठहरा हुआ था।



इससे पहले पुलिस ने उसकी आठ करोड़ रुपए की संपत्ति 'फ्रीज' कर दी थी। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद वह चार अगस्त को दिल्ली से फरार हो गया था। आगरा के होटल कर्मचारियों के अनुसार चैतन्यानंद सरस्वती ने 27 सितंबर को शाम करीब चार बजे 'पार्थ सारथी' नाम से होटल में प्रवेश लिया और उसे कमरा नंबर 101 दिया गया था।

---

## मुंबई समेत कई जिलों में भारी बारिश से बढ़ी परेशानी

# ठाणे में एक शख्स बहा, पूरे शहर में भर गया पानी

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के कई जिलों में रविवार सुबह से भारी बारिश हो रही है। आईएमडी ने ठाणे, पालघर, मुंबई और रायगड में बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है। मुंबई में अंधेरी सबवे पर यातायात बंद कर दिया गया है। वहीं, मुंबई से सटे ठाणे में भारी बारिश के चलते उल्हास नदी में एक व्यक्ति बह गया, पिछले 24 घंटों में ठाणे में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई है। पड़ोसी पालघर जिले में भी भारी बारिश के कारण कई जगह पानी भर गया।

आईएमडी का रेड अलर्ट

### पिछले 24 घंटों में ठाणे में 100 मिमी से अधिक बारिश

### एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की



मुंबई में भारी बारिश के चलते एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइंस ने कहा कि लगातार और तेज बारिश के कारण मुंबई से आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर असर पड़ सकता है। यात्रियों से अनुरोध है कि एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट स्टेटस जरूर चेक कर लें। बारिश के चलते धीमी ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए घर से अतिरिक्त समय लेकर निकालें। एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के कर्मचारी मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### शनिवार को बाढ़ में कई पेड़ गिरे

'रेड अलर्ट' को देखते हुए ठाणे और पालघर जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। ठाणे नगर निगम की आपदा प्रबंधन टीम के प्रमुख यासिन तड़वी ने बताया कि शनिवार सुबह से ही बाढ़ और पेड़ गिरने की कई घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं।

### राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने 6 टीमों को तैनात किया

आईएमडी की ओर से भारी बारिश का अलर्ट और महाराष्ट्र के कुछ जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति के मद्देनजर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने 06 टीमों को तैनात किया है। इसमें सोलापुर में 2 टीमें, धरणशिव में 2 टीमें, बीड़ में एक टीम, लातूर में एक टीम शामिल है। इसके अलावा, पुणे, मुंबई, ठाणे और नागपुर में स्थित एनडीआरएफ टीमों को हाईअलर्ट पर रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तुरंत तैनात होकर प्रशासन की मदद कर सकें। एनडीआरएफ के कमांडेंट संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि ये तैनाती आपात स्थिति में क्विक रेस्पॉन्स, ऑपरेशनल तत्परता और प्रभावित जनसंख्या के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

# वांगचुक की पत्नी ने पाकिस्तान कनेक्शन को किया खारिज, बोलीं-हिंसा के लिए सीआरपीएफ जिम्मेदार

### ग्लेशियर के पानी में भारत या पाकिस्तान नहीं देखता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जेल में बंद सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने पति पर पाकिस्तान से जुड़े होने के आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी से रविवार को कहा कि वांगचुक ने हमेशा गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया है और 4 सितंबर की हिंसा के लिए सीआरपीएफ जिम्मेदार हैं। अंगमो ने स्पष्ट किया कि उनके पति की पाकिस्तान की यात्राएं जलवायु परिवर्तन से जुड़ी थीं। हम संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित सम्मेलन में गए थे।

हिमालय के ग्लेशियर के पानी में हम भारत या पाकिस्तान नहीं देखते। गीतांजलि अंगमो हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव लर्निंग (एचआईएएल) की सह-संस्थापक हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने पति से संपर्क नहीं कर पाई हैं। गिरफ्तारी का आदेश अभी तक नहीं मिला है और वे कानूनी कार्रवाई करेंगी। पुलिस प्रमुख द्वारा लगाए गए पाकिस्तान कनेक्शन के आरोपों पर भी अंगमो ने प्रतिक्रिया दी।

### *अंगमो ने कहा- गिरफ्तारी का आदेश नहीं मिला, कार्रवाई करेंगे*



फाइल फोटो

### एनएसए लगाना ही दुर्भाग्यपूर्ण

वांगचुक की गिरफ़्तारी को लेकर गीतांजलि ने कहा कि उन्हें हिरासत में लेने के बाद भी ना तो उन्हें वांगचुक से बात करने दी गई, ना ही कोई आधिकारिक दस्तावेज दिखाए गए। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लगाए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, वह कोई सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा नहीं हैं, बल्कि एक शांतिप्रिय, गांधीवादी आंदोलनकारी हैं। सोनम वांगचुक की गिरफ़्तारी और उन पर लगे आरोप अब केवल कानून या प्रशासन का मामला नहीं रहे, बल्कि यह सवाल बन गए हैं कि क्या असहमति की आवाज़ को दबाने की कोशिश की जा रही है? गीतांजलि अंगमो की बेबाक बातों से यह साफ है कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, पूरे लद्दाख की लोकतांत्रिक मांगों की लड़ाई है।

### भाजपा और संघ के निशाने पर है लद्दाख की संस्कृतिः राहुल गांधी



लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि लद्दाख के अद्भुत लोग, उनकी संस्कृति और परंपराएं भाजपा और आरएसएस के हमले की चपेट में हैं। लद्दाख के लोगों ने अपनी आवाज उठाई। भाजपा ने जवाब में गोली चलवाई और सोनम वांगचुक को जेल में डाल दिया। हत्या बंद करो, हिंसा बंद करो, डराना-धमकाना बंद करो। उन्होंने आगे कहा, लद्दाख को आवाज दो। उन्हें छठी अनुसूची में शामिल किया जाए। उनकी यह टिप्पणी पिछले दिनों लेह में हुई हिंसा के बाद आई है।

### पाकिस्तान में की थी पीएम मोदी की तारीफ

*उन्होंने बताया कि फरवरी में पाकिस्तान में आयोजित ब्रीथ पाकिस्तान सम्मेलन में उनकी और वांगचुक की उपस्थिति एक जलवायु परिवर्तन विषयक यूएन सम्मेलन के तहत थी, जिसमें उन्होंने भारत और प्रधानमंत्री मोदी की भी तारीफ की थी। उनका कहना है कि वांगचुक के सभी विदेशी दौरे प्रतिष्ठित संस्थानों के निमंत्रण पर आधारित रहे हैं, और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों से उनका कोई संबंध नहीं रहा है। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए ना सिर्फ़ सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, बल्कि उनके पति पर लगे देशद्रोह और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को भी सिरे से खारिज किया है। बता दें कि गीतांजलि अंगमो के अनुसार, 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा की शुरुआत प्रदर्शनकारियों ने नहीं, बल्कि सीआरपीएफ की ओर से हुई थी, जिन्होंने प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर आंसू गैस के गोले दागे। इसके जवाब में कुछ प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया और स्थिति बेकाबू हो गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। उनका कहना है कि सोनम वांगचुक इस गैर-शांतिपूर्ण योजना से अनजान थे और प्रदर्शन के शांतिपूर्ण स्वरूप को लेकर प्रतिबद्ध थे।*

---

**अब विदेश से यूरेनियम का खनन करेगा भारत?**

# खदानों की सटीक पहचान के लिए सलाहकार नियुक्त होंगे

### सलाहकार कई देशों में यूरेनियम खदानों के संभावित स्थानों की पहचान करेंगे




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी यूरेनियम की सप्लाई सुनिश्चित करने के कदम उठा रही है। इसके तहत कंपनी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करेगी। यह कदम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया जाएगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला एनटीपीसी के भविष्य के स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को कच्चा माल उपलब्ध कराने की योजना का हिस्सा है। कंपनी का फोकस न सिर्फ थर्मल और सोलर ऊर्जा पर है, बल्कि वह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है।

### जल्द होंगे समझौते पर हस्ताक्षर

*हम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं। यह समझौता विदेशी यूरेनियम खदानों की टेक्नो-कमर्शियल जांच के लिए होगा। बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। यह सलाहकार कई देशों में यूरेनियम खदानों के संभावित स्थानों की पहचान करेगा और फिर एनटीपीसी यह तय करेगी कि किन खदानों में निवेश करना है। मूल्यांकन के दौरान भंडार की मात्रा, लॉजिस्टिक लागत, और अन्य कारकों को ध्यान में रखा जाएगा। इससे एनटीपीसी को भविष्य में यूरेनियम की स्थायी सप्लाई सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। फ*

### एनटीपीसी की होगी 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी

*इस प्रोजेक्ट में एनटीपीसी की 49% हिस्सेदारी होगी, जबकि एनपीसीआईएल की 51% हिस्सेदारी रहेगी। इस प्रोजेक्ट का कुल निवेश लगभग 42000 करोड़ रुपए है। इसका नाम माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट (एमबीआरएपीपी) रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बांसवाड़ा में इस परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना अनुषक्ति विद्युत निगम लिमिटेड नाम के संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के जरिए स्थापित की जा रही है।*

### क्यों जरूरी है यूरेनियम?

यूरेनियम एक प्राकृतिक धात्विक तत्व है, जो परमाणु बिजलीघरों में ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है। यह परमाणु ऊर्जा उत्पादन का सबसे महत्वपूर्ण कच्चा माल है। विश्वसनीय यूरेनियम सप्लाई के बिना परमाणु बिजलीघर लंबे समय तक सुचारु रूप से नहीं चल सकते।

---

**अमेरिका को खटक रही दोनों देशों की पुरानी 'यारी'**

# रूस ने दिखाया अमेरिका को आईनाः यूएनजीए में दिखी भारत और रूस की दोस्ती की झलक

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

रूस और भारत की दोस्ती अमेरिका को खूब खटक रही है। यही कारण है कि रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका भारत के ऊपर मनमाना टैरिफ लगा रहा है। हालांकि, रूस और भारत ने एक बात साफ कर दिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए, रूस और भारत की दोस्ती अडिग है। उइसका ताजा उदाहरण संयुक्त राष्ट्र महासभा ( यूएनजीए) में देखने को मिला, जब न केवल भारत ने बिना नाम लिए अमेरिका के दोहरे मापदंड के लिए उसे घेरा, बल्कि रूस ने भी भारत का समर्थन किया।

दरअसल, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत-रूस के रिश्ते और तेल व्यापार को लेकर कहा कि हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए जो विदेश नीति अपना रहे हैं, हम उसका पूरा सम्मान करते हैं। हमारे बीच बड़े स्तर पर नियमित संपर्क बना रहता है।

### दोनों देशों के विदेश मंत्री एक-दूसरे के देश की करेंगे यात्रा

### रूस ने भारत को बताया स्वाभिमान वाला



### अमेरिका के आगे नहीं झुका भारत


अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया, बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा। लावरोव ने कहा, मैं तो भारतीय सहयोगियों से यह सवाल नहीं करता, क्योंकि वह फैसले खुद लेने में पूरी तरह से सक्षम हैं। वहीं भारत ने भी इस बात को साफ कर दिया है कि अपने विकास और फायदे के लिए किसी दूसरे देश की शर्तों पर नहीं चलेगा। अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया। बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा।

### यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका को घेरा



*यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका के दोहरे मापदंडों को लेकर घेरा। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अब हम टैरिफ में अस्थिरता और बाजार में अनिश्चितता देख रहे हैं। उन्होंने यूएनजीए में अमेरिका का नाम लिए बिना उसके "दोहरे मानदंडों" का भी जिक्र किया।*

### दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे पुतिन



*संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत-रूस संबंधों को मजबूती प्रदान करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा की योजना बनाई जा रही है। लावरोव ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच भारत की स्वतंत्र नीतियों की सराहना की और द्विपक्षीय एजेंडे को व्यापक बताया, जिसमें व्यापार, सैन्य सहयोग, एआई और ब्रिक्स जैसे मंचों पर समन्वय शामिल है। रूसी विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की योजना दिसंबर में बनाई जा रही है। ये यात्रा दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन की अगली कड़ी हो सकती है। यह उच्च स्तरीय दौरा दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा देगा और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। ये यात्रा यूक्रेन संकट के बाद पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी जो दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को नई गति देगी।*

### लावरोव ने कहा- भारत और रूस के सबंध काफी पुराने

लावरोव ने कहा, भारत और अमेरिका या भारत और अन्य किसी देश के बीच जो स्थिति उत्पन्न होती हैं, मैं उन्हें रूस और भारत के रिश्तों का मानदंड नहीं मानता हूं। हमारे बीच लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है, फिर एक समय आया जब हमारे भारतीय मित्रों ने इस शब्द को पूरक बनाने का प्रस्ताव रखा और अब हम इसे विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी कहते हैं। उन्होंने कहा कि इस साल भारत के विदेश मंत्री और मेरे सहयोगी एस जयशंकर रूस का दौरा करेंगे और मैं भारत का दौरा करूंगा। हमारे बीच नियमित रूप से विचारों का आदान-प्रदान होता है। मैं यह भी नहीं पूछ रहा कि हमारे व्यापारिक संबंधों या तेल का क्या होगा?

---

## खबर संक्षेप

### एयरपोर्ट, स्कूल और अस्पतालों को धमकी



**नई दिल्ली।** राजधानी एक बार फिर सुरक्षा के हाई अलर्ट पर है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, विभिन्न स्कूलों और कई प्रमुख संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी भरी ईमेल मिले हैं। ये धमकियां रविवार की सुबह मिलीं। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि, प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां पूरे सतर्क मोड में हैं। सूत्रों के अनुसार, धमकियां एक अज्ञात ईमेल आईडी से भेजी गई हैं।

**लगातार माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे आतंकी**

# घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मौके पर ही किया ढेर

एजेंसी ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, शव एलओसी के बहुत करीब पड़े देखे गए।

सीमा पार से गोलीबारी के खतरे को देखते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें निकालने का अभियान जारी है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पिछले 8 दिनों में सेना और आतंकवादियों के बीच यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले 20 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया था। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए थे। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हुई थी।



### घुसपैठ की ताक पर बैठे हैं आतंकी

वहीं बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्च पैड्स पर कश्मीर घाटी में घुसपैठ करने की ताक में बैठे हैं। सुरक्षाबल सतर्क हैं और ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए तैयार हैं। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के आईजी अशोक यादव ने पत्रकारों से कहा कि सर्दियों के शुरू होने से पहले घाटी में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशें बढ़ जाती हैं।

### इजराइल हटेगा, हमास को छोड़ने होंगे हथियार

**वॉशिंगटन।** गाजा में चल रहे युद्ध को खत्म करने और भविष्य में फलस्तीनी राज्य का रास्ता बनाने के लिए अमेरिका ने 21 सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है। इस योजना के तहत इजराइल को गाजा से अपनी सेना हटानी होगी और हमास को पूरी तरह से निरस्त्र होना पड़ेगा। इसके साथ ही सभी बंधकों की रिहाई, गाजा के पुनर्निर्माण और वहां के निवासियों को विस्थापित न करने जैसी अहम बातें शामिल हैं। उधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 7 अक्तूबर के हमले के बाद येरुशलम से एक मील दूर फलस्तीनी राज्य बनाना वैसा ही है जैसे 9/11 के बाद न्यूयॉर्क से एक मील दूर अल-कायदा का राज्य बना देना।

---

**रूस ने आश्चर्यचकित करने वाला दुनिया का पहला शोध किया, मिली कामयाबी**

# अब दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए गायों के दिमाग में लगाई जा सकती है चिप!

### रूस की टेक्नोलॉजी स्टार्टअप कंपनी नीरी को मिली कामयाबी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रूस में वैज्ञानिकों ने बेहद अनोखा प्रयोग करते हुए गायों के दिमाग में न्यूरो इंप्लांट चिप लगाकर दूध उत्पादन बढ़ाने की कोशिश की है। ये काम रूस की टेक्नोलॉजी स्टार्टअप नीरी ने किया है। जब दूध बढ़ाने के सारे पुराने तरीके फेल हो गए, तब यह अनोखी तकनीक अपनाई गई।

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि ये इंप्लांट गायों की भूख और प्रजनन शक्ति को बढ़ाकर दूध का उत्पादन काफी बढ़ा देंगे। नीरी ने अप्रैल में इस प्रयोग की शुरूआत की थी और पिछले महीने पांच गायों पर सर्जरी की गई। इसमें गायों के सिर के पिछले हिस्से में एक विशेष स्टिम्युलेटर लगाया गया और इलेक्ट्रोड्स को दिमाग के अंदर तक पहुंचाया गया।

### गायों के दिमाग में न्यूरो-इम्प्लांट लगाकर दूध उत्पादन बढ़ा सकते हैं



**तनाव कम करती है चिप**

इन उपकरणों के जरिए वैज्ञानिक भूख, तनाव और प्रजनन क्षमता नियंत्रित करने वाले हिस्सों को इलेक्ट्रिक इम्पल्स से उत्तेजित किया जिससे दूध उत्पादन में बढ़ोतरी हुई। नीरी के निवेशकों का मानना है कि डेयरी फार्मिंग में दूध उत्पादन बढ़ाने के लगभग सभी पारंपरिक तरीके इस्तेमाल किए जा चुके हैं। ऐसे में दिमाग को इलेक्ट्रिक इम्पल्स से उत्तेजित करने जैसा नया उपाय इंडस्ट्री में क्रांति ला सकता है।

### ऐसे काम करता है न्यूरो-इम्प्लांट?

वैज्ञानिक फिलहाल अलग-अलग स्टिम्युलेशन प्रोग्राम पर रिसर्च कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी गाय की भूख कम हो जाती है तो सिस्टम तुरंत सही न्यूरो-मॉड्यूलेशन मोड चुन लेता है जिससे भूख फिर सामान्य हो सके। कंपनी का कहना है कि उन्हें अभी तकनीक में और सुधार करना है ताकि इसे जल्द ही व्यावसायिक तौर पर उपलब्ध किया जा सके।

### शुरुआती नतीजे उत्साहजनक

*पहला परीक्षण रूस के स्वर्दलोव्स्क क्षेत्र में किया गया। रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती की रिपोर्ट के मुताबिक, नीरी के एक्सपर्ट्स ने पांच गायों में सफलतापूर्वक न्यूरो-इंप्लांट लगाए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इंप्लांटेशन के दौरान गायें पूरी तरह से होश में थीं। सर्जरी के बाद उन्हें कोई बड़ी परेशानी नहीं हुई और वे तुरंत अपने दूध देने के काम पर लौट आईं। हालांकि कंपनी ने अभी तक यह आधिकारिक डेटा जारी नहीं किया है कि दूध के उत्पादन पर कितना असर पड़ा है। लेकिन नीरी का दावा है कि गायों का दूध देना पहले से बेहतर हुआ है।*



# जीएडी ने जारी की जिलावार ग्रेडिंग, रायसेन अव्वल, भोपाल 25वें नंबर पर


### रायसेन का कुल वेटेज स्कोर 85 फीसदी से ऊपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी 55 जिलों की ग्रेडिंग को दो समूहों में बांटकर जारी की है। पहले समूह में रायसेन जिला सबसे अव्वल स्थान पर आया है। यहां शिकायतों की संतुष्टि का स्तर सर्वाधिक रहा। रायसेन जिले का कुल वेटेज स्कोर 85 फ़ीसदी से ऊपर रहा। इस जिले की रेटिंग भी ए जारी की गई। दूसरे नंबर पर गुना और तीसरे पर सिंगरौली जिले की ग्रेडिंग आई है।

इन दोनों का स्कोर 84 फीसदी से ऊपर रहा। पहले समूह में सबसे फ़ीसड्डी भोपाल और मुरैना जिला रहा। उनकी रेटिंग भी रिकॉर्ड की गई है। दरअसल, जिलों की ग्रेडिंग के लिए उन जिलों में प्राप्त शिकायतों के आधार पर बनाया जाता है। उन शिकायतों के निराकरण के आधार पर जिलों की ग्रेडिंग की जाती है। कई ऐसे जिले हैं जहां भारी भरकम शिकायतें तो आई पर उसका निराकरण काफी निराशाजनक रहा। इसीतरह द्वितीय समूह में शाजापुर पहले स्थान पर जबकि पांढुर्णा और हरदा भी कमोबेश इस श्रेणी में दूसरे व तीसरे नंबर पर आए हैं।

**दूसरे नंबर पर गुना और तीसरे पर सिंगरौली जिले की ग्रेडिंग आई**




द्वितीय समूह में सबसे निम्न स्तर पर झाबुआ व धार जिले की रेटिंग रही। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से जारी जिलों की ग्रेडिंग में कई जिलों का परफॉर्मेंस काफी खराब रहा।

## चार महानगरों में से ग्वालियर का परफारमेंस सबसे खराब

ग्वालियर में अगस्त महीने में कुल 17,900 शिकायत आई। इसमें से 46 फीसदी शिकायतों का ही निराकरण किया जा सका। जिलों की ग्रेडिंग में ग्वालियर 21 वें स्थान पर आया है। भोपाल की स्थिति भी कमोवेश ग्वालियर जैसी ही है। भोपाल में कुल 16, 884 शिकायतें अगस्त महीने में आई। इनमें से महज 46 फ़ीसदी का ही निराकरण किया जा सका है। जीएडी ने भोपाल जिले को बी रेटिंग दी है। भोपाल जिले में 50 दिनों से अधिक की 11 फ़ीसदी शिकायतों का निराकरण नहीं किया गया। पहले समूह में मुरैना सबसे नीचे 28 वें स्थान पर रहा है। इस जिले की रेटिंग की पाई गई। यहां पर 14,600 शिकायतें आई, जिसमें से 46 फ़ीसदी शिकायतों का ही निराकरण किया गया। बाकी शिकायतें अभी जस की तस पड़ी हुई है। इसीतरह पहले समूह में नीचे से दूसरे नंबर पर मुरैना का संतुष्टि का स्तर महज 10 फीसदी ही रहा। भोपाल व मुरैना दोनों जिले प्रथम समूह में सबसे नीचे पायदान पर आए हैं। जबकि उज्जैन, सीहोर, छतरपुर आदि जिले राजधानी भोपाल से काफी ऊपर रहे।

### दूसरे समूह में शाजापुर सबसे अव्वल आया

द्वितीय समूह में शाजापुर जिला सबसे उच्च स्थान पर आया है। यहां कुल 4700 शिकायतें मिली। इनमें से 51 फ़ीसदी का निराकरण 60 फीसदी संतुष्टि के साथ किया गया। कुल रिटिंग स्कोर भी 50 से फीसदी रहा। इसके बाद पांढुर्णा, हरदा, दतिया, मंडला, बड़वानी, नीमच, बालाघाट, अशोकनगर, खरगोन, बैतूल आदि जिले रहे। दूसरे समूह में सबसे निचले पायदान पर धार की ग्रेडिंग रही। यहां 5400 शिकायतों में से महज 43 फीसदी का ही निराकरण हो पाया। उनकी संतुष्टि का स्तर महज 9 फिसदी रही। धार की रेटिंग भी 43 फीसदी आई। धार से ऊपर झाबुआ 26 वें स्थान पर रहा। झाबुआ की रेटिंग 45 फ़ीसदी रही। यहां को 1900 शिकायतों में से संतुष्टि का स्तर 11 फीसदी पाई गई। बड़े जिलों में बैतूल, खंडवा जैसे जिलों की स्थिति भी संतोषजनक पाया गया। बैतूल में कुल 6200 शिकायतें आई। इसमें से आधे ही निपट पाए। बाकी जिलों की स्थिति भी कमोवेश इसी अनुसार रही।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति का संदेश दिया



**औबेदुल्लागंज।** एसडीओपी ऑफिस से एसडीओपी शीला सुराणा, टीआई भारत प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया। आगामी त्यौहार को हर्षोल्लास से मनाएं एवं माता बहनों का सम्मान करें, जिससे नगर में एकता, भाईचारा, प्रेम का वातावरण कायम रहे।

### पाण्डेय के निधन के बाद पत्नी प्रतिभा पाण्डेय ने स्किन डोनेशन किया

**भोपाल।** विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार स्किन का डोनेशन किया गया। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय अन्तर्गत संजय गांधी अस्पताल रीवा में पहली बार स्किन डोनेट किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मई माह में रीवा में स्किन बैंक के शुभारंभ अवसर पर लोगों से आह्वान किया था कि नागरिक अंगदान करने में आगे आएं। इसके तहत रीवा निवासी शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय के निधन बाद उनकी पत्नी प्रतिभा पाण्डेय जो महिला एवं बाल विकास विभाग में कटनी जिले की जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं, ने अपने स्वर्गीय पति की स्किन दान करने का निर्णय लिया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि स्वर्गीय शिवेन्द्र पाण्डेय के परिजनों ने अंगदान का जो प्रेरणादायक कार्य किया है।

### एमपी में बाघ के शिकारियों पर इंटरपोल ने जारी किए दो अलग-अलग नोटिस

**भोपाल।** भारत के वन्यजीव प्रवर्तन के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है, मध्य प्रदेश की स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स बाघ शिकार मामले में दो इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) हासिल करने वाली एशिया की पहली एजेंसी बन गई है। फ्रांस के लियोन स्थित इंटरपोल मुख्यालय ने अब अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर धारके लामा के खिलाफ आरसीएन जारी किया है, जो 2015 के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व शिकार और अवैध व्यापार मामले में दूसरा नोटिस है। इस मामले में पहला आरसीएन पहले ही फरार शिकार सरगना जय तमांग के खिलाफ जारी किया जा चुका है। मुख्य संदिग्ध लामा, बकाया वारंट के बावजूद वर्षों से गिरफ्तारी से बचता रहा।

### धीरे-धीरे राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रतिमाह कर देंगे, हर हाल में पूरा होगा संकल्प

# बहनों के कल्याण को लेकर धन की कोई बाधा नहीं, जल्द देंगे 1500 रुपए प्रतिमाह



185 करोड़ रुपए से अधिक के 65 विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

सेवा पखवाड़ा के तहत नरवर के महिला सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति का वैश्विक ही हमारी पहचान है। हम मातृ सत्तात्मक समाज व्यवस्था के संवाहक हैं। यह सिर्फ भारत देश ही है, जहां बच्चा-बच्चा देश को माता के रूप में पूजकर 'भारत माता की जय' कहता है। यह नारियों के प्रति हमारी आस्था, हमारे सम्मान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहनों के लिए हमारे खजाने में धन की कोई कमी नहीं है।

दीपावली की भाईदूज से लाड़ली बहनों को 1500 रुपए प्रतिमाह देंगे। हमारा संकल्प है कि धीरे-धीरे यह राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रतिमाह कर देंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को शिवपुरी जिले के नरवर में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित महिला सम्मेलन में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने 185 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले 65 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 48.90 करोड़ लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 136.67 करोड़ लागत के 52 से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिवपुरी जिले में किसानों को बाढ़ आपदा की राहत राशि के रूप में 10 करोड़ रुपए बांटे गए हैं। प्रदेश के हर अंचल में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। विकास की बात पर हमारी सरकार हर कदम पर नागरिकों के साथ है।

### राजा नल-दमयंती की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरवर में राजा नल-दमयंती की प्रतिमा का अनावरण भी किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने नरवर के पुराने किले में रोप-वे निर्माण करने एवं नरवर में नया आईटीआई खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने नरवर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन करने, नगर परिषद नरवर में गौशाला निर्माण एवं पुलिस चौकी बनाने और आवागमन की बेहतरी के लिए सिंध नदी पर एक नया सेतु बनाने की भी घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के किसानों को सोयाबीन उपार्जन के लिए शुक्रवार को ही भावांतर योजना की सौगात दी गई है। किसान भाई 10 से 25 अक्टूबर के बीच इस योजना में सोयाबीन बेचने के लिए अपना पंजीयन कराएं। किसानों को सोयाबीन का 5328 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य दिलाएंगे। हमारी सरकार अपने सभी वादों और संकल्पों को पूरा करते हुए विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रही है।

### मुख्यमंत्री को भेंट किए समूहों की दीदियों के बनाए गए उत्पाद डलिया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एयर टर्मिनल ग्वालियर में कलेक्टर रूचिका चौहान ने आजीविका मिशन की दीदियों की ओर से स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए। ऑर्गेनिक पेंट, पवित्र दीपक व शहद सहित अन्य उत्पाद की डलिया भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की शाम ट्रांजिट विजट पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुंचे थे। मुख्यमंत्री को इस डलिया के माध्यम से सौंपे गए पवित्र उत्पादों में ऑर्गेनिक पेंट विशेष था। यह पेंट ग्वालियर जिले के ग्राम करहिया के स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने गोबर सहित अन्य ऑर्गेनिक उत्पादों से तैयार किया है। यह पेंट न केवल पर्यावरण फ्रेंडली है अपितु अधिक टिकाऊ भी है। ग्वालियर में फूलबाग के सामने स्थित संभागीय ग्रामीण हाट बाजार में लगाए गए आजीविका फ्रेश मेला में भी स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने इन उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई थी, जिसमें इन उत्पादों को सैलानियों द्वारा खासा पसंद किया और खरीददारी भी की।

### छोटे शहरों में सुधरेगी नपा की रैंकिंग

## ननि का अमला बैरसिया नगर पालिका को करेगा चकाचक स्वच्छता रैंकिंग में जुड़ेंगे नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश में स्वच्छ शहरों की केटगरी में दूसरे पायदान पर आया भोपाल नगर निगम अब नजदीक स्थित बैरसिया नगर पालिका को चकाचक करेगा।

जिसके लिए स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के तहत एमओयू किया गया है। शनिवार को केंद्रीय शहरी मंत्री मनोहर लाल खट्टर और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच वीडियो कांफ्रेंस में तय किया गया है। अठारह वार्ड वाली नगर पालिका की सफाई पांच चरणों में की जाएगी। नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन का कहना है कि देश के सबसे स्वच्छ शहरों के शहर जोड़ी के तहत मेंटर और मेंटी शहरों के बीच मार्गदर्शन पीयर लर्निंग के लिए यह योजना शुरु की गई है। इस पहल के तहत नगर निगम भोपाल मेंटर (संरक्षक) के रूप में कचरा सेग्रीगेशन और परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता तक पहुंच, उपयोगित जल प्रबंधन और सफाई कर्मियों के लिए सुविधाएं जैसे आठ बिंदुओं पर मेंटी (प्रशिक्षु) नगर पालिका बैरसिया को सहयोग करेगा। इस पहल के तहत पांच चरणों पर आधारित कार्ययोजना भी तैयार की गई है। ऐसा करने से बैरसिया नगर पालिका में वेस्ट प्रेक्टिसेस, स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट प्रयासों, दर्शनीय स्वच्छता, पीयर लर्निंग व सहयोगात्मक कार्रवाई को संस्थागत रूप देते हुए मेंटर शहर के अनुभव से लाभ लेकर मेंटी शहर स्वच्छता में बेहतर सुधार करेंगे। जिसका मूल्यांकन स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में किया जाएगा।

## महिलाओं के साथ न हो भेदभाव श्रम विभाग ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि समस्त कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है। भर्ती प्रक्रिया में भी किसी प्रकार का लैंगिक भेदभाव ना किया जाए। इन नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी या श्रमिक की ओर से जिला श्रम कार्यालय, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, व्हाट्सएप नंबर 07552555582 या टोल फ्री नंबर 18002338888 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# आई लव मोहम्मद को लेकर एमपी पुलिस भी अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आई लव मोहम्मद को लेकर यूपी में हुए बवाल को लेकर एमपी पुलिस भी अलर्ट हो गई है। पुलिस मुख्यालय की इंटेलीजेंस शाखा और स्थानीय पुलिस पूरी तरह से चौकन्नी है। वहीं हर तरह की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। पिछल्ले दिनों इंदौर में चंदन नगर में आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगाए गए, जिसको लेकर हिंदुवादी संगठनों ने आपत्ति जताई। जिसके बाद पुलिस ने ऐसे पोस्टर्स को हटवाया। पोस्टर्स को हटवाने का भी विरोध हुआ। इधर भोपाल में भी शुक्रवार के दिन इस तरह के पोस्टर लगे हुए दिखे और युवाओं का एक समूह वाहनों में आई लव मोहम्मद के स्टीकर चिपकाए हुए दिखा। इसके अलावा हिंदुवादी संगठनों ने आई लव महाकाल का पोस्टर अभियान छेड़ दिया। शीतलदास की बगिया से इस अभियान की शुरूआत की।

### कलेक्टर ने एसडीएम को भेजा था पत्र

## बेहटा, बोरबन, बैरागढ़ में नवाब की प्रॉपर्टी को लेकर पेंडिंग में जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान की पर्सनल प्रॉपर्टी को लेकर कलेक्टर ने बैरागढ़ एसडीएम को पत्र लिखकर बेहटा, बोरबन और बैरागढ़ की प्रॉपर्टी की जांच को लेकर पत्र लिखा है, जिसमें सात दिन में जवाब मांगा गया था, लेकिन तीन साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी जवाब पेश नहीं किया गया है।

दरअसल नवाब के वारिसों को लेकर शत्रु संपत्ति घोषित किए जाने को लेकर अमिताभ अग्निहोत्री ने शिकायती आवेदन पेश किया है। पिछले तीन सालों से इसका जवाब नहीं दिया जा रहा है।

**खरीद में रोक की मांग**

*शिकायत में इन प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त पर रोक लगाने की मांग भी रखी गई है। भोपाल रियासत की शत्रु सम्पति मामले में आबिदा सुल्तान को भोपाल नवाब मानकर भोपाल नवाब की समस्त चल, अचल सम्पति को शत्रु सम्पति माना गया। इन विचाराधीन एवं जांच की सम्पत्तियों में आफताब जहां बेगम की बेहटा, बोरबन, बैरागढ़ की सम्पत्तियों को मानकर कलेक्टर को वर्ष 2021 में कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया था।*

### जलसंसाधन विभाग के 1260 कनेक्शन का बकाया है 32 करोड़

## ऊर्जा विभाग का पत्र- करवाएं 32 करोड़ का भुगतान जलसंसाधन ने पेमेंट के लिए जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एसीएस ऊर्जा नीरज मंडलोई ने जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा को पत्र लिखा है। एसीएस ऊर्जा ने पत्र लिखते हुए कहा है कि बिजली बिल का भुगतान करना आवश्यक है।

प्रीपेड स्मार्ट मीटर के तहत जल संसाधान विभाग को कनेक्शन दिया गया है। बिजली का भुगतान नहीं होने से वित्तीय स्थिति पर असर पड़ सकता है।

जल्द ही भुगतान नहीं किया तो जल संसाधन विभाग के डैम और पानी सप्लाई पर भी असर पड़ सकता है। एसीएस ऊर्जा के पत्र के बाद जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. राजेश राजौरा ने ईएनसी को पत्र लिखते हुए भुगतान करने के लिए निर्देश जारी कर दिया है। दरअसल, जलसंसाधन विभाग के प्रदेश भर में 1260 बिजली कनेक्शन हैं। जिसका जुलाई महीने का 32 करोड़ रुपए का बिजली का बिल बकाया है। ऊर्जा विभाग के एसीएस नीरज मंडलोई ने लिखा कि आरडीएस योजना के तहत 9 हजार करोड़ रुपए की लागत से बिजली अधोसंरचना का कार्य किया जाना है।

**प्रीपेड मीटर की वजह से समय पर हो रहा भुगतान**

भले ही ऊर्जा विभाग के एसीएस ने पत्र लिखते हुए भुगतान करने की बात कही है लेकिन सरकारी विभागों में प्रीपेड मीटर लगने की वजह से समय पर भुगतान हो रहा है। क्योंकि प्रीपेड मीटर के चलते रीचार्ज कराना अनिवार्य है। बिजली के लिए पहले ही रीचार्ज करना आवश्यक होता है। यदि बिजली बिल को रीजार्च नहीं किया जाता है तो खुद ही मीटर बंद हो जाता है और बिजली की सप्लाई भी बंद हो जाएगी।

## झूठी शिकायतकर्ताओं की सूची बनाने का आदेश निरस्त करे सरकार: नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम हेल्पलाइन और सरकारी पोर्टलों पर कथित झूठी या बार-बार की जाने वाली शिकायतों के आधार पर ब्लैकमेलर्स की सूची तैयार कराने के निर्देशों पर सियासत गरमा गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस आदेश को लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है।

सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही, इसलिए अब शिकायतकर्ताओं को 'ब्लैकमेलर' बताकर डराने का प्रयास कर रही है। जबकि असली जांच तो उन अधिकारियों की होनी चाहिए जो शिकायतों का समाधान किए बिना उन्हें फोर्स क्लोज कर देते हैं।

**हजारों शिकायतें**

*नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में हजारों ऐसी शिकायतें हैं जिन्हें बिना किसी ठोस कार्यवाही के केवल कागजों पर निराकृत दिखा दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार अगर पारदर्शिता चाहती है तो उन अधिकारियों की कुंडली बनाए जिन्होंने गलत जवाब देकर मामलों को बंद किया, न कि उन नागरिकों की जो अपनी समस्याओं के लिए आवाज उठा रहे हैं।*

## गौरेला पेंड्रा मरवाही को ईको टूरिज्म साइट-2025' पुरस्कार

पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला पेंड्रा मरवाही

विश्व पर्यटन दिवस पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा आयोजित पर्यटन पुरस्कार समारोह गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के लिए ऐतिहासिक रहा। पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और सतत विकास की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ ईको-टूरिज्म साइट-2025' का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान विशेष रूप से जीपीएम के रजमेरगढ़ पर्यटन क्षेत्र के संरक्षण, विकास और पर्यावरण-संवेदनशील पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल का परिणाम है। प्रकृति, संस्कृति और पर्यटन के इस अनोखे संगम ने जिले की पहचान को नई ऊंचाई दी है। यह पुरस्कार पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की अध्यक्ष नीलू शर्मा द्वारा जिला कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी को भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व का क्षण है बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए सतत एवं जिम्मेदार पर्यटन का प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

### एक महिला एवं दो पुरुष नक्सलियों की मौत, 14 लाख का था इनाम

# सुरक्षा बलों और नक्सलियों में मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के तिरयारपानी और छिंदखड़क के जंगलों में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बालों ने मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। इसमें एक महिला और दो पुरुष नक्सली शामिल है। तीनों का शव बरामद कर लिया गया है। तीनों नक्सलियों के ऊपर 14 लाख रुपये का इनाम घोषित था। कांकेर एसएसपी आई के एसलिसेला ने बताया कि कांकेर जिला गारियाबंद जिला डीआरजी के साथ बीएसएफ जवानों की संयुक्त टीम सुबह नक्सल आपरेशन के लिए निकली हुई थी।

तिरयारपानी के जंगलों में नक्सलियों से जवानों के साथ मुठभेड़ हो गई। इलाके में जब सर्च आपरेशन चलाया गया। मौके से तीन नक्सलियों का शव बरामद हुआ है। तीनों नक्सलियों के ऊपर 14 लाख रुपये का इनाम घोषित था, जिसकी पहचान राजेश उर्फ राकेश हेमला, एसीएम, नगरी एरिया कमेटी/गोबरा एलओएस कमाण्डर पांच लाख का इनाम घोषित था। दूसरा



नक्सली सरवन मडकम उर्फ विश्वनाथ उर्फ बुधराम पुनेम एसीएम, सीतानदी/रावस समन्वय एरिया कमेटी- सचिव जिसके ऊपर आठ लाख रुपये का इनाम और तीसरी महिला नक्सली बसंती कुंजाम उर्फ हिडमें पीएम, समन्वय/प्रोटेक्शन टीम मैनपुर-नुआपाड़ा सदस्य जिसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। मौके से एक नग एसएलआर, एक नग 303 रायफल, एक नग 12 बोर बरामद और अन्य नक्सल सामाग्री बरामद हुआ है।

**काफी समय बाद देखने को मिला नक्सल मूवमेंट**

*कांकेर एसएसपी आई के एलिसेला ने बताया कि इस क्षेत्र में काफी साल बाद नक्सल मूमेंट देखने को मिला है। यह क्षेत्र नक्सलियों का ट्रांजिट रूट रहा है, जहां से अक्सर बड़े नक्सली आना-जाना करते है। उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों और कठिन मौसम के बावजूद बस्तर में तैनात पुलिस, सुरक्षा बल भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप और बस्तरवासियों की आकांक्षाओं के अनुरूप जनजीवन और संपति की सुरक्षा के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं।*

## दुर्गोत्सव में सूर्यास्त से सूर्योदय तक सड़कों में जनभेदनी उमड़ी

# प्यारे सजे हैं दरबार, भक्तों की लगी हैं कतार भवानी

**जबलपुर।** शक्ति की भक्ति के महापर्व शारदेय नवरात्र पर चहुंओर भक्तिभाव का नजारा दिखाई दे रहा है। पर्व की पंचमी तिथि से मां के दरबार सज-धज कर तैयार हो गए हैं और इसी के साथ ही भक्तों की भीड़ सड़कों पर नजर आने लगी है। जहां तहां पूजा पंडालों में साज सज्जा पूरी हो गई है। नगर पथ पर श्रद्धा का सैलाब मां के विविध रूपों के दर्शन के लिए सड़कों पर दिखाई दे रहा है। आज सोमवार को मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि की आराधना पूरे श्रद्धा भक्ति भाव के साथ की जाएगी। दुर्गोत्सव में इस बार भी एक से बढ़कर एक झांकियां बनाई गई हैं। वहीं मां जगदम्बे के विविध स्वरूपों की मनमोहक प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। कुछ दुर्गोत्सव समितियों ने इतनी सुन्दर और नयनाभिराम प्रतिमाएं स्थापित की है कि इनके दर्शन करके श्रद्धालुओं का मन नहीं भरता। कुछ ऐसा ही नजारा श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढ़ाफाटक में दिखाई देता है। माता महाकाली की लगभग 15 फीट ऊंची विशालकाय प्रतिमा श्रद्धा का केन्द्र बनी हुई है। पंडाल से भीड़ हटती ही नहीं। इसी तरह श्री सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति, श्रीजाबालि दुर्गोत्सव समिति चेरीताल हरदौल मंदिर, श्री आध्यात्मिक दुर्गोत्सव समिति छोटी देवन दीक्षितपुरा, बेलबाग, कंजड़ मोहल्ला की कंकाली माता, घंटाघर में विराजी मां काली, आजाद चौक सदर, पंजाब बैंक कॉलोनी चेरीताल, सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति पारिजात बिल्डिंग के पीछे, गोंडवाना दुर्गोत्सव समिति गढ़ा बजरिया, रानीदुर्गावती मित्र मंडल द्वारा स्थापित की गई मां भवानी की भव्य प्रतिमाएं इसी तरह गढ़ा फाटक मोची कुंआ के पास श्रीनट बाबा



दुर्गोत्सव समिति मां जगदंबा की प्रतिमा, लटकारी के पड़ाव में मां महाकाली की विशाल प्रतिमा, पुराना बस स्टेंड सुपर मार्केट की प्रतिमा लोगों को आकर्षित कर रही है।

### बरकरार है नगर सेठानी का रुतबा

गौरवशाली इतिहास को अपने आप में समेटे नगर सेठानी के नाम से विख्यात सुनरहाई की दुर्गा प्रतिमा की भव्यता निराली है। श्री दुर्गोत्सव समिति सुनरहाई की स्थापना आज से 161 साल पहले स्वर्गीय मख्खन तेली एवं मुनीर अहमद व उनके उत्साही सहयोगियों द्वारा की गई थी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 122 साल तक प्रतिमा को कंधों पर उठाकर प्रतिमा को विसर्जन स्थल हनुमानताल ले जाया जाता था लेकिन वक्त के साथ विसर्जन के तरीके में भी बदलाव आया। अब प्रतिमा चांदी के रथ पर सवार होकर निकलती है। अलंकारिक शैली की यह प्रतिमा सोने-चांदी के आभूषणों से लदी रहती है।

### सोने से लदी नुनहाई की मातारानी

सोने से लदी नुनहाई की मातारानी का भव्य स्वरूप देखते ही बनता है। चमक दमक वाली प्रतिमा की आभामयी छटा निहारते श्रद्धालु खुद को धन्य मान रहे हैं। नुनहाई दुर्गोत्सव समिति द्वारा वर्ष 1878 में पहली बार कलमल लाल सोनी द्वारा प्रतिमा रखी गई थी। तब से यह परंपरा निर्वाध रूप से चली आ रही है।

### गढ़ा फाटक की दिव्य महाकाली की छटा निराली

गढ़ा फाटक की महाकाली की प्रतिमा का दिव्य स्वरूप देखते ही बनता है। लगभग 127 साल के इतिहास को अपने आप में समेटे वृहद महाकाली की छटा ही अलग है। वक्त के साथ आए बदलाव का असर यहां भी दिखता है। वृहत महाकाली गढ़ा फाटक द्वारा हर साल कुछ न कुछ हटकर आयोजन किया जाता है।

### मॉं बगलामुखी माता की हुई पंच महा आरती

श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में सिविक सेंटर मढ़ाताल में नवरात्रि के पावन पर्व पर मां बगलामुखी माता की पंच महा आरती ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद, ब्रम्हचारी चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में की गई इस अवसर पर भक्त उपस्थित थे।

## दुर्गोत्सव पर कलेक्टर, कप्तान के साथ डीआईजी ने शहरभर का किया सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण

# त्योहार की उमंग, सुरक्षा के संग



**हरिभूमि, जबलपुर।** नवरात्र के पावन अवसर पर शहर में भक्तिमय माहौल के बीच सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। शुक्रवार रात डीआईजी जबलपुर रेंज अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**भोर से ही जुटते हैं श्रद्धालु, रातभर विशेष व्यवस्था-** सप्तमी, अष्टमी और नवमीं पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं और मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। भीड़ को देखते हुए शाम 6 बजे से सुबह 5 बजे तक विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। बड़ी खेरमाई, बूढ़ी खेरमाई, त्रिपुर सुंदरी, शारदा मंदिर बरेला और भेड़ाघाट जैसे प्रमुख स्थलों पर तड़के 3 बजे से ही जल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

**सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण-** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ओमती, लार्डगंज, कोतवाली, हनुमानताल, गोहलपुर, सुनरहाई, नुनरहाई और गढ़ा फाटक क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों की हौसला-अफजाई की और उन्हें बेहतर ड्यूटी के लिए बधाई देते हुए सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए।

**यह रहे मौजूद-** इस अवसर पर एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, सीएसपी कोतवाली रीतेश कुमार शिव, सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया सहित संबंधित थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

# कर्मचारियों की समस्याएं सुलझाने जिला कोषालय अधिकारी से मिले संगठन नेता

## वित्तीय समस्याओं के निराकरण पर की सीधी चर्चा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज मध्य प्रदेश जागरुक अधिकारी कर्मचारी संगठन द्वारा जिला कोषालय अधिकारी सुश्री विनायक लकरा से संगठन के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर कर्मचारियों की वित्तीय समस्याओं के निराकरण हेतु चर्चा की एवं जिला कोषालय अधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग एवं समस्त विभाग के देयकों का तुरंत निपटारा किये जाने पर संगठन ने हर्ष व्यक्त करते हुए, उन्हें अध्यापक संवर्ग के सन 2018-19 के क्रमोन्नत वेतनमान के



एरियर्स के देयकों का अतिशीघ्र निराकरण करने की मांग की। जिला कोषालय अधिकारी द्वारा इन देयकों को संज्ञान में लेकर तत्काल निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। संगठन की तरफ से सभी सदस्यों ने कोषालय अधिकारी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, राजेश सहारिया, फिलिप एंथोनी आदि उपस्थित रहे।

# फांसी वाले बाबा का उर्स आज

**जबलपुर।** पुलिस लाइन स्थित पुलिस ग्राउंड में हजरत फांसी वाले बाबा का उर्स दरगाह में सोमवार को आयोजित हैं। दरगाह के खादिम हाजी इसरार अली ने बताया कि चादर व संदल जुलूस सायं 6 बजे पुलिस लाइन मस्जिद से प्रारम्भ होगा, जो कि इंद्रा मार्केट से गस्त करता हुआ सेंट्रल जेल के गेट के सामने से होते हुए दरगाह पहुँचेगा। दरगाह में चादर, संदल पेश करने के बाद नात, फातेहा व लंगर होगा। तदोपरांत मुल्क की तरक्की, लोगो मे कौमी भाई चारा व खुशहाली की खास दुआ होगी। दरगाह कमेटी के हाजी मुईन खान, आरिफ अली, हसन अली, अशरफ अली आदि ने सभी अकीदतमंदों से उपस्थिति की अपील की है।

# ...तो आदिवासियों द्वारा संघ का पुतला दहन किया जाएगा

## आदिवासी रीति से किया अमर शहीद राजाओं की प्रतिमाओं का शुद्धिकरण

**जबलपुर।** भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते ने बताया कि 18 सितम्बर को अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस समारोह के दौरान स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रतिमा पर जूते पहनकर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित किए जाने से सम्पूर्ण आदिवासी समाज अपने आपको अपमानित महसूस कर रहा है व वीर शहीद राजाओं का अपमान मान रहा है, जिससे क्षुब्ध होकर 28 सितम्बर को मप्र के विभिन्न जिलों मंडला, सिवनी, जबलपुर, शहडोल सहित अन्य आदिवासी संगठन व सामाजिकजनों ने घोर विरोध दर्ज कराते हुए पांच नदियों (नर्मदा संगम बंजर मंडला, हिरण नदी, छोटी महानदी कुंडम, बाघा माड़ा नदी कुंडम, भेड़ाघाट नर्मदा नदी) के जल कलश यात्रा के माध्यम से एकत्रित कर प्रतिमा का शुद्धिकरण आदिवासी भुमकाओं द्वारा रीति-रिवाज से किया गया। साथ ही गोंडवाना समग्र विकास क्रांति



आंदोलन के तहत सभी सामाजिक संगठनों ने निर्णय लिया कि यदि संघ प्रमुख द्वारा अमर शहीद राजाओं के प्रतिमा स्थल पहुंचकर समाज से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई, तो आगामी 02 अक्टूबर को सम्पूर्ण जिला, मध्यप्रदेश एवं भारत वर्ष के प्रत्येक गांव एवं शहरों में आदिवासियों द्वारा संघ का पुतला दहन किया जाएगा।इस अवसर पर मदन सिंह बरकड़े, प्रताप सिंह कुलस्ते, बृजेश धुर्वे, इतेश तेकाम, प्रमोद नरेती, धीरेन्द्र, संजू ठाकुर, जगदीश कुंजाम, राजेन्द्र तेकाम, रामरतन यादव, घनश्याम यादव, लखन कुलस्ते, रमेश धुर्वे, मदन सिंह धुर्वे, धनसिंह आर्मो, राममिलन परते, रविशंकर नरेती, निम्मू शाह मरकाम, संतोष कुमार बरकड़े, बृजलाल पन्द्रो, वीरेन्द्र तुमराची सहित हजारों की संख्या में आदिवासीजन उवं संगठन सदस्य उपस्थित रहे।

# शिनावात्रा विश्वविद्यालय थाईलैंड और महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर के बीच हुआ ऐतिहासिक समझौता

**जबलपुर।** शैक्षणिक सहयोग और वैश्विक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, थाईलैंड के प्रतिष्ठित शिनावात्रा विश्वविद्यालय और जबलपुर स्थित महाकौशल विश्वविद्यालय के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के छात्रों और शिक्षकों के लिए अकादमिक और व्यावसायिक विकास के नए अवसर सृजित करना है। इस MoU के तहत, दोनों संस्थान एक-दूसरे के साथ मिलकर कई महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाएंगे। इनमें प्रमुख हैंः1. संकाय विनिमय कार्यक्रमः दोनों विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर और शोधकर्ता एक-दूसरे के कैंपस में जाकर अध्यापन, शोध और ज्ञान साझा करेंगे। इससे शिक्षण पद्धतियों में अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य का समावेश होगा।2. छात्र विनिमय कार्यक्रमः इसके अंतर्गत, दोनों देशों के छात्र एक या दो सेमेस्टर के लिए दूसरे विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर सकेंगे। इससे उन्हें एक नई संस्कृति, शैक्षणिक वातावरण



और वैश्विक नेटवर्क से जुड़ने का अवसर मिलेगा।3. पेशेवर विकासः संयुक्त रिसर्च प्रोजेक्ट, वर्कशॉप, सेमिनार और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे छात्रों और शिक्षकों दोनों के कौशल का विकास होगा।4. अन्य सहयोगः इसके अलावा, संयुक्त डिग्री प्रोग्राम, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शैक्षणिक संसाधनों के आदान-प्रदान पर भी सहमति बनी है। इस अवसर पर महाकौशल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर सी मिश्रा ने कहा, ₹यह समझौता हमारे विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीयकरण के लक्ष्यों में एक मील का पत्थर साबित होगा। थाईलैंड और भारत के बीच शैक्षणिक सेतु को मजबूत करने का यह एक सराहनीय प्रयास है। शिनावात्रा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने इस सहयोग को 'भविष्योन्मुखी' बताया और कहा कि इससे दोनों संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी और छात्रों को एक वैश्विक नागरिक बनने का अवसर प्राप्त होगा। यह समझौता न केवल जबलपुर बल्कि पूरे मध्य भारत के छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के द्वार खोलेगा।

## हनुमानताल का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने रविवार को हनुमानताल का निरीक्षण किया एवं चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान नगर निगम एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आगामी दशहरा एवं विसर्जन की तैयारियों के लिए समुचित प्रबंध के निर्देश दिए। डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बताया ऐतिहासिक हनुमानताल संस्कारधानी जबलपुर के दशहरा एवं परंपरा का एक अभिन्न अंग है और शहर के मध्य में स्थित होने के साथ साथ आस्था का केंद्र भी है। इस समय हनुमानताल के उन्नयन का कार्य जोर शोर से चल रहा है जिसके कारण जलस्तर पहले की अपेक्षा कम है,विसर्जन में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई न हो इसके लिए हमने आसपास के नलकूपों के द्वारा इसमें जलस्तर को बढ़ाने के लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहा है और हमारी पूरी तैयारी है पूर्ण आस्था के साथ हनुमानताल में शहर में विराजी मां जगत जननी का विसर्जन किया जायेगा इस हेतु सफाई कार्य,ताल में नलकूप की सहायता ने भराव एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का कार्य तेजी से जारी है। डॉ अभिलाष पाण्डेय ने घाटों की मरम्मत और साफ सफाई की व्यवस्था भी देखी और विसर्जन हेतु प्रशासन से नियमित निगरानी और क्रेन के उपयोग से विर्सजन की बात कही और साथ की समितियों से भी क्रेन की सहायता से सुरक्षित विसर्जन करने की अपील की।




# जागरूकता अभियान "अभिमन्यु" के तहत आयोजित की गई मैराथन दौड़

**जबलपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान "अभिमन्यु" सभी जिलों में 2 अक्टू तक संचालित किये जाने हेतु आदेशित किये जाने पर पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों/ थाना प्रभारियों, को विशेष जागरूकता अभियान "अभिमन्यू" अंतर्गत पोस्टर बैनर लगाकर, पंपलेट वितरित कर, नुक्कड नाटक, मैराथन तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं के प्रति लोगों में विशेष सम्मान की भावना जाग्रत करने तथा महिला अपराधों के प्रति संवेदनशील होने हेतु लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश के परिपालन में विशेष जागरूकता अभियान "अभिमन्यु" अंतर्गत पुलिस कन्ट्रोल रूम से मैराथन दौड का आयोजन करते हुये पुलिस कन्ट्रोल रूम में उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) श्री आशीष जैन, द्वारा रक्षित निरीक्षक श्री जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति में हरि झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया गया। मैराथन दौड़ कन्ट्रोल रूम से रवाना होकर घण्टाघर, बडी ओमती चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्केट से होते हुये थाना लार्डगंज में समाप्त हुई। मैराथन के समापन के अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक श्री आशीष जैन द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि कि विशेष जागरूकता अभियान "अभिमन्यु " के तहत आयोजित मैराथन दौड का उद्देश्य बालक बालिकाओं में लैंगिक समानता एवं एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना को जाग्रत कर महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाना है। साथ ही पुरूषों को प्रारंभिक अवस्था से ही लैंगिक समानता व संस्कारों का ज्ञान दिया जाकर महिलाओं के प्रति अपराधिक प्रवृत्ति के क्या क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं इससे अवगत कराया जाना है। मैराथन दौड में निरीक्षक शशि धुर्वे, सूबेदार मनीष, महिला सुरक्षा शाखा के अधिकारी/कर्मचारी, थानों की महिला ऊर्जा हेल्प डेस्क के अधिकारी एवं बालक/बालिका एवं जनसाहस संस्था के जिला समन्वयक श्री राजू चौधरी व अन्य कर्मचारी तथा पुलिस लाईन में संचालित एस.पी. की पाठशाला, एवं दिशा लर्निंग सैंटर मे अध्यनरत अभ्यार्थियों सहित लगभग 300 लोगों ने भाग लिया।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को जबलपुर के सभी 967 बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओ ने स्थानीय जनों के साथ सुना

# स्वदेशी को जीवन शैली का हिस्सा बनाने का संदेश

**जबलपुर।** मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने आगामी 2 अक्टूबर को खादी की वस्तुओं की खरीदारी का आह्वान करते हुए स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। आइए हम सब साथ मिलकर इस आह्वान को अभियान का स्वरूप दें और स्वदेशी को अपने जीवनशैली का हिस्सा बनाये, यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने जबलपुर पश्चिम विधानसभा अंतर्गत रानी दुर्गावती वार्ड के बूथ क्रमांक 53 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 126वें एपिसोड को सुनने के बाद कही। भाजपा जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सभी 967बूथों में स्थानीय जनों के साथ सुना। श्री सिंह ने कहा आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में विजयादशमी पर पूर्ण हो रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की अनथक गौरवशाली यात्रा का स्मरण किया। संघ की राष्ट्र सेवा की यह अखंड धारा हर देशवासी को देशप्रेम का संकल्प देती है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कहा मन की बात के इस कार्यक्रम से जहाँ प्रेरणा के साथ नए विचार मिलते है वही देश में विशिष्ट कार्य करने वाले नागरिकों की कहानियाँ देश सुनता है। सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा




मन की बात कार्यक्रम में कृषि, किसान कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, समाजसेवा एवं राष्ट्रनिर्माण जैसे विषयों पर माननीय प्रधानमंत्री जी के विचार अत्यंत मार्गदर्शक एवं प्रेरक रहे। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने की उनकी दृष्टि ने नई ऊर्जा प्रदान की। राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि ने कहा मन की बात न केवल जनसंवाद का मंच है बल्कि यह प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रहित में योगदान हेतु प्रेरित करने वाला अभियान है। कार्यकर्ताओं के साथ इसे सुनना आत्मीय व उत्साहजनक अनुभव रहा। प्रधानमंत्री के मन की बात को भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर पूर्व विधानसभा के सुभाष चंद्र बोस मंडल के बूथ 11 में, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि ने उत्तर विधानसभा के आचार्य श्री विद्यासागर मंडल के बूथ क्रमांक 88 में, सांसद श्री आशीष दुबे एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन ने उत्तर के विवेकानंद मंडल के बूथ 231 में, महापौर श्री जगतबहादुर सिंह अन्नू ने पश्चिम के नर्मदा मंडल के बूथ 110 में, विधायक श्री अशोक रोहाणी ने केंट विधानसभा के वीर सावरकर मंडल के बूथ 36 में, विधायक श्री अभिलाष पांडे ने उत्तर के दीनदयाल मंडल अंतर्गत वार्ड के बूथ में, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज ने छत्रपति शिवाजी मंडल के बूथ में कार्यकर्त्ताओ एवं स्थानीय जनों के साथ सुना। मन की बात कार्यक्रम को पूर्व मंत्री शरद जैन, अंचल सोनकर, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, पूर्व महापौर प्रभात साहू, पूर्व अध्यक्ष जीएस ठाकुर, सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, डॉ जितेंद्र जामदार, शरद अग्रवाल, दीपांकर बैनर्जी, राममूर्ति मिश्रा, अरविन्द पाठक, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, अश्वनी पराँजपे के साथ सभी जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों ने बूथ समिति के सदस्यों के साथ बूथ में सुना।

# ग्राम पंचायत बम्हनी में स्थापित की गई 51 फिट की प्रतिमा

## देवी प्रतिमा के दर्शन करने उमड़ रहे श्रद्धालु

**बरेला।** निवास मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत बम्हनी में स्थापित मध्य प्रदेश की सबसे ऊंची 51 फिट निर्मित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यहां पर विराजमान 51 फीट ऊंची मां दुर्गा के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुओं आ रहे हैं। आयोजन समिति के रामेश्वर साहू जनपद उपाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष ग्राम बमनी में माता रानी की 51 फीट ऊंची विशालकाय प्रतिमा स्थापित की गई है माता रानी के दर्शनों के लिए भक्तों की लाइन लगी हुई है। यहां पर आसपास व दूर दराज एवं दूसरे जिले से दसनार्थी माता रानी के दर्शनों के लिए आ रहे हैं ।यहां पर आ रहे सभी श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से



माता रानी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# या देवी सर्वभूतेषु, शक्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः


पुराना बस स्टैंड सिहोरा


खितौला बस स्टैंड


स्टेशन रोड खितौला


ज्वालामुखी रोड सिहोरा


नगर पालिका रोड सिहोरा


काल भैरव चौक सिहोरा

## देवीमठों में भी लगा भक्तों का तांता

### मौसम खराब होने के कारण लोग घरों से कम निकले

# सज गये माता के दरबार छाने लगा भक्ति का रंग

**सिहोरा।** पहले तो भक्त सप्तमी तक माता की स्थापना करते थे लेकिन अब कुछ शालो से बैठकी को ही लगभग सभी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना हो जाती जिससे सभी को नौ दिनों तक माता की आराधना करने का भी अवसर मिल जाता है। जगत जननी की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र की पंचमी एंव छठवीं को मौसम खराब होने के कारण लोग घरों से कम निकले लेकिन सप्तमी को दुर्गा पंडालों के सामने भीड़ देखने को मिली थी सिहोरा खितौला में भक्ति का रंग दिखने लगा था। एक तरह जहाँ देवीमठों दुर्गा मंदिर,कंकाली मंदिर,बूढी माई,ज्वालामुखी माई,पर्वत वासनी खेर माई खितौला,माता देवालय खडरा में सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है तो वही दुसरी तरफ नगर उपनगर में देवी जी की स्थापना के बाद समिति सदस्यों ने एक से बढ़कर एक झांकियों का निर्माण किया है। नगर में पचास से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जिसमें झंकार समिति बाबाताल, जागरूक युवा समिति,जय मानस समिति गढिया मोहल्ला,शक्ति संस्थान सांई मंदिर,पुराना बस स्टेंड,शुक्ल जी की बखरी ब्राह्मण पुरा,गोरैया मोहल्ला, सिहोरा, महागौरी महाकाली समिति कालेज रोड़ वार्ड नम्बर 16 खितौला,शांति नगर दुर्गोत्सव समिति नई सड़क खितौला सहित रेलवे फाटक के पास तुलसी मानस मंदिर में भी माता महाकाली की स्थापना की गई है। इसी तरह नवनीत समिति हिन्दी स्कूल, सारंग समिति नगर पालिका रोड, ज्वालामुखी तिराहा, हरदौल मंदिर, अंकुर समिति झंडा बाजार, काल भैरव चौक समिति, जय ज्योति आजाद चौक, गड़बड़ समिति बाबाताल मार्ग, खितौला बस स्टेंड, नवज्योति मंडल झंडा बाजार, अखंड ज्योति, मित्र मिलन समिति कटरा मोहल्ला,सब्जी मंडी समिति अस्पताल रोड़, में भी आदिशक्ति की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई है। इस बार सभी समिति के सदस्य गणों ने माता के भक्तों को दुर्गा पंडाल के सामने कुछ देर रोकने के लिए अपनी झांकी को तैयार करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है।



## नवरात्रि पर्व पर नगर परिषद द्वारा की जा रही हैं सफाई एवं प्रकाश व्यवस्थाएं

**बरेला।** नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर परिषद द्वारा नगर में देवीमंदिरों और दुर्गा प्रतिमाओं के आस पास नियमित रूप से साफ सफाई कराई जा रही है साफ सफाई के लिए नगर परिषद की सभी सफाई कर्मी नियमित रूप से यह कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार प्रकाश व्यवस्था के लिए भी नगर के सभी मार्गों और मुख्य मार्ग में लगे हुए हैलोजन और एलईडी बल्ब को भी सुधार कर व्यवस्था की जा रही है नगर परिषद सीएमओ संजय पांडे ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर नगर परिषद द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्थाएं नियमित रूप से की जा रहे हैं ताकि श्रद्धालु भक्तों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो।

### विश्व हृदय दिवस पर ब्रम्हाकुमारी शिव स्मृति भवन ने किया

# एक दिन नहीं, बल्कि हर रोज सुनना पड़ेगी दिल की बातें

**जबलपुर।** "दिल की बातें एक दिन नहीं, बल्कि हर रोज सुनना पड़ेगी। इसकी धड़कन की आवाज बहुत महीन हैं, जिन्हें यदि एकाग्रता से न सुना गया, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।" तदाशय के उद्गार विश्व हार्ट दिवस के तहत ब्रम्हाकुमारी आश्रम शिव स्मृति भवन भंवरताल में आयोजित गोष्ठी और सम्मान समारोह में नगर के नामी हृदय रोग विशषज्ञों ने कही। रविवार सुबह आयोजित इस समारोह में हार्ट चिकित्सकों का आत्मीय अभिनंदन और सम्मान किया गया।

### सारे चिकित्सक एक स्थान पर

ब्रम्हाकुमारी परिवार ने अपने मुख्य सेवा केंद्र शिव स्मृति भवन भंवरताल में एक साथ शहर के सभी हृदय रोग विशेषज्ञों को बुलाकर उनके अनुभव लिए। इस अवसर पर चिकित्सकों ने बहुत महीन और बहुत जरूरी बातें बताईं। इस अवसर पर बच्चों सहित कम उम्र में होने वाली हृदय संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। आयोजन में मेयर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा सभी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। ब्रम्हाकुमारी परिवार ने स्वच्छता और वायु के क्षेत्र में शहर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने वाले प्रथम नागरिक जगत बहादुर अन्नू का भी सम्मान किया। सभी चिकित्सकों ने कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. श्यामजी रावत का आभार माना, जिन्होंने इतने अच्छे आयोजन का संयोजन किया।

### जीवन शैली में बदलाव आवश्यक

इस अवसर पर जाने-माने हृदय रोग विषेषज्ञ डॉ. आरएस शर्मा, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ. रामनारायण नेमा, डॉ. केएल उममाहेश्वर, डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. नितिन दास, डॉ. सुभाष मिण्डा, डॉ. प्रदीप जैन, डॉ शरीष सोनी, डॉ सोहेल सिद्धिकी, डॉ. निमिष राय, डॉ विश्वनाथ, डॉ विकास मिश्रा, डॉ. लता खतनानी, डॉ अमित किनरे, डॉ कुबेर शर्मा, डॉ शैलेन्द्र सिंह बागरी आदि ने कहा कि जीवनशैली में बदलाव, खान-पान की शुद्धता, नशा मुक्त जीवन से हार्ट रोग से बचा जा सकता है। सेवा केंद्र प्रभारी बीके भावना बहन ने कहा कि दिल में यदि भगवान को समा लो, तो दिल शक्तिशाली हो जाता है। उन्होंने, सभी को रोजयोग मैडिटेशन कराया। डॉ रावत ने कार्यक्रम का संचालन किया। चिकित्सकों ने बताया कि हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और हृदय रोगों के प्रति जागरूकता से हृदय संबंधी रोगों से निजात पाई जा सकती है।

## शहीद भगत सिंह को युवा मोर्चा ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**सिहोरा।** शहीद भगत सिंह जी के बलिदान को देश का हर नागरिक जानता हैं उन्होंने उन दिनों में शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई उन विचारों का आज भी उतना ही महत्व है जितना उस समय था यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने शहीद भगत सिंह जयंती पर कहा कि हमें ना केवल भगत सिंह के बलिदान को याद रखना है बल्कि उनके विचारों को भी याद रखना,युवाओं को उनसे प्रेरणा प्राप्त करना चाहिए एवं उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए इस अवसर पर कृष्णपाल सिंह बघेल, अजय राज सिंह, धर्मेश असाटी, लक्की असाटी, सत्यम सेन, ओम असाटी, कपिल राज सिंह, दीपक चौरसिया, आयुष असाटी, कैलाश कर्ण, वीरू पटेल आदि उपस्थित थे।

### माता पिता के सपनों को लगे पंख

## महाकौशल की पहली महिला पायलट बनी इशिता

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में छत्तीसगढ़ के राजघराने से संबद्ध रखने वाली बेटी इशिता भार्गव ने महाकौशल की पहली महिला पायलट बनकर संस्कारधानी जबलपुर शहर का नाम रोशन किया है इशिता, नयागांव सोसायटी के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ की राजकुमारी स्मृति देवी की पुत्री हैं। उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी, अमेठी से अपनी ट्रेनिंग पूरी की और पायलट बनने का सपना साकार किया इशिता की बचपन से ही पायलट बनने की इच्छा थी और उन्होंने अपने माता पिता के सहयोग से अपने सपनों की उड़ान में पंख लगा कर अपने सपने पूरे कर लिए है इशिता का 2021 बैच में चयन हुआ था जिसके बाद तीन साल ट्रेनिंग लेने के बाद उन्होंने 200 घंटे का एयरक्राफ्ट उड़ाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



## नयागांव को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि. की बैठक आयोजित

**जबलपुर।** नयागांव को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि. जबलपुर में आज दिनांक 28/09/2025 को संस्था कार्यालय परिसर में वार्षिक आम-सभा का आयोजन माननीय अध्यक्ष श्री रजत भार्गव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे सोसाइटी के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समिति के अध्यक्ष श्री रजत भार्गव ने पूर्व में कराए विकास कार्य की जानकारी एवं आगामी वर्ष में कराए जाने वाले कार्यो के विषय में चर्चा की। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए एवं समिति के सदस्यों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। विषयवस्तु जैसे बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26, आडिट वर्ष 2024-25, सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव आदि विषयों पर चर्चा कर सभी सदस्यों द्वारा प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के वरिष्ट सदस्य श्री अजय विश्नोई एवं श्री संजय अग्रवाल, श्री राहुल अग्रवाल, श्रीमती माधवी महेश्वरी एवं अन्य संचालक मंडल के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष श्री रजत भार्गव के द्वारा समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।



## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मिला पीड़ितों को लाभ

**जबलपुर।** विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में मेराथोन वॉक रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन नायक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं एडवांस हार्ट सेंटर द्वारा अपने हार्ट को कैसे स्वस्थ्य रखा जाये और अपनी दिनचर्या कैसी रखी जाये, इस पर डॉ. हर्षा रेड्डी द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। इसके अलावा विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में नि: शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. हर्षा रेड्डी व टीम के द्वारा लगभग 200 मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर, एचबीए-1 की जाँच की गयी। अस्पताल में हृदय को स्वस्थ्य रखने के लिये एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें समस्त स्टाफ ने भाग लिया एवं पुरुस्कार वितरण किया गया। आयोजन में विशेष सहयोग डॉ. डैनी नायक, डॉ. स्वराज नायक, डॉ. त्रिशा नायक, डॉ. स्पर्श नायक, डॉ. रिचा नायक, डॉ. रजनी गुप्ता, डॉ. सुनील बहल अस्पताल का समस्त स्टाफ शामिल था।




# गढ़ा रामलीला में बाली का हुआ वध

### रामदूत हनुमान निकले सीता की खोज में

**जबलपुर।** गढा.रामलीला के 10 वें दिन सिद्ध मंच पर रामलीला अवलोकन दल (आब्जर्वर टीम) प्रोफेसर प्रदीप सिंह विभाग अध्यक्ष मुंबई विश्वविद्यालय जो कि विदेशों में रामलीला के आयोजक भी हैं ,डॉक्टर सतीश हिंदी विभाग अध्यक्ष संस्कृतिक शोध संस्थान मुंबई, श्री सबनील संगीत कुमार प्रतिनिधि फिजी सरकार, डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता, इंजीनियर दुर्गेश ब्यौहार ने रामलीला मंचन का अवलोकन किया ताकि विश्व के अन्य किसी देश में मंचन कराया जा सके। इस दौरान उत्तर मध्य के विधायक डॉ अभिलाष पांडे राजेश शर्मा भी लीला दर्शन करने पधारे। श्री अनिल तिवारी एवं डॉक्टर प्रखर तिवारी की ओर से 11 किलो लड्डुओं का प्रसाद वितरण किया गया। समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, निर्देशक राजेश मिश्रा, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री लोकराम कोरी, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, डॉक्टर भूपेंद्र उपाध्याय, भोलाराम खत्री, राजेश नेमा, हनुमत सिंह रघुवंशी, कैलाश नेमा, विजय नेमा, पंकज अवस्थी, संजय तिवारी, अशोक बघेल "दादाभाई", नीरज दुबे द्वारा सभी अतिथियों का तिलक वंदन कर मोती माला पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात जटायु मुक्ति, शबरी की नवधा भक्ति, राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध एवं सीता की खोज की लीला का मंचन हुआ। रावण के द्वारा घायल जटायु को भगवान राम ने गोद में उठाया और उन्हें पिता का सम्मान देते हुए गीध देह तजि धरि हरि रूपा, भूषण बहूपट पीत अनूपा अपने धाम अपना स्वरूप देकर पहुंचा दिया। इसके बाद शबरी गुरु आज्ञा से दीर्घकाल तक भगवान श्री राम की प्रतीक्षा कर रही थी और भगवान स्वयं उनके आश्रम दर्शन देने पहुंच गए। शबरी स्वमेव भक्ति शिरोमणि हैं परंतु श्री राम से भक्ति के प्रकार पूछती हैं भगवान राम ने भक्ति के 9 प्रकार बताते हुए शबरी से कहा "हे गज गामिनी आपमें स्वयं नौ भक्ति विद्यमान हैं आप तो भक्ति की प्रतिमूर्ति हैं आप मुझसे सुनना चाहती हैं इसलिए मैंने आपसे कहा। इसके उपरांत शबरी के बताए हुए मार्ग पर पंपापुर पहुंचे और हनुमान ने अग्नि को साक्षी कर सुग्रीव से मित्रता कराई। सुग्रीव अपने भाई बाली से प्रताड़ित होकर रिष्यमूक पर्वत पर रहता था। भगवान श्रीराम ने अपने मित्र धर्म का पालन करते हुए अत्याचारी बाली का वध किया और बाली को भी "राम बाली निजधाम पठावा" फिर भगवान राम ने सुग्रीव से सीता की खोज के लिए सहायता मांगी। सुग्रीव ने चारों तरफ वानरों के समूह को सीता की खोज के लिए भेजा दक्षिण दिशा में हनुमान जी के नेतृत्व में बानरों को भेजा गया, खोज में जाते हुए हनुमान ने कहा "राम काज लगि तव अवतारा,सुनतहिं भयौ पर्वताकारा।" सहत सहाय रावनहि मारी,आनहुँ यहाँ त्रिकूट उपारी।" इस अवसर पर समिति के हरीश मनोध्याय, शरद दुबे कुररिया, निलेश चौबे,मुकेश मिश्रा,नरेश मिश्रा, विनायक तिवारी, डाक्टर नीना उपाध्याय, इंदुलता प्यासी, सुधा यादव, विद्या केवट ने समस्त रामभक्तों से उपस्थिति की अपील की है। आज लंका दहन, विभीषण शरणागति एवं लंका पर चढ़ाई की रोचक लीला का मंचन होगा।

# विद्युत कार्मिक पौधे को जीवन भर दें संरक्षण : सुनील तिवारी

### पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में एक पौधा धरती मां के नाम पर

जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में आज रामपुर परिसर स्थित स्मृति उद्यान में 'एक पौधा धरती मां के नाम' पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा पिछले दो वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समस्त विद्युत कंपनी के कार्मिक व उनके परिवारजन पौधों का रोपण कर हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देते हैं। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल महिला मण्डल की अध्यक्ष डा. अंजना तिवारी, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता, अधीक्षण अभयिंता सिविल मुख्यालय अजस्त्र गुप्ता सहित साढ़े तीन सौ अधकि विद्युत कार्मिकों ने पौधे का रोपण किया। पिछले दो वर्षों में स्मृति उद्यान में विद्युत कार्मिकों ने अपने पूर्वजों व परिजन की स्मृति में 250 से अधकि पौधों को रौंपा था। आज 354 पौधों का रोपण किया गया। पौधे को जीवन भर संरक्षित करें-मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि एक पेड़ धरती मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियों द्वारा प्रदेश में डेढ़ लाख से अधकि पौधों का रोपण किया गया है। अब ये पौधे पेड़ के रूप में परिवर्तित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि विद्युत कार्मिक पौधा रोपण तक स्वयं को सीमित नहीं रखें बल्किं वे जीवन भर अपने लगाए गए पौधे को संरक्षण दें। महिला मण्डल की अध्यक्ष डा. अंजना तिवारी ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में एक पौधे को अवश्य लगाएं। विद्युत कंपनियां सामाजिक उत्तरदायित्व निभा रही हैं-पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियां पौधों का रोपण करके पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस भावना के अंतर्गत जबलपुर में रामपुर व नयागांव परिसर में उद्यान का निर्माण कर हरियाली के साथ साफ व स्वच्छ ऑक्सीजन वाले वातावरण को निर्मित किया जा रहा है।

# स्वच्छ जल से लबालब हुये विर्सजन स्थल

**जबलपुर।** नवरात्रि पर्व के उपरांत माँ दुर्गा प्रतिमाओं का विधिवत, सुरक्षा, स्वच्छ और दूधिया रोशनी के माहौल में विसर्जन कराने के लिए प्रशासन के द्वारा गौरीघाट के भटौली, अधारताल, तिलवारा और हनुमानताल व्यवस्थित तैयार करा लिया गया है। सभी कुण्डों और तालाबों में बोरिंग और टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ जल से भर दिया गया है तथा सभी विसर्जन स्थलों पर बड़े पैमाने पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तैयारियॉं की गयी है, जिससे कि माता दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित करने में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। सभी तालाबों, घाटों और अन्य स्थलों पर उत्तम साफ-सफाई व्यवस्था के साथ बेरीकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। इन सभी व्यवस्थाओं को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधियों के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एस.पी. सम्पत उपाध्याय, एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन तथा विशेष उपस्थिति में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पूर्ण कराया गया है।

इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि गौरीघाट स्थित भटौली कुण्ड विसर्जन के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि यहॉं पर रंगाई पुताई, सफाई, एवं बेरीकेटिंग के साथ-साथ पार्किंग व्यवस्था और कुण्ड को स्वच्छ जल से पर्याप्त मात्रा में भरा गया है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि भटौली कुण्ड की तरह तिलवारा घाट स्थित निर्मित कुण्ड, अधारताल तालाब के तटों, और हनुमानताल तालाब के चारों तरफ बहुत ही सुन्दर और आकर्षक रूप से मॉं दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए तैयार कर लिया गया है। तालाब और कुण्डों में 4 बोरिंग को लगातार चालू कराकर पर्याप्त मात्रा में जल से भरा गया है। उन्होंने बताया कि आज बोरिंग के अलावा टैंकरों के माध्यम से भी तालाब और कुण्डों को स्वच्छ जल से भरा गया है। उन्होंने बताया कि विसर्जन के समय श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी, क्योंकि वहॉं सारी व्यवस्थाऍं चाकचौबंद कराने के साथ-साथ जिला, पुलिस, और निगम प्रशासन के पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। सभी अधिकारी मुस्तैद रहकर दुर्गा पुतिमाओं को विसर्जित कराने में सहयोग प्रदान करेगें। निगमायुक्त ने बताया कि सभी विसर्जन कुण्डों एवं तालाबों के पास कंट्रोल रूम के अलावा अन्य आवश्यक सूचनाएं आदान प्रदान करने तथा व्यवस्थाएं बनाने के लिए अलग से विशेष रूप से काउंटर बनाये जा रहे हैं, जहॉं से सारी सूचनाएं और सुझावों पर समाधान करने की व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं।

# विशाल चुनरी यात्रा सम्पन्न

**मझौली।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी लगातार 7 वर्षो से मां मन्नत वाली माता ताम्रकार मोहल्ला मझौली नौदुर्गा के सातवें तिथि के दिन यह चुनरी माता को चढ़ाई जाती है एवं विशाल चुनरी यात्रा निकाली जाती है जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहते हैं मन्नत दरवार से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गो से भगवान विष्णु वाराह मंदिर से होते हुए वापस मन्नत दरवार पहुती है यह चुनरी लगभग 500 मीटर से भी अधिक थी पृतिवषृ इसकी लंबाई आधीक होती जाती है नगर में जगह-जगह भक्तों के द्वारा पुजन अर्चन किया गया।

**श्री प्रकाश जैन** सिहोरा झंडा बाजार वार्ड क्रमांक 5 निवासी प्रकाश जैन का 73 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार आज सोमवार को सुबह 9.30 बजे कुर्रे रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे प्रमोद जैन,शरद जैन के बड़े भाई एंव विनय जैन के पिता थे।



**श्री राम गोपाल नामदेव-** कसौंधन नगर ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री राम गोपाल नामदेव (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नरसिंह पाली-** अवधपुरी कॉलोनी निवासी श्री नरसिंह पाली का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हर्ष कोचर-** समदड़िया आस्था नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री हर्ष कोचर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सोनकली पटेल-** मदनमहल रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री लक्ष्मण पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती सोनकली पटेल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश कुमार चौधरी-** बड़ी खेरमाई सती चौक निवासी श्री राजेश कुमार चौधरी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सत्यभान पटेल-** मड़ई व्हीकल निनवासी श्री सत्यभान पटेल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री नरेंद्र चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री किशन लाल चौधरी के पुत्र श्री नरेंद्र चौधरी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू नामदेव-** कांचघर रोड शीतलामाई वार्ड निवासी श्री राजू नामदेव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नितेश सतनामी-** बाबा टोला जानकीदास मंदिर के पास निवासी श्री लालमणी सतनामी के पुत्र श्री नितेश सतनामी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उमेश कुमार मिश्रा-** बिलपुरा कॉलोनी व्हीकल मड़ई निवासी श्री उमेश कुमार मिश्रा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला देवी साहू-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री बैजनाथ साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला देवी साहू (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला श्रीवास्तव-** प्रोफेसर्स कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती विमला श्रीवास्तव (82) का निधन हो गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### बीओबी को आईआईबीएक्स में कारोबार की मिली मंजूरी

**गांधीनगर।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा को गिफ्ट सिटी स्थित इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज आईएफएससी लिमिटेड (आईआईबीएक्स) पर कारोबार-सह-समाशोधन सदस्य (टीसीएम) के रूप में काम करने की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) से मंजूरी मिल गई है।

### गोदरेज एग्रोवेट का खाद्य मंत्रालय के साथ करार

**नई दिल्ली।** गोदरेज एग्रोवेट लि. ने विनिर्माण, प्रसंस्करण और अनुसंधान सुविधाएं स्थापित करने के लिए 960 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दौरान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### एनसीसीएफ का कारोबार 45 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड के चेयरमैन विशाल सिंह ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में मुख्य रूप से कृषि वस्तुओं के बेहतर कारोबार के जरिये कुल कारोबार को 45 प्रतिशत बढ़ाकर 12,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वित्त वर्ष में 8,270 करोड़ रुपये का कारोबार किया वर्ष 2023-24 में 5,968.96 करोड़ रुपये था।

### बीईएमएल ने संवाद सम्मेलन में पांच पुरस्कार जीते




**बेंगलुरु।** रक्षा क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसे गोवा में आयोजित 19वें वैश्विक संवाद सम्मेलन 2025 में उत्कृष्ट संचार रणनीतियों के लिए पांच पुरस्कार मिले हैं। जिन पांच श्रेणियों में उसने पुरस्कार जीते हैं, वे हैं व्यावसायिक संचार नेतृत्व, कंटेंट मार्केटिंग, कॉरपोरेट साझेदारी, टेबल कैलेंडर और कॉरपोरेट ब्रोशर।

### स्टार्टअप रेलॉय को 75 फीसदी राजस्व वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी कैपिटल समर्थित प्रौद्योगिकी आधारित प्रॉपर्टी स्टार्टअप रेलॉय को उम्मीद है कि आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के कारण चालू वित्त वर्ष में उसका राजस्व 75 प्रतिशत बढ़कर 50 करोड़ रुपये हो जाएगा। रेलॉय के अनुसार यह वृद्धि हाउसिंग प्रॉपर्टी की मजबूत मांग के कारण संभव होगी।

# एलपीजी सप्लायर से हैं परेशान? मोबाइल की तरह पोर्ट करा पाएंगे गैस सिलेंडर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- ग्राहकों को अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी

क्या आप अपने रसोई गैस आपूर्तिकर्ता से नाराज हैं? अगर ऐसा है तो जल्द ही आपको राहत मिलने वाली है। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह ही, रसोई गैस उपभोक्ताओं को जल्द ही अपने मौजूदा कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिल जाएगी।

इससे उन्हें अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी। तेल नियामक पीएनजीआरबी ने 'एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी' मसौदे पर हितधारकों और उपभोक्ताओं की टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिलेगी

### कंपनी व डीलर चुनने की स्वतंत्रता होगी

इसमें कहा गया, ''अन्य कारण भी हो सकते हैं, और उपभोक्ता को एलपीजी कंपनी या डीलर चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत समान हो। तत्कालीन संप्रग सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शनों की पायलट पोर्टेबिलिटी शुरू की थी और जनवरी 2014 में इसे पूरे भारत में विस्तारित करते हुए 480 जिलों को इसमें शामिल किया था।



### उपभोक्ताओं से उपायों पर सुझाव आमंत्रित

पीएनजीआरबी अब कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी की अनुमति देने की बात कर रहा है। नियामक ने कहा, ''पीएनजीआरबी, एलपीजी आपूर्ति की निरंतरता को मजबूत करने और उपभोक्ताओं के विश्वास की रक्षा के लिए उपभोक्ताओं, वितरकों, नागरिक समाज संगठनों और अन्य हितधारकों से ऐसे उपायों पर विचार और सुझाव आमंत्रित करता है जिनसे समय पर रिफिल की सुविधा मिल सके।''

### लागू करने की तारीख तय नहीं

टिप्पणियां मिलने के बाद पीएनजीआरबी एलपीजी पोर्टेबिलिटी के लिए नियम और दिशानिर्देश तैयार करेगा और देश में इसे लागू करने की तारीख तय करेगा।

### परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता था

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नोटिस में कहा कि ऐसी स्थितियों में जहां किसी स्थानीय वितरक को परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, उपभोक्ताओं के पास अक्सर सीमित विकल्प होते हैं और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### पहले डीलर बदलने के सीमित विकल्प थे

उपभोक्ताओं को 2014 में केवल अपने डीलर बदलने के सीमित विकल्प दिए गए थे, तेल कंपनी नहीं। उस समय कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी कानूनी रूप से संभव नहीं थी, क्योंकि कानून के अनुसार किसी विशेष कंपनी के एलपीजी सिलेंडर को रिफिल के लिए केवल उसी कंपनी को जमा करना होता था।

## उद्योग निकाय सीआईएबीसी ने जारी की रिपोर्ट

# भारत में व्हिस्की बिक्री में दक्षिण भारत की 58 फीसदी हिस्सेदारी, कर्नाटक शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में बनी विदेशी शराब (आईएमएफएल) की बिक्री में दक्षिणी राज्यों का दबदबा है। उद्योग निकाय सीआईएबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024-25 में देश कुल आईएमएफएल बिक्री में दक्षिण भारत की 58 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

सीआईएबीसी के अनुसार, दक्षिण भारत का आईएमएफएल बाजार पर लगभग पूरी तरह से कब्जा है, जबकि देश के बाकी हिस्से की हिस्सेदारी केवल 42 प्रतिशत है। हालांकि, पूरे देश में आईएमएफएल व्हिस्की की बिक्री में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो अब 40.17 करोड़ पेटी पर आ गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 39.62 करोड़ पेटी थी।

### शराब नीति के कारण बिक्री धीमी रही

सीआईएबीसी के महानिदेशक अनंत एस अय्यर ने 'पीटीआई भाषा' कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही चुनाव और कुछ राज्यों की शराब नीति के कारण कमजोर रही, जिससे बिक्री धीमी रही। उन्होंने कहा कि वे राज्य सरकारों से लगातार संपर्क में हैं और आबकारी नीति से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर रहे हैं, क्योंकि हर साल राज्य स्तर पर कर और नीतियों में बदलाव होते हैं, जो बिक्री को प्रभावित करते हैं।

भारत में बना विदेशी शराब में दक्षिणों राज्यों का दबदबा ▶ देश के बाकी हिस्से की हिस्सेदारी केवल 42 प्रतिशत ▶ पूरे देश में आईएमएफएल व्हिस्की की बिक्री में 1.4% की गिरावट आई

### तमिलनाडु 6.88 करोड़ पेटी के साथ दूसरे स्थान पर

*आईएमएफएल में व्हिस्की, वोडका, रम, जिन और ब्रांडी शामिल हैं, जिन्हें देशी शराब और पारंपरिक पेयों से अलग माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक ने 6.88 करोड़ पेटियों की बिक्री के साथ फिर से शीर्ष स्थान बनाए रखा, जबकि तमिलनाडु ने 6.47 करोड़ केस के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।*



### पुडुचेरी 19वें स्थान पर रहा

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश ने लगभग नौ-नौ प्रतिशत की हिस्सेदारी दी, जबकि केरल सातवें स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया कि दक्षिण भारत में कुल मिलाकर बिक्री में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिलचस्प बात यह है कि पुडुचेरी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 0.28 करोड़ पेटियों के साथ 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 19वें स्थान पर रहा।

### उत्तरी क्षेत्र ने केवल एक फीसदी वृद्धि दर्ज की

*इसके बाद राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा का स्थान रहा, जो क्रमशः 1.37 करोड़ पेटियों, 1.18 करोड़ पेटियों और 1.17 करोड़ पेटियों के साथ आईएमएफएल की बिक्री में नौवें, 10वें और 11वें स्थान पर रहे। कुल मिलाकर, उत्तरी क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2024-25 में आईएमएफएल की बिक्री में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।*

### पश्चिमी क्षेत्र का बिक्री में 12 फीसदी का योगदान

*रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिमी क्षेत्र ने 4.70 करोड़ पेटियों के साथ आईएमएफएल की बिक्री में 12 प्रतिशत का योगदान दिया, जहां महाराष्ट्र 2.71 करोड़ पेटियों की खपत के साथ सूची में सबसे ऊपर रहा। पूर्वी क्षेत्र में आईएमएफएल की बिक्री का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा था, जहां पश्चिम बंगाल 1.49 करोड़ पेटियों के साथ शीर्ष पर रहा।*

# दवा कंपनियों ने अमेरिका से अपने उत्पाद वापस मंगाए



- ग्लेनमार्क, ग्रैन्यूल्स, जाइडस जैसी कंपनियां शामिल
- खामियों के चलते उत्पाद अमेरिकी बाजार से वापस मंगाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय दवा निर्माता ग्लेनमार्क, ग्रैन्यूल्स इंडिया, सन फार्मा, जाइडस और यूनिकेम विनिर्माण संबंधी विभिन्न खामियों के चलते अमेरिकी बाजार से अपने उत्पाद वापस मंगा रहे हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने यह जानकारी दी।

नियामक ने अपनी ताजा प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा कि ये दवा निर्माता अमेरिकी बाजार से प्रभावित लॉट स्वेच्छा से वापस मंगा रहे हैं। यूएसएफडीए ने कहा कि मुंबई स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की एक अमेरिकी सहायक कंपनी 13,824 एजेलिक एसिड जेल ट्यूबों को वापस मंगा रही है।

हैदराबाद स्थित ग्रैन्यूल्स इंडिया डेक्सट्रोएम्फेटामाइन सैकरेट, एम्फ़ेटामाइन एस्पार्टेट मोनोहाइड्रेट, डेक्सट्रोएम्फेटामाइन सल्फेट और एम्फ़ेटामाइन सल्फेट की 49,000 से अधिक बोतलें वापस मंगा रही है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि दवा कंपनी सन फार्मा की एक अमेरिकी सहायक कंपनी रीनल इमेजिंग एजेंट की 1,870 किट वापस मंगा रही है।


### जाइडस एंटीवायरल दवा वापस मंगा रही

इसी तरह अहमदाबाद स्थित दवा निर्माता कंपनी जाइडस फार्मास्युटिकल्स (यूएसए) इंक एंटीवायरल दवा एंटेकाविर टैबलेट की 8,784 बोतलें वापस मंगा रही है। यूएसएफडीए ने कहा कि एक अन्य दवा कंपनी यूनिकेम फार्मास्युटिकल्स यूएसए इंक लेबल में गड़बड़ी के कारण दवा की बोतलें वापस मंगा रही है।

# त्योहारी मांग के चलते सराफा में तेजी जारी रहने की उम्मीद

- इस सप्ताह और तेजी रहने की उम्मीद
- बीच में मुनाफावसूली भी देखने मिल रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बरकरार रहने की उम्मीद है, लेकिन महत्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक संकेतकों के आने के बीच मुनाफावसूली भी देखने को मिल सकती है। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। विश्लेषकों ने कहा कि आर्थिक मोर्चे पर कारोबारी विनिर्माण और सेवाएं पीएमआई के आंकड़ों, सितंबर माह के लिए अमेरिका के रोजगार आंकड़ों के साथ ही उपभोक्ता विश्वास की स्थिति पर नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि सोना और चांदी में मौजूदा सकारात्मक गति जारी रहेगी, हालांकि, सप्ताह के अंत में कुछ मुनाफावसूली से इनकार नहीं किया जा सकता।

*सोना सर्वकालिक उच्चस्ततर पर पहुंचा : मंगलवार को भाव 1,15,139 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। स्मॉलकेस के निवेश प्रबंधक पंकज सिंह ने कहा, ''यह तेजी अमेरिकी वृहद आर्थिक संकेतों, वैश्विक रिजर्व पुनर्गठन और घरेलू त्योहारी मांग से प्रेरित है।'' सिंह ने बताया कि अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े पूर्वानुमानों से मेल खाते हैं, जबकि आय और व्यय के आंकड़े अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लचीलेपन की पुष्टि करते हैं।*

# अमेरिकी शुल्क को लेकर केवल सन फार्मा पर कुछ जोखिम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के एक अक्टूबर से ब्रांडेड और पेटेंट वाले दवा उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने से भारतीय दवा निर्माताओं को कोई खास नुकसान नहीं होगा। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि सन फार्मा पर कुछ जोखिम तो है, लेकिन आय पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय कंपनियों में केवल सन फार्मा की अमेरिका में पेटेंट वाली दवाओं से अच्छी-खासी बिक्री है (वित्त वर्ष 2024-25 के राजस्व का लगभग 17 प्रतिशत)। अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अक्टूबर से अमेरिका में आने वाली ब्रांडेड या पेटेंट दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। हालांकि, अमेरिका में विनिर्माण संयंत्र बनाने वाली दवा कंपनियों को इससे छूट दी गई है। एचएसबीसी ने कहा कि सन फार्मा ने वित्त वर्ष 2024-25 में पेटेंट उत्पादों से 1.217 अरब अमेरिकी डॉलर की वैश्विक बिक्री दर्ज की, जिसमें अमेरिकी बाजार का योगदान लगभग 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर (वैश्विक बिक्री का 85-90 प्रतिशत) था। यह आंकड़ा कुल राजस्व का 17 प्रतिशत और एकीकृत प्रति शेयर आय (ईपीएस) का 8-10 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया, ''जेनेरिक (पेटेंट-मुक्त) दवाएं अमेरिकी शुल्क से मुक्त हैं, इसलिए अन्य भारतीय कंपनियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।''

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि नए शुल्क से ''भारतीय दवा निर्माताओं को कोई खास नुकसान नहीं होगा'', क्योंकि अमेरिका को निर्यात में मुख्य रूप से जेनेरिक, पेटेंट मुक्त दवाएं शामिल हैं, जो इन शुल्क के दायरे में नहीं आती हैं। एचएसबीसी ने कहा कि इस समय सन फार्मा के पेटेंट उत्पाद ज्यादातर वैश्विक अनुबंध विकास और विनिर्माण संगठन (सीडीएमओ) भागीदार बताते हैं। इसमें आगे कहा गया, हालांकि यह शुल्क सन फार्मा के लिए व्यापक रूप से नकारात्मक है, हमें लगता है कि आय पर शुल्क का प्रभाव कई पहलुओं पर निर्भर करता है। इनमें आपूर्ति श्रृंखला का विस्तार, ब्रांड का आईपी स्थान, तृतीय-पक्ष निर्माताओं का उपयोग शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि सबसे खराब स्थिति में सन फार्मा को अमेरिका में संयंत्रों वाले सीडीएमओ भागीदारों को विनिर्माण स्थानांतरित करना होगा।

# आरबीआई के फैसले पर तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वैश्विक रुझान भी भारत के बाजार पर डालेंगे असर

छुट्टियों से प्रभावित इस सप्ताह में शेयर बाजार की चाल आरबीआई के ब्याज दर संबंधी फैसले, शुल्क संबंधी घटनाक्रम, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी। औद्योगिक उत्पादन और एचएसबीसी पीएमआई विनिर्माण आंकड़ों जैसे व्यापक आर्थिक रुझानों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। शेयर बाजार दशहरा और महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, ''बाजार एक ऐसे सप्ताह में प्रवेश कर रहा है, जहां कई आंकड़े आने हैं। घरेलू और वैश्विक दोनों ही संकेतक बाजार की चाल तय करेंगे। घरेलू मोर्चे पर, औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों और आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर नजर रहेगी। इसके साथ ही सितंबर के वायदा-विकल्प अनुबंधों की समाप्ति के कारण अस्थिरता बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर किसी खबर से बाजार प्रभावित होगा।




*सभी की निगाहे अमेरिका व आरबीआई की नीति पर : स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''इस समय, सभी की निगाहें अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों पर टिकी हैं। घरेलू मोर्चे पर, एक अक्टूबर को आने वाली आरबीआई की नीति घोषणा महत्वपूर्ण है।''*


## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T. क्र. 24(E.T.)/निर्माण/न.पा.नि./2025-26 **निविदा सूचना** सतना, दिनांक 26.09.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र.व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 24 26/09/2025 | 2025_UAD _454301_1 | दुकान निर्माण कार्य PMAY साइट उतैली में (60 दुकान) (चतुर्थ काल) | 2,25,20,636/- | 2,25,300/- | 15,000/- | 06 माह |

शर्ते:- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 27.09.2025 समय 10:30 से दिनांक 13.10.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

"स्वच्छ सतना लक्ष्य अपना"

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)

## खंड -I
## ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन, कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट, मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/08/ई-टेंडरिंग/2025-26 बालाघाट, दिनांक 24/09/2025

1. वनमण्डल अधिकारी उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट द्वारा द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | कार्य का प्रकार | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रोजेक्ट नं. 760453, ग्राम करेली के उमरदेही में विद्युतीकरण कार्य | संलग्न प्राक्कलन के आधार पर विद्युतीकरण कार्य। | 85000/- | 2000/- Tax extra |
| 2 | प्रोजेक्ट नं. 758782, ग्राम पंडरिया में समहरूटोला, भगतवाही में विद्युतीकरण कार्य | | | |
| 3 | प्रोजेक्ट नं. 707662, ग्राम देवगांव का बड़टोला में विद्युतीकरण एवं सड़क बत्ती कार्य | | | |
| 4 | प्रोजेक्ट नं. 753875, ग्राम डोंगरिया के आमाटोला में विद्युतीकरण कार्य | | | |
| 5 | प्रोजेक्ट नं. 753883 ग्राम जगला के पटेलटोला में विद्युतीकरण कार्य | | | |
| 6 | प्रोजेक्ट नं. 732137, ग्राम लामता में स्ट्रीट लाईट विद्युतीकरण कार्य | | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 25-09-2025 बजे 10:00 AM से दिनांक 09-10-2025, बजे 11:00 AM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 03-10-2025 समय 02:00 PM को उप वनमण्डलाधिकारी, कार्यालय उकवा (सा.) उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है। 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्विपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं। 6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

G-19295/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट


## ब्रिटेन सरकार जेएलआर को 1.5 अरब पाउंड तक की ऋण गारंटी देगी

# जेएलआर को ब्रिटेन सरकार से ऋण गारंटी मिली

एजेंसी ▶▶| लंदन

- साइबर हमले के बाद ब्रिटेन में टाटा मोटर्स ने उत्पादन रोक दिया था

ब्रिटेन सरकार ने रविवार को ऐलान किया कि वह जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को 1.5 अरब पाउंड तक की ऋण गारंटी देगी। यह मदद एक बड़े साइबर हमले के बाद जेएलआर की आपूर्ति श्रृंखला को स्थिरता देने के लिए की जा रही है।

जेएलआर, भारत की टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली एक प्रतिष्ठित ब्रिटिश कार विनिर्माता कंपनी है। गारंटी ब्रिटेन के डिपार्टमेंट फॉर बिजनेस एंड ट्रेड (डीबीटी) की ओर से दी जाएगी। साथ काम करने वाली छोटी कंपनियां भी संकट में आई इससे न केवल कंपनी को नुकसान हुआ, बल्कि उसके साथ काम करने वाली छोटी और मध्यम दर्जे की कंपनियां भी संकट में आ गईं। इस सहायता का उद्देश्य इन्हीं कंपनियों को सहारा देना और नौकरियों को बचाना है।

### उत्पादन अगले माह से बहाल हो जाएगा

उम्मीद है कि उत्पादन अगले महीने तक बहाल हो जाएगा। कंपनी ने जानकारी दी है कि अब उसके कुछ डिजिटल सिस्टम दोबारा चालू हो गए हैं और वो आपूर्तिकर्ताओं के बकाया भुगतान को तेजी से निपटा रही है।




### कंपनी 34,000 लोगों को देती है रोजगार

*जेएलआर के पास ब्रिटेन में तीन बड़े संयंत्र हैं। कंपनी सीधे तौर पर 34,000 लोगों को रोजगार देती है और इसकी आपूर्ति श्रृंखला में 1.2 लाख से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। ब्रिटेन की सरकार और साइबर विशेषज्ञ जेएलआर के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि जल्द से जल्द उत्पादन दोबारा शुरू किया जा सके।*

### कंपनी को राशि पांच वर्षों में चुकानी होगी

यह गारंटी 'निर्यात विकास गारंटी' योजना के तहत दी जाएगी, जो कि ब्रिटेन एक्सपोर्ट फाइनेंस नामक सरकारी एजेंसी द्वारा चलाई जाती है। कंपनी को यह राशि पांच वर्षों में चुकानी होगी। जेएलआर पर इस महीने की शुरुआत में एक बड़ा साइबर हमला हुआ था, जिसके कारण कंपनी को अपने कई संयंत्र में उत्पादन रोकना पड़ा।

### नौकरियां सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी

ब्रिटेन के व्यापार मंत्री पीटर काइल ने कहा, ''यह साइबर हमला सिर्फ एक प्रतिष्ठित कंपनी पर नहीं, बल्कि ब्रिटेन के वाहन क्षेत्र और उससे जुड़े लाखों लोगों की आजीविका पर हमला था। हमारी इस गारंटी से वेस्ट मिडलैंड्स, मर्सीसाइड और पूरे देश में नौकरियों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।''

## चिंतन

# रैली के आयोजकों को बनाया जाए जवाबदेह

अभिनेताओं की फिल्म का प्रमोशन हो, क्रिकेट फ्रेंचाइजी में जीत का जश्न हो, बाबाओं की कथा हो या फिर नेताओं की रैलियां। आखिर ऐसे आयोजनों में भारी भीड़ क्यों जुटती है और आम लोग क्यों असमय काल का ग्रास बन जाते हैं। देश में हर साल भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने से सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। भीड़ की यह कैसी दीवानगी है जो एक-दूसरे को खींचकर ले जाती है। इन सबके बावजूद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग तक भारी संख्या में रैलियों में पहुंचे हैं। इस साल की बात करें तो भारत में मंदिरों, रेलवे स्टेशनों, महाकुंभ, रैलियों और सार्वजनिक आयोजनों में भीड़ के इकट्ठा होने के कारण कई लोगों की जान गई है। ऐसा नहीं है कि इस साल ही ऐसा हुआ हो। यह लगभग हर साल होता है। जहां भगदड़ की वजह से कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं। भगदड़ में मौत की सबसे बड़ी वजह किसी स्थान पर क्षमता से अधिक लोगों का पहुंच जाना, फिर धक्का-मुक्की और दम घुटना शामिल है। ऐसा नहीं है कि दूसरे देशों में ऐसी घटनाएं नहीं होती हों, लेकिन अपने देश में रैलियों के प्रति लोगों में दीवानगी कुछ ज्यादा ही है। पिछले साल अल्लू अर्जुन अपनी नई फिल्म में व्यस्त होंगे पर उनकी पुष्पा-2 के शो में जो भगदड़ मची और जो लोग मारे गए थे, उनके परिजनों की चीखें उसी सिनेमाहॉल के आसपास गूंज रही हैं। इस साल 2025 में बेंगलुरु में विराट कोहली की टी-20 टीम के स्वागत में उमड़े लोगों में से कुछ फैंस को नहीं मालूम था कि वे अपने घर कंधे पर लौटेंगे। सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा का कुबेरेश्वर धाम हो या बाबा बागेश्वर का धाम-वहां से प्रवचन सुनकर कुछ लोग अपने घरों तक नहीं लौट पाए। वहीं, मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई। ऐसे ही शनिवार को तमिलनाडु के करूर में अभिनेता थलापति विजय की टीवीके (टीम विजय कझगम) रैली में भारी भीड़ के कारण अफरा-तफरी मच गई। जहां अचानक मची भगदड़ में 39 लोगों की जान चली गई। भगदड़ में कई कार्यकर्ता बेहोश हो गए। कई का दम घुट गया। कई पैरों के नीचे कुचले गए। दौड़ती भीड़ अपने ही बगल में नीचे पड़े लोगों को रौंदती चली गई। इन कुचले और दम तोड़ते लोगों को बड़ी मुश्किल से अस्पताल पहुंचाया जा सका। क्योंकि, एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल सका। मरने वालों में 6 मासूम बच्चे हैं। 20 से ज्यादा महिलाएं। इन महिलाओं की मौत ऐसे वक्त में हुई, जब पूरा देश मां दुर्गा की शक्ति की उपासना में लगा हुआ है और रविवार को देश बिटिया दिवस भी मना रहा है। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और प्रशासन ने जांच के आदेश देकर मामले से पल्ला झाड़ लिया। भगदड़ में होने वाली मौतें परेशान तो करती ही हैं, साथ ही सवाल भी खड़े करती हैं कि आखिर अपने देश में भगदड़ में इतने लोगों की मौत क्यों हो जाती है? आखिर भगदड़ की वजह क्या है और क्यों प्रशासन ऐसे भगदड़ को रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है? आखिर इसकी जवाबदेही किसकी है? रैलियों में भारी भीड़ से हुई मौतों को रोकने के लिए रैली के आयोजकों को भी जवाबदेह बनाना होगा। देखना होगा कि रैली स्थल पर पर्याप्त स्थान हो, हवा-पानी की व्यवस्था हो, सुरक्षा के कड़े इंतजाम हों और पहले से ही यह अनुमान भी हो, मसलन कितने लोग रैली में पहुंच सकते हैं। तभी भारी भीड़ वाले स्थलों पर भगदड़ जैसी स्थिति से निपटा जा सकता है।



सुदर्शन चक्र
निरंकार सिंह

# मिसाइल तकनीक में भारत की छलांग

भारत ने सुरक्षा क्षेत्र में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी विरोधी भी तारीफ कर रहे हैं। पिछले महीने ओडिशा के समुद्री तट पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इस सिस्टम में क्विक रिएक्शन मिसाइलें तो हैं ही, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हाई-पावर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी शामिल है। इसे आधुनिक 'सुदर्शन चक्र' कहा जा रहा है, जो पलक झपकते ही दुश्मन का खात्मा कर सकता है। लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उस चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है जिनके पास यह तकनीक है।

भारत ने सुरक्षा क्षेत्र में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी विरोधी भी तारीफ कर रहे हैं। पिछले महीने ओडिशा के समुद्री तट पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इस सिस्टम में क्विक रिएक्शन मिसाइलें तो हैं ही, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हाई-पावर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी शामिल है। इसे आधुनिक 'सुदर्शन चक्र' कहा जा रहा है, जो पलक झपकते ही दुश्मन का खात्मा कर सकता है। बीजिंग स्थित एयरोस्पेस नॉलेज मैगजीन के एडिटर वांग यानान ने चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उस चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है जिनके पास यह तकनीक है। यानान ने यहां तक कहा कि मिसाइल और मैन-पोर्टेबल सिस्टम तो कई देशों के पास हैं, लेकिन लेजर हथियार का टेस्ट और उसे तैनात करने की क्षमता हर किसी के पास नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत लगातार अपने डिफेंस सिस्टम को अपग्रेड करने में जुटा है।

मिसाइल से लेकर ड्रोन, फाइटर जेट, एयर डिफेंस सिस्टम तक को मजबूत किया जा रहा है। डीआरडीओ लगातार ऐसी मिसाइलें विकसित कर रहा है, जो पहले के मुकाबले काफी घातक हैं। नई तकनीक से बनीं ये मिसाइल्स सामान्य रडार और डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में भी सक्षम है। डीआरडीओ रुद्रम प्रोजेक्ट के तहत हाइपरसोनिक मिसाइल डेवलप कर रहा है। इसकी रफ्तार 5 मैक यानी 6000 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा होगी। साथ ही इसकी रेंज 1000 से 1500 किलोमीटर तक होगी। इस तरह पाकिस्तान का ज्यादातर हिस्सा इस मिसाइल की जद में होगा। हाइपरसोनिक मिसाइल को रुद्रम-4 का नाम दिया गया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह मिसाइल दुश्मन को महज कुछ सेकंड की प्रतिक्रिया अवधि देती है, जिससे उसकी हिट-रेट लगभग सुनिश्चित हो जाती है। उड़ान परीक्षणों के दौरान, तीन अलग-अलग लक्ष्यों, जिनमें दो उच्च गति वाले फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) और एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन शामिल थे, को एक साथ उच्च ऊर्जा लेजर हथियार प्रणाली द्वारा अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। पिछले महीने उसने 20 अगस्त को अपनी सबसे ताकतवर मिसाइल अग्नि पांच का सफलतापूर्वक परीक्षण करके सबको चौंका दिया। इस मिसाइल को बंगाल की खाड़ी के तट से हवा में छोड़ा गया। यह हिंद महासागर में अपने लक्ष्य को सटीक निशाना लगाने में कामयाब रही। भारत की यह सबसे लंबे दूरी की मिसाइल है, जिसे भारत का ब्रह्मास्त्र कहा जाता है। एमआईआर तकनीक वाली अग्नि 5 मिसाइल एक साथ कई सौ किलोमीटर में फैले तीन ठिकानों पर हमला किया। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार अग्नि पांच के जरिए भारत चीन से मिल सकने वाली चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम है। आज मिसाइल के क्षेत्र में भारत पूरे विश्व में अपनी धाकजमा रहा है। अग्नि पांच में ऐसे सेंसर लगे हैं, जिससे वह अपने लक्ष्य तक बिना किसी गलती के पहुंचने में कामयाब रहेगी। अग्नि मिसाइल भारत के पास साल 1990 से मौजूद है, लेकिन वक्त के साथ इसके नए और ज्यादा




आधुनिक रूप बनाए जाते रहे हैं। अग्नि- 5 परमाणु हथियार ले जाने में पूरी तरह से सक्षम मिसाइल है। अभी तक एमआईआर वी तकनीक से लैस मिसाइल केवल रूस,चीन, अमेरिका, फ्रांस और यूके के पास है। इस मिसाइल को जमीन या समंदर या पनडुब्बी से लॉन्च किया जा सकता है। इसकी मारक क्षमता 5000 किलोमीटर तक है। इसी साल जुलाई में पांच मिसाइलों का परीक्षण किया था। भारत की स्वदेशी तकनीक से बनी इन मिसाइलों की क्षमता ब्रह्मोस मिसाइल से अधिक है। भारत ने मिसाइल तकनीक में बड़ी छलांग लगाई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिसा के अब्दुल कलाम दवीप से 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल परीक्षण 28 और 29 जुलाई को किए हैं। डीआरडीओ के अनुसार दोनों मिसाइलें टारगेट को हिट करने में सफल रहीं। यह 350 से 700 किलोग्राम तक के अलग-अलग तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइल में खास तरह के नेविगेशन सिस्टम लगाए गए हैं। इससे यह बीच रास्ते में भी कमांड के अनुसार अपनी दिशा बदलने में माहिर हैं। इससे पहले 16-17 जुलाई को ओडिशा तट के पास से परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों पृथ्वी.2 और अग्नि.1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जो उसकी सामरिक प्रतिरोधक क्षमता का प्रदर्शन है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण विशिष्ट सामरिक बल कमान द्वारा किया गया और सभी परिचालन एवं तकनीकी मानकों की पुष्टि की गई। यह उपलब्धि भारत द्वारा 16 जुलाई को लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित आकाश प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण के बाद आई है। इस मिसाइल को 4500 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर मार करने के लिए बनायागया है। डीआरडीओ ने देश की अब तक की सबसे उन्नत मिसाइल प्रणाली का भी परीक्षण किया है। इसका नाम है ईटी-एलडीएचसीएम। इसकी सबसे खास बात है कि इसका इंजन स्क्रैमजेट हवा से ऑक्सीजन लेता है। इससे मिसाइल हल्की रहती है और बहुत तेज गति से उड़ सकती है। पुराने इंजनों को अपने साथ ऑक्सीजन ले जाना पड़ता था। लेकिन स्क्रैमजेट इंजन हवा से ही ऑक्सीजन खींच लेता है। इसलिए मिसाइल का वजन कम हो जाता है और वह लंबे समय तक तेज रफ्तार से उड़ान भर सकती है। इसका परीक्षण नवंबर 2024 में किया गया था। अभी कुछ और परीक्षण होने हैं। यह मैक 8 की गति से उड़ान भर सकती है और 1,500 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्यों को भेद सकती है। डीआरडीओ के गोपनीय प्रोजेक्ट विष्णु के तहत विकसित, यह मिसाइल स्क्रैमजेट इंजन का उपयोग करती है। यह परमाणु या पारंपरिक आयुध ले जा सकती है। यह जमीन, समुद्र या हवा तीनों से मारकर सकती है। अबभारत स्वदेशी हाइपरसोनिक क्षमता वाले विशिष्ट देशों के क्लब में शामिल हो गया है। इसे प्रोजेक्ट विष्णु के तहत बनाया गया था जो अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक हथियार विकसित करने के लिए एक गोपनीय कार्यक्रम है। रक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह मिसाइल मैक 8 की गति से 1,500 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्यों को भेद सकती है। हाइपरसोनिक मिसाइल फिलहाल चीन और रूस के पास है। वहीं भारत की तरह अमेरिका भी इसे बनाने की प्रक्रियामें लगा हुआ है। कुछ और देश हाइपरसोनिक मिसाइल बनाने का दावा करते हैं, लेकिन पुखता तौर पर ऐसा नहीं कहा जा सकता। ऐसे में भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश होगा, जिसके पास ये आधुनिक तकनीक होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श

राज कुमार सिन्हा



# नदी तू निर्मल बहती रहना धन-धान्य से भरपूर रखना

भारत की संस्कृति में नदियां जीवनदायिनी है। अन्न-जल देने वाली इन नदियों को मां मानकर पूजा जाता है। नदियों के बिना मानव जाति के विकास की परिकल्पना असंभव थी। हमारे ऋषि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है। इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- 'वृक्षाद् वर्षति पर्जन्यः पर्जन्यादन्न सम्भवः ' अर्थात वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। हिन्दुओं के चार वेदों में से एक अथर्ववेद में बताया गया है कि आवास के समीप शुद्ध जलयुक्त जलाशय होना चाहिए। जल दीर्घायु प्रदायक, कल्याणकारक, सुखमय और प्राणरक्षक होता है। शुद्ध जल के बिना जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जलस्त्रोतों को बचाए रखने के लिए हमारे ऋषियों ने इन्हें सम्मान दिया। पूर्वजों ने कल-कल प्रवाहमान सरिता गंगा को ही नहीं वरन सभी जीवनदायनी नदियों को मां कहा है। परंपरागत समय में मानवजाति ने नदियों के इस आत्मीय सहयोग को पूरा मान-सम्मान दिया किन्तु आज लोभ और लाभ की मनोवृत्ति की वजह से नदियां संकट में है। भारत को नदियों का देश माना जाता है तथा यहाँ छोटी और बड़ी नदियों को मिलाकर लगभग 4000 से अधिक नदियां हैं। देश में 521 नदियों के पानी की निगरानी करने वाले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक देश की 198 नदियां ही स्वच्छ हैं। इनमें अधिकांश छोटी नदियां हैं। शहरीकरण, औद्योगीकरण तथा अनियोजित विकास के कारण पिछले कुछ दशकों से नदियों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। कई सहायक नदियों का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। नदियों के विनाश में बाजारवाद का बढ़ता प्रभाव भी एक प्रमुख कारक है। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के चलते नदियों के स्त्रोत सूखने लगे हैं और नदियां सिकुड़ने लगी है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की ओर से 5 जून 2024 को पर्यावरण दिवस के मौके पर जारी स्टेट ऑफ एनवायरमेंट (एसओई) रिपोर्ट 2023 में यह खुलासा किया कि देश के 30 राज्यों में कुल 279 (46 फीसदी) नदियां प्रदूषित हैं। एसओई रिपोर्ट के मुताबिक देश की 279 अथवा 46 फीसदी प्रदूषित नदियों में सर्वाधिक प्रदूषित नदियां महाराष्ट्र (55) में हैं जबकि इसके बाद मध्य प्रदेश में 19 नदियां प्रदूषित हैं। वहीं, बिहार में 18 और केरल में 18 नदियां प्रदूषित हैं। उत्तर प्रदेश में 17 और कर्नाटक में 17 नदियां जबकि राजस्थान में 14 और गुजरात में 13, मणिपुर में 13, पश्चिम बंगाल में 13 नदियां प्रदूषित हैं। नदी के पानी का औद्योगिक प्रदूषण भारत में एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती है, जो पारिस्थितिकी तंत्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण और अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन के कारण खतरनाक अपशिष्ट नदियों को दूषित कर रहे हैं, जिससे पानी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। इससे मछलियां विलुप्त हो रही है। मछली जलीय पर्यावरण पर आश्रित जीव है तथा जलचर पर्यावरण को संतुलित रखने में इसकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिस पानी में मछली नहीं हो तो निश्चित ही उस पानी की जल जैविक स्थिति सामान्य नहीं है।

वैज्ञानिकों द्वारा मछली को जीवन सूचक (बायोइंडीकेटर) माना गया है। कई दूषित नदियों में जैविक ऑक्सीजन की मांग (बीओडी) का स्तर निर्धारित सीमा से 10 गुना अधिक है। मत्स्याखेट की सुरक्षा के लिए नदियों को बहते रहना और प्रदूषणमुक्त रखना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। नदियों में प्रदूषण का असल खमियाजा तो कृषि क्षेत्र पर पड़ता है। प्रदूषित नदियों के जल से सिंचाई होती है और इससे प्रदूषण उस कृषि भूमि पर पहुंच जाती है जहां से सीधे खाद्यान्न आता है। अब एक तरफ तो पैदावार बढ़ाने के लिए किसान खतरनाक उर्वरक इस्तेमाल करते हैं और दूसरी तरफ प्रदूषित नदियों का जल उसे और अस्वास्थ्यकर बनाता है। नदी में अनियंत्रित रेत खनन से नदी के वनस्पतियों और जीवों पर बहुत बुरा असर पड़ता है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने भारत में नदियों के संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण आदेश दिए हैं। इन आदेशों का उद्देश्य मुख्य रूप से नदी प्रदूषण रोकना, अवैध खनन नियंत्रित करना, अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करना और जलधाराओं को अविरल बनाए रखना है। भारत में नदियों की रक्षा के लिए प्रदूषण नियंत्रण, प्रवाह संरक्षण, तट प्रबंधन, जनभागीदारी और कानूनी उपाय आवश्यक हैं। सरकार ने नमामि गंगे जैसी योजनाएं शुरू की हैं, परंतु सफलता तभी मिलेगी जब स्थानीय समुदाय, सरकार, उद्योग और नागरिक मिलकर नदी को संसाधन नहीं, बल्कि जीवन के रूप में संरक्षित करें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही



संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा।

## काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लद्दाख में शांति कायम करना केंद्र का दायित्व

लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग के संदर्भ में हुए प्रदर्शन के लिए गृह मंत्रालय ने सोनम वांगचुक को जिम्मेवार ठहराया है। यह कदम युक्तियुक्त है। जब लद्दाख जे एंड के का हिस्सा था, तो कितना परेशान और उपेक्षित रहा। अब एकदम वह केंद्र शासित क्षेत्र है और पूर्णतया कानून-व्यवस्था केंद्र के हाथ है। किसी देखादेखी या विदेशी हाथ का प्रश्न नहीं उठता। घाव देख मक्खियां तो आदतन जरूर आती हैं, पर उन्हें एकदम उड़ाकर घाव को नासूर बनने से बचाना केन्द्र का ही दायित्व है। दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे कई केन्द्रशासित प्रदेश हैं, फिर इतनी बेचैनी लद्दाख को क्यों है। केन्द्र को हिंसक प्रदर्शनों पर रोक लगानी चाहिए और शीघ्र हल निकालना चाहिए। *- ब्रिजेश तिवारी, अंबिकापुर*

## ट्रेंड

### छठ महापर्व

तमिलनाडु से लेकर बिहार-झारखंड तक आज देशभर में खादी, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर में कुछ लोग कमाल के प्रोडक्ट तैयार कर रहे हैं। परंपरा और इनोवेशन के संगम से वोकल फॉर लोकल के अभियान को भी नई तेजी मिल रही है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### विनम्र श्रद्धांजलि

स्वर सम्राज्ञी, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनके स्वरों में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की दिव्यतम अभिव्यक्ति है। संस्कृति-कला जगत उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा।

**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**



### अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं

जो लोग ' आई लव मोहम्मद' कहकर अव्यवस्था, आगजनी और तोड़फोड़ का सहारा ले रहे हैं...उन्हें मालूम है कि यह शारदीय नवरात्रि है... 'चण्ड-मुण्ड' बनकर कार्य करोगे तो माँ भगवती कभी बर्दाश्त करने वाली नहीं हैं...

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### भाजपा का विश्वासघात

कांग्रेस लद्दाख में सरकार द्वारा स्थिति से निपटने में की गई दयनीयता और उसके बाद सोनम वांगचुक की कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती है। यह लद्दाख के लोगों के साथ भाजपा का विश्वासघात है।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**



## करंट अफेयर

# दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया को बड़े पैमाने पर वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद नयी व्यापार व्यवस्थाएं उभरकर सामने आएंगी। जयशंकर ने वैश्विक समीकरणों में बदलाव के बीच आर्थिक संबंधों में विविधता लाने के लिए लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें वार्षिक सत्र से इतर ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) के कार्यक्रम में शनिवार को कहा कि अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। जयशंकर ने कहा, "दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। हम नयी व्यापार व्यवस्थाएं, प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी और कार्यस्थल मॉडल देखेंगे, जो कम समय में वैश्विक परिदृश्य को बहुत अलग बना देंगे। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ संपर्क में है, तथा वह "व्यापार एवं साझेदारी को और आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि "ऐसे अशांत माहौल" में, खासतौर पर बड़े देशों के लिए, अधिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के वास्ते क्षमता निर्माण करना अहम है।



## ऑफ बीट

# क्या शनि के छल्ले 2025 तक 'गायब' हो जाएंगे



यदि आपके पास एक दूरबीन हो तो आसमान में वलय वाले ग्रह – शनि से भी ज्यादा शानदार कुछ दृश्य हैं। वर्तमान में, शनि शाम के आकाश में सूर्यास्त के तुरंत बाद अपने उच्चतम स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सौरमंडल के छठे ग्रह और उसके प्रसिद्ध छल्लों का अच्छा दृश्य देखने के लिए टेलीस्कोप या दूरबीन का उपयोग करने का यह आदर्श समय है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में सोशल मीडिया पर कई लेख जंगल की आग की तरह फैल गए हैं। उन लेखों का दावा है कि शनि के छल्ले तेजी से गायब हो रहे हैं – और 2025 तक गायब हो जाएंगे! तो कहानी क्या है? क्या अगले कुछ महीने, इससे पहले कि शनि शाम के आकाश में दृश्य से ओझल हो जाए, वास्तव में इसके शक्तिशाली छल्लों को देखने का हमारा आखिरी मौका हो सकता है? संक्षिप्त जवाब नहीं है। हालांकि यह सच है कि 2025 में छल्ले पृथ्वी से लगभग अदृश्य हो जाएंगे, यह न तो कोई आश्चर्य की बात है और न ही घबराने की बात है। इसके तुरंत बाद यह छल्ले 'फिर से प्रकट' होंगे। इसकी वजह पृथ्वी का झुकना बताया गया है। हमारी भूमध्य रेखा हमारी कक्षा के तल से लगभग 23 .5 डिग्री झुकी हुई है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# मैहर मेला में उमड़ा भक्तों का सैलाब, सप्तमी पर 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन






मैहर/सतना।

नवरात्रि के सातवें दिन,रविवार को मैहर में चल रहे प्रसिद्ध शारदा माता के मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अवकाश का दिन होने के कारण शासकीय और अशासकीय दफ्तरों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में दुकानदार भी माता के दर्शन के लिए पहुंचे,जिससे दर्शनार्थियों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई। मैहर मेला कंट्रोल रूम के अनुसार,रविवार को अपराह्न 3 बजे तक 1 लाख 11 हजार 257 से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा माँ शारदा माता का दर्शन और पूजा-अर्चना की जा चुकी थी। देर रात तक यह आंकड़ा और बढ़ गया था। मेले परिसर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं,जो माता के प्रति उनकी अटूट आस्था को दर्शाती हैं।

### माँ कालरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना

सप्तमी के दिन दुर्गा माता के सातवें स्वरूप माँ कालरात्रि की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मैहर स्थित शारदा माता मंदिर परिसर में कई श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया,साथ ही ब्राह्मणों,निःशक्त जनों और गरीब-असहायों को भोजन कराकर वस्त्र और दक्षिणा वितरित की। मंदिर में जहां देवी गीतों की धूम मची हुई है,वहीं चारों ओर 'शारदा माँ' के जयकारों से पहाड़ी गूंजायमान हो रही है।

### सतना जिले में दुर्गा उत्सव की धूम

मैहर के साथ ही सतना शहर सहित पूरे जिले में दुर्गा उत्सव के कार्यक्रमों की भारी धूम मची हुई है। जगह-जगह कन्या पूजन,कन्या भोजन,भंडारा और प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दुर्गा प्रतिमा स्थापना स्थलों पर सुबह और शाम की पूजा-आरती के साथ ही दुर्गा चालीसा,दुर्गा सप्तशती पाठ,और बीज मंत्र जाप के कार्यक्रम नियमित रूप से चल रहे हैं। इसके अलावा,देवी भक्त जगराता कार्यक्रम भी आयोजित कर रहे हैं। सतना शहर में कई स्थानों पर चल रहे डांडिया और गरबा कार्यक्रमों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी देवी माँ के गीतों पर झूम-झूमकर थिरकते हुए नवदुर्गा की आराधना कर रहे हैं।

## अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु मैहर पुलिस का नाईट कॉम्बिंग ऑपरेशन

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश पर दिनांक 27-28/09/25 कीरात्रि में अपराधियों की धरपकड़ हेतु कॉम्बिंग गस्त (नाईट कॉम्बिंग ऑपरेशन) का आयोजन किया गया। इस ऑपरेशन के दौरान,समस्त थाना/चौकियों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अधिक पुलिस बल के साथ धरपकड़ करते हुए,लंबे समय से फरार चल रहे 22 स्थाई/गिरफ्तारी वॉरंट तामील कराए।गस्त के दौरान 18 निगरानी बदमाश,29 गुंडा बदमाश एवं जेल से रिहा 02 अपराधियों को चैक किया गया। इन सभी को भविष्य में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई।साथ ही,होटल/ढाबा एवं सार्वजनिक स्थानों की चैकिंग की गई और रात्रि में बेवजह घूमने वाले/संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर अनावश्यक न घूमने की समझाइश दी गई।

# एसडीएम बंगले के ठीक सामने नायब तहसीलदार की पत्नी से लाखों की लूट




सतना।

नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत एसडीएम बंगले के ठीक सामने रविवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे नायब तहसीलदार राजेंद्र मांझी की पत्नी श्रीमती शशिप्रभा मांझी के साथ लूट हो गई। बाइक पर आए दो लुटेरे लाखों रुपये के जेवर लूटकर फरार हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,नायब तहसीलदार राजेंद्र मांझी की पत्नी श्रीमती शशिप्रभा मांझी रोज़ाना की तरह सुबह करीब साढ़े 6 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए अपने घर से बाहर निकलीं। जैसे ही वह बंगले से बाहर आईं,बाइक सवार दो युवक उनका पीछा करने लगे। बताया गया है कि जब श्रीमती मांझी एसडीएम बंगले के सामने से गुज़र रही थीं,तो बाइक सवार दोनों युवकों ने उतरकर उनसे बातचीत शुरू कर दी। युवकों ने पूछा कि क्या आप माता के दर्शन के लिए जा रही हैं। इसके बाद उन्होंने दो पत्ते उनके हाथ में पकड़ाते हुए कहा कि 25 कदम चलने के बाद इसमें आपको माता के दर्शन होंगे। लुटेरे युवकों ने उनसे सभी जेवर उतारकर पर्स में रखने के लिए कहा। कुछ देर बाद युवकों ने झपट्टा मारकर श्रीमती मांझी से जेवरात लूट लिए और बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

## चाकघाट वृत्त में अवैध मदिरा के खिलाफ की गई कार्रवाई

# आबकारी टीम ने 1.72 लाख रुपए का महुआ लाहन किया जब्त

रीवा।

आबकारी टीम ने वृत्त चाकघाट में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते करीब 11 प्रकरणों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करतु ए 1 लाख 72 हजार रुपए का महुआ लाहन और हाथ भ_ी मदिरा जब्त की है। बताया गया कि कार्रवाई में बाबूपुर खडारी में अमृत लाल मांझी के मकान से 440 किलोग्राम महुआ लाहन, मनबसिया मांझी के मकान से 220 किलोग्राम महुआ लाहन, छोटकी मांझी के कब्जे से 140 किलोग्राम महुआ लाहन, रजौआ मांझी के रिहायशी मकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन, रानी मांझी के रिहायशी मकान से 40 किलोग्राम महुआ लाहन, प्रभा माझी के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन,गीता मांझी के मकान से 60 किलोग्राम महुआ लाहन,रनियां मांझी के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 04लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। इसी तरह ग्राम अंजोरा में आशा मांझी के मकान से 300 किलोग्राम महुआ लाहन,रामरती माझी से 180 किलोग्राम महुआ लाहन तथा चाकघाट मे खुशबू देवी साकेत के मकान से 02 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक त्रिपाठी, आशीष शुक्ला आरक्षक- महेंद्र सिंह, वेदप्रकाश तिवारी, अखिलेश शुक्ला, आदित्य सिंह, अतुल बागरी, शुभम द्विवेदी, नगर सैनिक मनोज द्विवेदी, आरती साकेत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# बाइक को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित हुई यात्री बस

### बाल-बाल बची डेढ़ दर्जन यात्रियों की जान, कई यात्री घायल

बड़ामलहरा।

पुलिस अनुभाग के भगवां थाना क्षेत्र में ग्राम पनवारी के पास बीती शाम एक यात्री बस बाईक को बचाने के चक्कर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के वक्त बस में करीब डेढ़ दर्जन यात्री सवार थे, लेकिन गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ज्यादातर यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें इलाज के लिए घुवारा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक छतरपुर से रामटौरिया जा रही नंदा ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस के सामने पनवारी के पास अचानक एक बाईक आ गई, जिसे बचाने की कोशिश में चालक का नियंत्रण बस से हट गया और बस सड़क किनारे जाकर पलट गई। घटना के वक्त बस में महिलाओं और बच्चों सहित करीब 20 से अधिक यात्री सवार थे, जिन्हें चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल यात्रियों को बस से बाहर निकाला और इलाज के लिए घुवारा अस्पताल पहुंचाया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें भी आई हैं, जिनका इलाज जारी है। शेष को प्राथमिक उपचार के बाद रवाना कर दिया गया।



## रेल्वे स्टेशन के रैक प्वाइंट पर हुआ हादसा

# करंट की चपेट में आया ट्रक चालक बुरी तरह झुलसा

हरपालपुर।

**बीती शाम रेल्वे स्टेशन के रैक प्वाइंट पर एक मालगाड़ी के माल को ट्रक में लोड किया जा रहा था तभी ट्रक चालक विद्युत लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद आनन-फानन में चालक को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उसे झांसी रेफर कर दिया गया।**

प्राप्त जानकारी के मुतबिक घायल ट्रक चालक का नाम नारायणदास पुत्र किशोरी पाल है, जिसकी उम्र 32 साल है और वह टीकमगढ़ जिले के लारौन गांव का रहने वाला है। हादसे की खबर मिलने के बाद चालक के परिजन भी हरपालपुर पहुंचे, जो बाद में उसे लेकर झांसी रवाना हुए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के बाद मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसके चलते परिजनों और पुलिस को तुरंत सूचना नहीं गई। इसके अलावा मौके पर मौजूद ट्रक मालिक के लोगों ने वीडियो बनाने से भी रोकने का प्रयास किया। हालांकि बाद में जब मामला गंभीर प्रतीत हुआ तो पुलिस और परिजनों को सूचना दे दी गई। रैक प्वाइंट पर काम करने वाले कुछ मजदूरों ने नाम न छपने की शर्त पर बताया कि रैक प्वाइंट पर ठेकेदार और ट्रक मालिकों के मनमानी रवैये के कारण अक्सर इस तरह के हादसे होते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए यहां कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।



**इनका कहना है -**

रात के वक्त एक ट्रक चालक करंट की चपेट में आकर घायल हुआ है, उसे प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालात के चलते हमने रेफर कर दिया था।

**डॉ. समर्थ गुप्ता**
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरपालपुर

## त्यौहार से पहले पकड़ी गई लाखों की आतिशबाजी

**नौगांव।** दीपावली का त्यौहर आने में अभी काफी वक्त है लेकिन त्यौहार से पहले कुछ मुनाफाखोर आतिशबाजी का अवैध भंडारण करने में जुट गए हैं। इसकी भनक लगने के बाद पुलिस ने भी कमर कसते हुए ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई का मोर्चा खोला है। नौगांव में शहर में बीते रोज पुलिस ने करीब सवा लाख कीमत की आतिशबाजी जप्त की है, जिसे अवैध तरीके से संग्रहित करके रखा गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार नौगांव पुलिस को नगर के रहवासी क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा आतिशबाजी सामग्री के अवैध संग्रह की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने स्टेट बैंक के पास रहने वाले हीरालाल पुत्र काशी प्रसाद रैकवार के मकान पर छापा मारा। तलाशी में यहां 12 कार्टून में भरी विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी सामग्री मिली, जिसे जप्त कर लिय गया। जप्त आतिशबाजी की कीमत 1 लाख 25 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## तीन कुख्यात स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

**सतना।** कोलगवां पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष 'कॉम्बिंग गश्त' अभियान के दौरान तीन कुख्यात स्थाई वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया।ये आरोपी कई अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे,जिनके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किए गए थे। मुखबिरों की सूचना और सघन गश्त के चलते पुलिस इन आरोपियों को पकड़ने में सफल रही। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम मनोज जाटव पिता सरमन जाटव निवासी बजरहा टोला,पुल्ली उर्फ सत्येंद्र चौधरी पिता लाल चौधरी निवासी बजरहा टोला और सुमित वर्मा पिता पप्पू वर्मा निवासी पुरानी आबकारी के पास सतना है। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और इन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# धूमा पुलिस ने 5 वर्षीय बच्ची के अपहरण के आरोपियों को 6 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

### घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त

### अपहृत को आरोपियों के कब्जे से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा जिले में घटित होने वाले सभी गंभीर अपराधो पर पूर्ण रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के नेतृत्व में थाना धूमा पुलिस ने महज 06 घन्टो के भीतर 05 वर्षीय अपहत बालिका को आरोपियों के कब्जे से सकुशल छुडाने में सफलता प्राप्त की है।

घटनाप्रार्थीया निवासी टंकी मोहल्ला थाना धूमा द्वारा थाना उपस्थित आकर रिर्पोट लेख कराई कि उसकी पाँच वर्षीय नातिन घर के आंगन में खेल रही थी जहाँ से उसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर अपने साथ ले जा लिया गया है। प्रार्थीया की रिर्पोट पर थाना घूमा में अपराध क्र. 316/2025 धारा 137(2) बीएनएस का कायम किया गया। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर अपहता की पता तलाश शुरु की गई। हाईवे पर लगे सीसीटीव्ही कैमरे को खंगाला गया। दो अलग-अलग पुलिस टीम बनाकर नागपुर एवं जबलपुर रवाना किया गया। दोनो टीमें रात भर अपता एवं आरोपी की तलाश करते रहे। साइबर टीम लगातार पुलिस टीम के सम्पर्क में रहकर तकनीकी सहयोग करती रही। मुखबिर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम महदेवरी का रुपेश यादव अपहता को अपने साथ जबलपुर लेकर गया है। मुखबिर सूचना पर कार्य करते हुये पुलिस टीम द्वारा जबलपुर पुलिस से समनवय स्थापित कर स्थानीय पुलिस एवं तकनीकी साक्ष्यो की सहायता से आरोपी रुपेश यादव को पकड़ लिया गया। आरोपी रुपेश यादव के साथ उसका भांजा यशवंत यादव भी था। आरोपियों के कब्जे से 05 वर्षीय अपहता को सकुशल दस्तयाव कर परिजन को सौपा गया।

## बच्चों के बीमार होने पर लें डॉक्टर की सलाह दागना प्रथा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

**शहडोल।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियो द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियो के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियो ने कहा कि बच्चों के बीमार होने पर डॉक्टरो की सलाह लें, बीमारियों के उपचार हेतु दागना अंधविश्वास है और यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने संदेश दिया कि दहेज प्रथा सामाजिक अभिशाप है, बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है, जबकि बालिका शिक्षा समाज की प्रगति की कुंजी है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह, बालिका शिक्षा, घरेलू हिंसा, गोदना, झाड़-फूंक जैसी अन्य सामाजिक कुरीतियों के संबंध में भी जागरूक किया गया।

# छपारा पुलिस ने दलित अत्याचार के आरोपियों को गिरफ्तार कर, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्रार्थी श्यामलाल पिता छतकुमार अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सादक सिवनी थाना छपारा जिला सिवनी ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 24.09.2025 को आरोपीगण मेहरवान सिंह ठाकुर, नरेश ठाकुर एवं नारायण यादव व्दारा प्रार्थी, उसकी माँ विस्सो बाई व भतीजा दयाराम अहिरवार को दुर्गा मंदिर के अंदर जाकर पूजा करने की बात को लेकर जाति सूचक शब्दो से अपमानित करते हुए मां बहन गंदी गंदी गालिया देकर जान से मारने की धमकी दिये एवं सार्वजनिक मंदिर में पूजा करने से मना करने की रिपोर्ट पर धारा- 296, 351(2), 3 (क) नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले के आरोपीगणो को शीघ्रता से गिरफ्तार करने हेतु आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में कार्यवाही करते हुए तीन पुलिस टीम गठित की जाकर आरोपियो की तलाश पतासाजी ग्राम सादक सिवनी, बर्रा, मारबोडी, सिवनी, छिन्दवाडा एवं जबलपुर में सम्भावित स्थानो में लगातार की जाकर एवं आरोपीगणो के निवास स्थान पर लगातार दबिश दी गई। प्रकरण के आरोपीगण घटना के बाद से ही फरार हो गए थे एवं विभिन्न संगठनो व्दारा आरोपीगणो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था। दिनांक 27.09.2025 को आरोपीगणो मेहरवानसिंह ठाकुर, नरेश ठाकुर, नारायण यादव सभी निवासी ग्राम सादक सिवनी थाना छपारा जिला सिवनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपियो को जिला जेल सिवनी में दाखिल किया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही से पीडित पक्ष एवं सभ्य जन नागरिको में प्रशासन के प्रति विश्वास जागृत हुआ है।

शासन की मंशा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगो पर होने वाले अत्याचार को रोकने एवं उनके अधिकारो की रक्षा करने की है। पुलिस प्रशासन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के अधिकारो की रक्षा करने एवं उनके विरूद्ध होने वाले अत्याचार रोकने के लिये प्रतिबद्ध है।

## रिहायशी इलाके में घुसा भालू-ग्रामीणों ने शोर मचाकर भगाया

**शहडोल।** जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत केशवाही वन परिक्षेत्र बलबहरा में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ग्रामीणों ने सडक पार करते एक भालू को देखा। अचानक आए इस जंगली मेहमान ने पूरे गांव में दहशत का माहौल बना दिया। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए जोर-जोर से आवाजें लगाकर और शोर मचाकर भालू को खदेड़ दिया। यह पूरा घटनाक्रम वहां मौजूद लोगों ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भालू रिहायशी इलाके में कुछ देर तक इधर-उधर घूमता रहा और फिर जंगल की ओर भाग गया। हालांकि ग्रामीणों का यह कदम बेहद जोखिम भरा था, क्योंकि भालू किसी भी क्षण हमला कर सकता था। गनीमत रही कि इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से वन्यजीवों की रिहायशी इलाकों में आवाजाही बढ़ गई है, जिससे बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग पूरी तरह लापरवाह और निष्क्रिय है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि वन विभाग तत्काल भालू की मूवमेंट पर नजर रखे, गश्त बढ़ाए और गांवों में जागरूकता अभियान चलाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। फिलहाल ग्रामीणों में यह डर बना हुआ है कि भालू दोबारा लौट सकता है।

## बेटे ने मुर्गा न मिलने पर पिता की पीट-पीटकर हत्या की

**शहडोल।** जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुआ में एक बेटे ने सिर्फ मुर्गा न मिलने की बात पर अपने ही पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। भक्ति और सद्भाव के पर्व के बीच घटी यह घटना इंसानियत को झकझोर देने वाली है। जानकारी के अनुसार, ग्राम जमुआ निवासी सुदामा बैगा ने घर पर खाने के लिए मुर्गा बनाया था। इस दौरान उनका बेटा करण बैगा भी मुर्गा खाने की जिद करने लगा। पिता ने जब उसे मना किया, तो करण आगबबूला हो गया और गुस्से में पास में रखी लाठी से पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। वार इतने गंभीर थे कि सुदामा बैगा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही सोहागपुर पुलिस मौके पर पहुँची।

# श्री गहोई वैश्य एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ



जबलपुर। श्री गहोई वैश्य एसोसियेशन की वर्ष 2025-28 के लिए गठित नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को विजय नगर स्थित नेक्टर लॉन में हुआ। शपथ ग्रहण में चुनाव अधिकारी इंजी. श्रीकांत कस्तवार, डॉ. नरेन्द्र सेठ, सीए मनोज खेरा ने निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष एड. अशोक गुप्ता एवं महासचिव नीरज कस्तवार को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपालदास नीखरा ने की। एड. अशोक गुप्ता व नीरज कस्तवार द्वारा नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसके अंतर्गत कोषाध्यक्ष इंजी. आलोक सरावगी कार्यकारी अध्यक्ष, एड. उत्तमचंद बिलैया, उपाध्यक्ष इंजी. रामगोपाल ददरया, इंजी. गोपाल गुप्ता, खेमचंद सोनी एवं अन्य पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाकोशल क्षेत्रीय सभा के कार्यकारी अध्यक्ष सुभाषचंद रावत, तक्षशिला इंजी. कॉलेज के चेयरमेन आरएन पहारिया, ग्लोबल ग्रुप के शंभुदयाल बड़ेरिया, गहोई शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष डॉ. अरुण सरावगी, एसो. के पूर्व अध्यक्ष इंजी. अशोक नौगरैया, इंजी. अरुण खर्द, डॉ. आरएस सोहाने, कैलाश लहारिया, महासभा के संगठन मंत्री अरुण नीखरा, राजेश बिलैया, मोहन सिपौल्या, संतोष सुहाने, प्रकाश सरावगी, डॉ. कृष्ण बिलैया, इंजी. संतोष सिपौल्या, सत्यनारायण कठल, डॉ. आरके चपरा, एड. जितेन्द्र सोहाने, अरविंद गेड़ा, श्रीमती मघा बहोन्या, सीता सरावगी, महासभा की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा ददरया, वंदना गुप्ता, सहित सभी सदस्यगणों की उपस्थिति रही।



# संत नामदेव समाज की महिलाओं ने आयोजित किया गरबा समारोह

जबलपुर। संत नामदेव समाज महिला समिति जबलपुर द्वारा संत नामदेव सामुदायिक भवन मनमोहन नगर में भव्य एवं विशाल "गरबा नृत्य" का आयोजन किया गया, जिसमें संत नामदेव समाज समिति के सभी सदस्य एवं सामाजिक बंधुओं, महिलाओं, बच्चों ने भाग लिया। सभी ने माँ भगवती की पूजा आराधना की।कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन स्वरूप पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये इस अवसर पर प्रथम स्थान कीर्तिमा नामदेव, द्वितीय कुमारी पलक नामदेव व तृतीय कु. कौशिकी नामदेव को पुरस्कृत किया गया।महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती गेसू नामदेव एवं निर्णयक मंडल की बीणा नामदेव, श्रीमती सबिता नामदेव, कीर्ति नामदेव द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। विशेष पुरस्कार कोरियोग्राफर का पुरस्कार सुधीर नामदेव अध्यक्ष द्वारा दिया गया। समिति के वरिष्ठ संरक्षक गिरधारी लाल नामदेव, ओमप्रकाश, संदीप कौशल, सत्यप्रकाश, अजय अत्री, अनुराग राजीव, कुलदीप नामेदव का विशेष सहयोग रहा।



# श्री शारदा नवयुवक मंडल गोरखपुर में हुई महाआरती

जबलपुर। शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर श्री शारदा नवयुवक मंडल गोरखपुर में विगत 70 वर्ष से भव्य श्री दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जा रही है। महोत्सव में आज अध्यक्ष शरद राय के निर्देशन में महाआरती का आयोजन किया गया, इसके बाद मुख्य अतिथि एम.डी. नागोतिया सीएसपी गोरखपुर संभाग का पुष्पमाला से स्वागत अश्वनी पटेल, शिवा सेन, सार्थक पटेल (NIS), बबलू सोनकर, विशाल सेन, सिद्धांत पटेल, विवेक गुप्ता ने किया एवं संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी तजिंदर सिंह, सुनील कुमार पटेल, उमेश पटेल, संजय पटेल राजू, नीरज परमार, नंदकिशोर सेन, सुनील विश्वकर्मा, उमाशंकर सेन, सुनील श्रीवास्तव, शुभम सबलोक, सत्यम तिवारी, अमन लोधी, रोहन आदि ने शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया एवं सीएसपी श्री नागोतिया द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गई।




# वॉक-ए-थॉन 2025 : स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर। विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में शैल्बी मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित "ए वॉक फॉर ए हेल्दी हार्ट" वॉक-ए-थॉन में "डोंट मिस ए बीट" थीम के अंतर्गत शहर के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।वॉक-ए-थॉन का आयोजन सुबह 7:30 बजे शैल्बी हॉस्पिटल, अशोका हॉल स्कूल से प्रारंभ होकर शैल्बी हॉस्पिटल में संपन्न हुआ। इसमें हॉस्पिटल स्टाफ एवं प्रेमवती कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से शहरवासियों को स्वस्थ हृदय के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम में शहर के महापौर जगत बहादुर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं अन्य उपहार प्रदान किए गए। साथ ही शहर का नाम बॉक्सिंग के क्षेत्र में ऊँचा करने वाले विक्रम अवार्डी परमजीत सिंह के साथ छात्र-छात्राओं को पौधा और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# सशक्त हस्ताक्षर की 40वीं काव्य गोष्ठी सम्पन्न



जबलपुर। सशक्त हस्ताक्षर संस्था की 40वीं काव्य गोष्ठी श्री जानकीरमण महाविद्यालय में सानंद सम्पन्न हुई। संस्थापक गणेश श्रीवास्तव प्यासा ने साहित्य मनीषियों, अतिथियों का परिचय दिया। सरस्वती वंदना सिद्धेश्वरी सराफ शीलू ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतुल श्रीवास्तव, अध्यक्षता महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि कवि संगम त्रिपाठी, राजेश वर्मा, सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण थे। मंगलभाव डॉ. विजय तिवारी किसलय, संतोष नेमा संतोष ने व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रतुल श्रीवास्तव को साहित्य सेवा क्षेत्र में, राजेश वर्मा को समाज सेवा क्षेत्र में, श्रीमती ज्योति प्यासी को साहित्य सेवा क्षेत्र में मानपत्र, शाल, अंगवस्त्र, कलम श्री से सम्मानित किया गया।काव्यगोष्ठी का शुभारंभ सुवीर श्रीवास्तव वीर ने नज्म पढ़कर किया। दीनदयाल तिवारी बेताल ने उत्कृष्ट दोहे पढ़े। सुभाष मणि बैरागी ने तरन्नुम में गज़ल पढ़कर खूब तालियाँ बटोरी। श्रीमती चंद्रप्रकाश वैश्य, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव को भी तरूणा खरे तनु, अम्लान गुहानियोगी, लखन रजक, संदीप खरे, सरोज खरे, चंदा श्रीवास्तव, ज्योति खरे ने अपनी रचनाओं से सभी को प्रभावित किया। भेड़ाघाट से पधारे कुंजीलाल चक्रवर्ती, कालीदास तामकार काली, ज्योति प्यासी, बालमुकुंद लखेरा, प्रकाश सिंह ठाकुर, अमरसिंह वर्मा, आरती श्रीवास्तव, प्रतीक्षा सेठी, वंदना सोनी विनम्र, विनीता श्रीवास्तव ने समसामयिक विषय पर काव्य पाठ किया। अरुण शुक्ल, सचिन खरे, बच्चन श्रीवास्तव, अजय कुमार मिश्रा, ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन सिद्धेश्वरी सराफ, गणेश श्रीवास्तव प्यासा आभार श्रीमती तरूणा खरे ने व्यक्त किया।



# मनरेगा अभियंता संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। मनरेगा अभियंता संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर के द्वारा जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत को 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा। मनरेगा अभियंता संघ ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल की पंचायत मंत्री, अपर मुख्य सचिव, कमिश्नर से 8 सूत्रीय मांगों को अवगत कराया एवं निराकरण के लिए बिंदुवार चर्चा हुई थी, जिसमें मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मीटिंग में मनरेगा अभियंताओं की मांगों की पूर्ति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही मनरेगा अभियंता संघ मध्यप्रदेश के प्रतिनिधि मंडल की मंत्री से मुलाकात में हुई चर्चा में बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारियों को मनरेगा अभियंताओं की समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दे दिए हैं। लेकिन मंत्री के बार-बार निर्देश देने बाद भी प्रदेश स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मनरेगा अभियंताओं की मांगों के संबंध में ना ही कोई निराकरण किया जा रहा, ना ही आदेश जारी किए जा रहे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आदेश जारी करने के आश्वासन देकर केवल बात को टाला जा रहा है। साथ ही विगत 3 माह से मनरेगा अभियंताओं को वेतन भी नहीं दिया गया। इससे प्रदेश के मनरेगा के 1335 उपयंत्री मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। संघ ने मांग की है कि प्रदेश के 1335 अभियंताओं की 8 सूत्रीय मांगों पर विचार करते हुए शीघ्र निराकरण किया जाए।



## वरिष्ठ शिक्षकों व प्रतिभाशाली छात्रों का किया सम्मान

जबलपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा 26 वरिष्ठ व उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभाशाली को साध्वी शोभा दीदी के सानिध्य में सहेन्द्र श्रीवास्तव समाजसेवी के संयोजन में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहेन्द्र श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव, अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. आदर्श श्रीवास्तव, अखिलेश ब्यौहार, चन्द्र प्रकाश, सचिन खरे, राजेश खरे, कायस्थ महिला परिषद् फूटाताल की सहभागिता रही।

## माध्यमिक से उच्च माध्यमिक में प्रमोट हुए शिक्षकों की 24 वर्ष की क्रमोन्नति सूची जारी की जाए

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि सत्र 2012-13 के माध्यमिक शिक्षक जिनका उच्च माध्यमिक शिक्षक पद पर प्रमोशन हो गया था उनकी आज दिनांक तक क्रमोन्नति की सूची जारी नहीं की गई है, जबकि मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में इसका लाभ दिया जा चुका है, मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग से यह मांग करता है कि माध्यमिक शिक्षक जो उच्च माध्यमिक शिक्षक पद पर प्रमोट हो गए हैं उनके क्रमोन्नति आदेश अतिशीघ्र जारी किए जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, मीनुकान्त शर्मा, रऊफ खान, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, दिनेश गोंड, राजकुमार यादव, गोपीशाह, सुधीर अवधिया, देवेंद्र भट, विनोद सिंह, सुरेंद्र चौधरी, उमेश सिंह आदि।



## देवी भागवत कर रहे कथा व्यास का किया सम्मान

जबलपुर। नवरात्रि के पवन अवसर पर फूटाताल स्थित दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत में मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, लक्की सोनी, रोहित सोनकर द्वारा देवी भागवत कर रहे कथा व्यास स्वामी गिरिजानंद सरस्वती माहराज का पुष्प माला से सम्मान किया गया। कथा में व्यास जी ने कहा कि भगवती की माया इतनी प्रबल है कि यह ज्ञानियों को भी मोह में डाल देती है, स्वयं देवाधिदेव लक्ष्मीपति भगवान विष्णु भी इस महामाया से अछूते नहीं हैं, जब देवता या मनुष्य उनकी स्तुति करते हैं तब प्राणियों का दुःख नाश करने के लिए भगवती जगदंबा प्रकट होती हैं। कथा के बाद बीज मंत्र दुर्गा सप्तशती का सामूहिक पाठ एवं मंदिर का 40वां पाटोत्सव भी मनाया गया। तत्पश्चात माता की आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन उपस्थित थे।

## बड़ी महाकाली में भव्य महाआरती का आयोजन आज



जबलपुर। आधारताल में श्री सम्राट महाकाली उत्सव समिति द्वारा स्थापित महाकाली की महाआरती व प्रसाद वितरण सोमवार को किया जाएंगा।

## आदिवासियों की भूमि पर नहीं होगा कब्जा, विधायक ने दिया आश्वासन



जबलपुर। केंट विधानसभा अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्रमांक 79 डुमना रोड़ मंहगवां के आदिवासी बहुल इलाकों में भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण किए जाने से त्रस्त आदिवासियों द्वारा अपने परिवारों की रक्षार्थ गुहार लगाई गई, जिसके निवारणार्थ केंट विधायक श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी की उपस्थिति में रांझी एस.डी.एम. तहसीलदार, एवं पटवारी द्वारा पूर्ण निरीक्षण कर आदिवासियों को राहत प्रदान करने का पूर्ण आश्वासन देते हुए, भूमाफियाओं पर त्वरित कार्यवाही की जाने का आदेश पारित किया गया। इस अवसर भा.ज.पा. कार्यकर्ता एवं प्रभारी सोना वर्मा, डॉ. श्याम दुबे, अभिषेक कुमार, राजा सिंह, मंडल अध्यक्ष आशीष राव, वंदना राजेश सहित भारी संख्या में आदिवासी बहुल क्षेत्र के नागरिकों सहित मातृ शक्ति उपस्थित रहे। आदिवासी बहुल क्षेत्र के नागरिकों को विश्वास है कि शासन उनकी इस समस्या का शीघ्र समाधान करेगा।

# पराली कचरा नहीं संसाधन है : संगोष्ठी में दी गई जानकारी



जबलपुर। देश में चल रहे पराली प्रबंधन के प्रयासों को बढ़ाते हुए जबलपुर जिले के पाटन विकासखंड के अंतर्गत एक मुहिम चलाई जा रही है जिसमें सरकारी तथा प्राइवेट विभागों के संयुक्त रूप से पराली प्रबंधन का प्रयास किया जा रहा है। दिनांक 27/9/25 को पाटन विकासखंड के रोझा गांव में कृषि विभाग एवं क्रॉप साइकिल बायोमास प्राइवेट लिमिटेड एवं कृषि अभियांत्रिकी के सामूहिक सहयोग से एक कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्रॉप साइकिल बायोमास प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कृषकों के खेतों से पराली इकट्ठी कर बिना किसी किराए के खेत साफ करने करने की जानकारी कृषकों को दी गई। इसके साथ-साथ कृषि विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने खेत में पराली प्रबंधन के फायदे एवं पराली प्रबंधन में उपयोग होने वाले आधुनिक यंत्रों की जानकारी कृषकों को दी गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित संयुक्त संचालक कृषि केएस नेताम द्वारा नरवाई जलाने के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया कि यह किस तरह पर्यावरणीय प्रभाव मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट होने के कारण साथ-साथ ही मनुष्य स्वास्थ्य पर असर भी डालता है।कृषि अभियांत्रिकी से संभागीय कृषि अभियंता जीपी मसकोले द्वारा नरवाई द्वारा कैसे बायोफ्यूल बनता है तथा उसके बाद उसे पराली का उपयोग किस प्रकार जैविक खाद के रूप में किया जाता है इसके बारे में संक्षिप्त रूप से कृषकों को जानकारी दी गई। उपसंचालक कृषि डॉ. एसके निगम ने पराली प्रबंधन से होने वाले लाभों के बारे में कृषकों को जानकारी दी की किस तरह वह पराली का सही तरह से उपयोग कर फसल मृदा एवं स्वयं के स्वास्थ्य का किस तरह ख्याल रख सकते हैं।जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय बोर्ड मेंबर डॉक्टर वीडी अर्जरिया द्वारा पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय के बारे में जानकारी दी गई कि किस तरह हम पराली का उपयोग कंपोस्ट बनाने, मल्च बनाने एवं सूक्ष्म जीवों को बढ़ाने में कर सकते हैं।

## खालसा कॉलेज में आराधना गरबा संपन्न

जबलपुर। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 27 सितम्बर को नवरात्रि के शुभ अवसर पर आराधना गरबा उत्सव का आयोजन प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार एमएस चावला ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि अभय सिंह ठाकुर विधायक प्रतिनिधि, सिख समाज के सचिव सरदार रणजीत सिंह, सिख यूथ एसो. के अध्यक्ष अमरजीत सिंह, रादुविवि के कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा, चन्द्रशेखर पटेल, कुंवरपाल सिंह शेरू, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक उपस्थित रहे। आराधना गरबा में विद्यार्थियों ने माँ दुर्गा की वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति और आनंद से सराबोर कर दिया। ताल और लय के साथ माँ दुर्गा की भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिवार नवरात्र के उल्लास और माँ दुर्गा की आराधना में सराबोर रहा।इस अवसर पर शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. जीसी राय, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. आरती शुक्ला, डॉ. अम्बिका तिवारी सहित समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अवैधानिक नोटिस जारी करने वाले नगर निगम अधिकारी पर हो कार्यवाही : चेम्बर

जबलपुर। महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री जबलपुर ने नगर पालिक निगम की लाइसेंस शाखा नोडल अधिकारी द्वारा शासकीय औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों को अधिनियम की धाराओं का बिना उल्लेख किए अवैधानिक नोटिस जारी करने को गंभीर कदाचरण मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। चेम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव ने बताया कि मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धाराओं के अंतर्गत किसी प्रचलित अधिनियम अथवा प्राधिकरण द्वारा उद्योगों की स्थापना हेतु पृथक रखे गए क्षेत्र में लागू नहीं होता है। किसी अधिकारी द्वारा अपने अधिकारों का गलत उपयोग करते हुए नोटिस जारी करने से अनावश्यक रूप से औद्योगिक अशांति बढ़ती है, जिसका सीधा प्रभाव उत्पादन पर होता है, शासकीय राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इस तरह की कार्यवाही से उत्तेजित उद्योगति त्यौहार के अवसर पर आंदोलन हेतु बाध्य होंगे। उच्चाधिकारियों से चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चण्डोक, अनिल जैन पाली, समीर पाल, औद्योगिक क्षेत्र के केवल सावलानी, जयेश गाला, राकेश वासवानी, जितेन्द्र शर्मा, संतोष सावलानी, केके ताम्रकार, इकराम आदि ने हस्तक्षेप कर उचित कार्यवाही की मांग की है।

# "अंतस" साहित्यिक सांस्कृतिक सामाजिक संस्था ने आयोजित किया भक्तिमय गरबा महोत्सव


## अंगना पधारो महारानी, सामूहिक गरबा, डांडिया, बंगाली डांस, लेझिम डांस



जबलपुर। माँ दुर्गा की आराधना और सांस्कृतिक विविधता को समर्पित भक्तिमय गरबा महोत्सव का आयोजन श्री दत्त मंदिर परिसर सभागार में साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था अंतस के तत्वावधान में धूमधाम से किया गया।

अंतस संस्था के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी और निर्देशिका विनीता पैगवार विधि ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखते हैं और समाज में साहित्यिक चेतना और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। अंतस संस्था का भक्ति गीत और भव्य गरबा महोत्सव का शुभारंभ मां दुर्गा की आराधना पूजन और आरती से हुआ। डॉ. अनिल कुमार कोरी ने अपने उद्बोधन में गरबा महोत्सव की सामाजिक और सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। आयोजन राजेश पाठक प्रवीण, सरोज संतोषी के मार्गदर्शन से संपन्न हुआ। निहारिका कुरवाने, रजनी कोठारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसके बाद आयोजन समिति सदस्य संदीप बनौधा, राजेश तिवारी, इंजी. जीव्ही अग्रवाल, राकेश पैगवार, अनुराग कोरी सांई, देवेन्द्र पांडे, रमाकांत गौतम द्वारा संस्था की ओर से अतिथियों अशोक मनोध्या, राजेंद्र मिश्रा, एड. कृष्ण कुमार दुबे, दुर्गा चौबे, डॉ. छाया त्रिवेदी, अर्चना मलैया, के.के. नायकर, प्रतुल श्रीवास्तव, लोकराम कोरी, भूपेन्द्र उपाध्याय, सुभाष शलभ, पुरूषोत्तम भट्ट, यशोवर्धन पाठक, संतोष नेमा, विजय जायसवाल, विजय नेमा अनुज, सुशील श्रीवास्तव, गणेश प्रसाद प्यासा, डॉ. बीएल कोरी, रमेश पैगवार का स्वागत माता की चुनरी और माला द्वारा किया गया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने बाँधा समाँ और मंच पर एक से बढ़कर एक सामूहिक गरबा, डांडिया, "अंगना पधारो महारानी, आओ मेरे अंगना दुर्गा भवानी, प्रॉब सॉन्ग, लेझिम डांस, धुनकची डांस, बंगाली डांस, बॉलीवुड डांस की प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर और मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. मुकुल तिवारी एवं डॉ. शोभा सिंह ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया।कार्यक्रम में रश्मि पाठक, अभिलाषा पांडे, मीना भट्ट, अर्चना गोस्वामी, डॉ. मंजू गोरे, सुशीला पैगवार, अनीता पैगवार, चंद्रावती पैगवार, प्रभा विश्वकर्मा, प्रीति भूमिजा, संगीता पैगवार, अनुपम तिवारी, तरुणा खरे, मंणी बिनकर, वर्षा सकवार, सुनीता कोरी, मालती कोरी, श्वेता बनौधा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन के अंत में सम्मान समारोह व उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ।


# डोंगरगढ़ परिक्रमा पथ में 31 देवियों के दर्शन, हावड़ा के तर्ज पर बनाए सात ब्रिज




पहाड़ों में विराजित मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों को अब न केवल मंदिर की परिक्रमा करने की सुविधा मिलेगी, बल्कि इस पथ में उन्हें छत्तीसगढ़ में विराजित 31 देवियों के दर्शन भी होंगे। वन विभाग द्वारा बनाए गए विभिन्न वन्य प्राणियों और पक्षियों के संरक्षण की दिशा में तैयार किए गए परिक्रमा पथ से इको टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में देशभर के लाखों लोग हर साल दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। नवरात्रि में यहां लगने वाले मेले ने भी राज्य में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इसके साथ ही डोंगरगढ़ में प्रज्ञागिरी, चंद्रगिरी और प्रतिभास्थली का निर्माण होने के कारण यहां दर्शनार्थियों की संख्या में काफी वृद्धि देखी जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा प्रसाद योजना के तहत जारी की गई राशि से भी यहां विकास काम अंतिम चरणों में चल रहे हैं। इधर राज्य सरकार ने मां बम्लेश्वरी मंदिर की परिक्रमा की नई सुविधा शुरू की गई है। सन 2016 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने परिक्रमा पथ के लिए राशि स्वीकृत की











### साढ़े तीन किमी का पथ

वन विभाग द्वारा मंदिर की परिक्रमा करते हुए जंगल के बीच से होता हुआ परिक्रमा पथ तैयार किया गया है। जिसकी कुल लंबाई साढ़े तीन किमी है। परिक्रमा पथ के चारों ओर वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए चैनलिंग फेंसिंग का काम भी किया गया है। पहाड़ी की सुंदरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रजातियों के दस हजार पौधों का रोपण किया गया है। इससे परिजात वन, चंदन वन, त्रिफला वन, रुद्राक्ष वन और चम्पा वन तैयार किया गया है।

# स्वदेशी टेक्नालॉजी के साथ अब बीएसएनएल देशभर में 4जी

एजेंसी ▶▶| झारसुगुड़ा

दूरसंचार अवसंरचना को मजबूती देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क का उद्घाटन किया, जिससे भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले प्रतिष्ठित देशों की सूची में शामिल हो गया। बीएसएनएल की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने 97,500 से अधिक 4जी मोबाइल टावरों का भी उद्घाटन किया।

### स्वदेशी तकनीक पर बेस्ड

बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर बेस्ड है। सरकार का कहना है कि भारत संचार निगम लिमिटेड की 4जी सर्विस के लिए सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर को भारत में ही डेवलप किया गया है। इस मामले में अब भारत दुनिया के टॉप 5 देशों में शामिल हो गया है, जहां स्वदेशी तकनीक पर 4जी नेटवर्क काम कर रहा है। इस नेटवर्क को तैयार करने में 37,000 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

**पीएम मोदी ने दी सौगात, ओडिशा से देश के 97 हजार मोबाइल साइट को जोड़ा**

### इन देशों में शामिल हुआ भारत

भारत के अलावा स्वीडन, डेनमार्क, चीन और दक्षिण कोरिया ही टेलीकॉम नेटवर्क के लिए हार्डवेयर के साथ-साथ सॉफ्टवेयर बनाते हैं। बीएसएनएल की 4जी सर्विस लॉन्च होने से देश के 9 करोड़ यूजर्स को सीधे तौर पर फायदा पहुंचेगा। यूजर्स खराब नेटवर्क की वजह से ही निजी टेलीकॉम ऑपरेटर्स की तरफ अपना रूख करते हैं। सरकारी टेलीकॉम कंपनी के रिचार्ज प्लान निजी कंपनियों के मुकाबले 30 से 40% तक सस्ते हैं।

### 5जी में हो सकेगा अपग्रेड

प्राइवेट टेलिकॉम कंपनियों के मुकाबले में बीएसएनएल 4जी लॉन्च करने में भले पीछे रह गई हो, लेकिन 5जी में वह बराबर की टक्कर दे सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे आसानी से 5जी में अपग्रेड किया जा सकेगा।

### ग्रामीण क्षेत्र को मिलेगा फायदा

प्रधानमंत्री ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे ऑनलाइन कक्षाओं में भाग ले सकेंगे, दूरदराज के स्थानों के किसान फसल की कीमतें जान सकेंगे और मरीजों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से डॉक्टरों से परामर्श करना आसान होगा। इस पहल से सशस्त्र बलों के कर्मियों को भी काफी लाभ होगा, क्योंकि इससे वे बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से सुरक्षित रूप से संवाद कर सकेंगे। इस बात को रेखांकित करते हुए कि भारत पहले ही सबसे तेज 5जी सेवाएं शुरू कर चुका है, प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी उद्घाटन किए गए बीएसएनएल टावर भी 5जी सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित हैं।

**गर्ग की मौत का मामला**

# गायक जुबिन के मैनेजर के खिलाफ लुकआउट नोटिस



**गुवाहाटी।** गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में पूर्वोत्तर महोत्सव के आयोजक श्यामकानु महंत और गायक के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ 'लुकआउट नोटिस' जारी किए गए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि 'फेसबुक लाइव' में कहा कि दोनों को छह अक्टूबर को गुवाहाटी आकर अपना बयान देना होगा, अन्यथा पुलिस उनके लिए तलाशी अभियान तेज कर देगी। उन्होंने कहा, चूंकि दुर्गा पूजा उत्सव शुरू हो जाएगा।

### अभिनेत्री निशिता समेत चार से पूछताछ

शेखर ज्योति गोस्वामी के साथ जुबिन के बैंड मेंबर्स, असम अभिनेत्री निशिता गोस्वामी और को-सिंगर अमृतप्रभा से भी पूछताछ की गई है। उनसे असम सीआईडी के हेडक्वार्टर में पूछताछ हुई। असम के सीएम ने जुबिन की मौत को लेकर ट्रांसपेरेंट जांच करने की भी मांग असम हाईकोर्ट में की है।

**छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की 25 वीं वर्षगांठ**

# राज्यपाल ने कहा-विलंब से न्याय की होती है हार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में वर्ष 2025 में अपनी 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को रजत जयंती समारोह का आयोजन कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। इसमें न्याय, संविधानिक मूल्यों एवं विधि के शासन की 25 वर्षों की समर्पित सेवा का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर न्यायालय की स्थापना से लेकर राज्य की न्यायिक प्रणाली की सशक्त स्तंभ बनने की यात्रा को रेखांकित किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि न्यायपालिका का महत्वपूर्ण अंग बार और बेंच हैं, दोनों के साथ चलने से ही उचित न्याय प्राप्त हो सकता है। न्यायालय का कार्य सत्य की खोज करना है, जबकि अधिवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपने पक्षकार के प्रति होती है।

### साय बोले-हाईकोर्ट ने दिए ऐतिहासिक निर्णय

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बिलासपुर को एक नई पहचान छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दी है, जो अब न्यायधानी के रूप में जानी जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च न्यायालय की स्थापना के पश्चात युवाओं को लॉ क्षेत्र में करियर बनाने के नए अवसर मिले हैं। यह खुशी की बात है कि उच्च न्यायालय से लेकर जिला न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों के निराकरण में काफी तेजी आई है। न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने लाइव स्ट्रीमिंग एवं डिजिटल उपस्थिति जैसे नवाचारों को प्रोत्साहित किया है।

# बंगाल के दुर्गा पंडाल में असुर के रूप में दिखाए गए ट्रंप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस मूर्ति को देखने के लिए लोग भारी संख्या में उमड़ रहे हैं। पूजा समिति के आयोजकों के अनुसार, 'ट्रंप के रूप में असुर की मूर्ति अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत के साथ किए गए कथित विश्वासघात को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को मित्र माना और विदेश नीति के मुद्दों पर सहयोग किया, लेकिन ट्रंप के कार्यों को भारत के हितों के लिए हानिकारक माना गया है। यह भावना मूर्ति में व्यक्त की गई है, जो भारत के साथ ट्रंप के जटिल रिश्तों को दर्शाती है।'

**आयोजकों ने कहा- 'उन्होंने भारत की पीठ में छुरा घोंपा है'**

**बहरामपुर के एक अनोखे थीम ने देशभर में बटोरीं सुर्खियां**

**भारत पर दुर्भावनावश टैरिफ लगाने से नाराज है पूरा हिंदुस्तान**



### ट्रंप की बनाई गई थी कभी मूर्ति

बहरामपुर नगर पालिका के मेयर नरु गोपाल मुखर्जी द्वारा पूजा मंडप के उद्घाटन समारोह में भारी भीड़ उमड़ी। यह पहला मौका नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप को अनोखे तरीके से दर्शाया गया हो. वर्ष 2018 में, तेलंगाना के एक किसान बुस्सा कृष्णा ने ट्रंप के लिए एक मंदिर बनाया था, जिसमें उनकी छह फीट की मूर्ति स्थापित की गई थी और रोजाना पूजा की जाती थी। कृष्णा का मानना था कि ट्रंप समृद्धि और भारत-अमेरिका संबंधों में मजबूती लाएंगे।



### देश के साथ किया विश्वासघात

खागरा श्मशान घाट दुर्गा पूजा समिति के सदस्य प्रतीक ने कहा, 'हमने यह मूर्ति इसलिए बनाई क्योंकि ट्रंप ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर हमारे पीएम मोदी, जो उन्हें दोस्त मानते थे, और हमारे देश भारत के साथ विश्वासघात किया। इसलिए हमने डोनाल्ड ट्रंप को असुर के रूप में दर्शाया। कल उद्घाटन के समय हमारे पड़ोस और आसपास के लोगों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली. हमें बहुत अच्छा समर्थन मिला है। हम उन्हें असुर के रूप में देखते हैं क्योंकि उन्होंने भारत की पीठ में छुरा घोंपा है।'

**राज्य के फैसले पर हाईकोर्ट की मुहर**

# बर्खास्त बीएड योग्य सहायक शिक्षकों की नियुक्ति सही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



हाईकोर्ट ने 2 हजार 621 बर्खास्त बीएड योग्य सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान, लैबोरेटरी पद पर समायोजित करने के राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराया है। मामले में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि यह निर्णय न तो अवैध है और न ही मनमाना। दरअसल जांजगीर चांपा निवासी संजय कुमार और मुंगेली निवासी विजय कश्यप ने अप्रैल 2025 में लिए गए सरकार के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के तहत सहायक शिक्षक के पूरे पद सीधी भर्ती से भरे जाने हैं।

### कोई मनमानी नहीं

सभी दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि सरकार का यह कदम नियमों के अनुरूप है और इसमें कोई मनमानी नहीं है। इसलिए याचिका को खारिज कर राज्य सरकार के समायोजन फैसले को बरकरार रखा।

# हिंदू संगठनों के विरोध के बाद रद्द हुआ एल्विस का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शारदीय नवरात्रि के दौरान डांडिया गरबा कार्यक्रम में एल्विस यादव और अंजलि अरोरा जैसे कलाकारों को बुलाए जाने का हिंदू संगठनों ने कड़ा विरोध किया है। डांडिया गरबा कार्यक्रम में अश्लीलता और फूहड़ता परोसने का आरोप लगाकर हिन्दू संगठनों ने कलाकारों के खिलाफ



जमकर नारेबाजी की और उनके पोस्टर जलाए। इतना ही नहीं डांडिया कार्यक्रम में पहुंचे एल्विस यादव को लोगों ने घेर लिया। इस दौरान वे किसी तरह अपनी गाड़ी से भाग निकले। इस विरोध प्रदर्शन के बाद एल्विस यादव के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है जबकि अंजलि अरोरा का कार्यक्रम भी इस विरोध के बाद रद्द होने संभावना जताई जा रही है।

### स्थिति सामान्य

एल्विस यादव का कार्यक्रम रद्द हो गया है और वे वापस लौट गए हैं। अब स्थिति सामान्य है।
-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

# विमान के टॉयलेट में जलाई सिगरेट, यात्रियों में हड़कंप

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 25 वर्षीय युवक को अरेस्ट किया गया है। यह पैसेंजर फुकेट से मुंबई आ रही फ्लाइट के टॉयलेट में सिगरेट पीते हुए मिला था। घटना के दौरान जब धुआं नजर आया तो फ्लाइट में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। एजेंसी के अनुसार, पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार यात्री की पहचान भव्य गौतम जैन के रूप में हुई है, जो साउथ मुंबई के नपीन्सिया रोड का रहे वाला है। फ्लाइट जब मुंबई में लैंड हुई तो उसे तुरंत हिरासत में लिया गया। जांच में पता चला कि जैन ने प्लेन के टॉयलेट में सिगरेट जलाई थी।
इस मामले को लेकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया



### एयरलाइन को दिए गए निर्देश

इस मामले में पुलिस ने बताया कि इस प्रकार की घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए एयरलाइन कंपनियों और एअरपोर्ट के सुरक्षा कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि यात्री के खिलाफ कार्रवाई पूरी होने तक उसे हिरासत में रखा जाएगा। यात्रियों से अपील की गई है कि वे किसी भी सुरक्षा नियम का उल्लंघन न करें और फ्लाइट क्रू के निर्देशों का पालन करें।

# सऊदी के साथ समझौते में परमाणु हथियार शामिल नहीं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सऊदी अरब के साथ हाल में हुए रक्षा समझौते के चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब के साथ हाल में हुए रक्षा समझौते से दोनों देशों के रिश्तों को एक नई दिशा मिली है। उनके अनुसार यह समझौता उन संबंधों को औपचारिक रूप देता है जो पहले मुख्य रूप से 'लेन-देन' आधारित थे। पिछले सप्ताह रियाद में हुए इस 'सामरिक आपसी रक्षा समझौते' के तहत एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि अगर किसी एक देश पर आक्रमण होता है तो इसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। यह दोनों देशों की सुरक्षा को जोड़ने वाला एक अहम कदम है। समझौते को लेकर परमाणु हथियारों के सवाल पर ख्वाजा आसिफ ने साफ किया कि ये हथियार इस समझौते का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने पहले यह संकेत दिया था कि पाकिस्तान की परमाणु क्षमताएं सऊदी अरब के लिए उपलब्ध हो सकती हैं, लेकिन बाद में इस बात को स्पष्ट कर दिया।

**परमाणु प्रतिबंध को लेकर फिर बढ़ा तनाव**

# जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन से अपने राजदूतों को बुलाया ईरान ने

**तेहरान।** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र के पुराने परमाणु प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने की कोशिशों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन से अपने राजदूतों को तुरंत वापस बुला लिया है। यह कदम तेहरान में कूटनीतिक तनाव को नई ऊंचाई दे सकता है, जहां ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय से वैश्विक विवाद का केंद्र रहा है। तीनों देशों ने ईरान पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग नहीं करने और अमेरिका के साथ सीधी बातचीत नहीं करने के कारण हटाए गए प्रतिबंधों को फिर से लागू करने पर जोर दिया है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक बयान में कहा, 'ये यूरोपीय देश



परमाणु समझौते को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। हम अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे।' तेहरान ने इन प्रतिबंधों को 'अवैध और एकतरफा' करार देते हुए चेतावनी दी है कि इससे क्षेत्रीय स्थिरता पर बुरा असर पड़ेगा। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है, लेकिन पश्चिमी देश यूरेनियम संवर्धन की मात्रा को लेकर आशंकित हैं।

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6003



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6002 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6013

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6012 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |



# टॉम ऑल्टर ने लिया था सचिन का पहला इंटरव्यू

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में टॉम ऑल्टर का रुतबा बेहद अलग ही था। वह न केवल एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि खेल पत्रकार भी थे। उन्होंने क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया था। तब सचिन महज 15 साल के थे और उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू भी नहीं किया था। टॉम ऑल्टर की जिंदगी में खेल पत्रकारिता का भी अहम हिस्सा था। 1980 और 1990 के दशक में वे स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट के रूप में काम करते थे। इसी दौरान, उन्होंने सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया।

लाइफ Style



# यामी
## पहाड़ी लुक में आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस यामी गौतम हमेशा से अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। पर्दे पर चाहे वह एक मजबूत किरदार निभा रही हों या फिर असल जिंदगी में अपने पहाड़ी अंदाज में नजर आ रही हों, यामी हर बार अपने चाहने वालों का दिल जीत लेती हैं।

यामी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जो काफी पसंद की जा रही है। इस तस्वीर में यामी गौतम एक बेहद खुशनुमा सुबह का आनंद लेती नजर आ रही हैं। वह एक खुले बरामदे में बैठी हैं, जहां से पहाड़ों का सुंदर नजारा देखा जा सकता है। उन्होंने लाइट ग्रीन कलर का स्लीवलेस टॉप पहन रखा है, जो उन पर काफी फब रहा है। बिना किसी मेकअप के उनका चेहरा एकदम नेचुरल लग रहा है और उनकी मुस्कान सीधे दिल को छू रही है। उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा है। तस्वीर में यामी के हाथ में एक चाय का कप भी नजर आ रहा है, जिसे देखकर साफ है कि वह इस पल को पूरी तरह एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने इस फोटो के साथ दिल को छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा। उन्होंने लिखा, पहाड़ों में सुबह की धूप, हाथ में चाय और दिल में आभार... 'हक' टीजर को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद आपका।

बता दें कि हाल ही में फिल्म 'हक' का टीजर जारी किया गया था, जिसमें यामी गौतम एक सशक्त और जुझारू महिला शाह बानो के किरदार में दिखी, जो अपने हक के लिए अदालत की लड़ाई लड़ रही हैं। वहीं, इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई दिए।

हॉलीवुड मसाला



# शेयर की बेटी की प्यारी तस्वीरें

**लॉस एंजेलिस।** रिहाना और रैपर रॉकी ने अपनी नन्ही परी का नाम रॉकी आयरिश मेयर्स रखा है। रिहाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के साथ दो प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपनी बेटी को गुलाबी कंबल में लिपटाए प्यार से गोद में लिए नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में दो छोटे बॉक्सिंग ग्लव्स दिखाई दे रहे हैं, जिसमें एक गुलाबी रिबन भी लगा हुआ है। बता दें कि रिहाना और रॉकी की पहली मुलाकात 2012 में एमटीवी म्यूज़िक वीडियो अवाड्र्स के रिहर्सल के दौरान हुई थी।



# सेलेना बनीं बेनी ब्लैंको की दुल्हन

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की जानी मानी सिंगर सेलेना गोमेज ने 33 साल की उम्र में अपने ब्वॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ शादी कर ली है। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सेलेना गोमेज ने अपने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस को ये गुड न्यूज दी है। वहीं सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही सेलेना की शादी की फोटोज वायरल हो गईं। इन तस्वीरों में सेलेना और बेनी एक दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। अब इंडस्ट्री के फ्रेंड्स से लेकर फैंस तक सेलेना और बेनी ब्लैंको को शादी की शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं। सेलेना और बेनी ब्लैंको ने क्रिश्चियन रीति-रिवाज के अनुसार शादी के बंधन में बंधे हैं। दुल्हन बनी सेलेना व्हाइट वेडिंग गाउन में बहुत ही खूबसूरत और लाजवाब दिख रही हैं।



# बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं रुक्मिणी

**मुंबई।** अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत की आने वाली फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' का ट्रेलर कुछ समय पहले रिलीज हुआ था। वह इस फिल्म में राजकुमारी कनकवती के किरदार में दिखाई देंगी। अभिनेत्री रुक्मिणी ने बताया कि वह बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं। उन्होंने करण जौहर या दूसरे किसी बड़े बॉलीवुड फिल्म निर्माता के साथ काम करने की भी हसरत जाहिर की है। जब रुक्मिणी से पूछा गया कि क्या वह बॉलीवुड में अवसर तलाशना चाहेंगी, तो इसका जवाब देते हुए रुक्मिणी ने कहा, "बिल्कुल, धर्मा प्रोडक्शंस उस क्लासिक सिनेमा का प्रतीक रहा है, जिसे हम सभी पसंद करते हैं। अगर मुझे मौका मिला, तो मैं उनके साथ काम करना जरूर चाहूंगी। भविष्य में क्या होगा, यह तो मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि मुझे वहां काम करने का अवसर मिलेगा।



# तीसरे दिन ओजी की धाकड़ कमाई

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर पवन कल्याण की फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' ने आते ही तहलका मचा दिया है। फिल्म ने सिर्फ तीन दिनों के अंदर बंपर कलेक्शन कर दिखाया है। इस साल 2025 में रिलीज हुई फिल्मों में बहुत कम बार देखने को मिला है, जब किसी फिल्म ने दूसरे या तीसरे दिन में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। पवन कल्याण और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने प्री-रिलीज में 21 करोड़ रुपए कमाए थे। रिलीज के पहले दिन इसने 63.75 करोड़ रुपए से बंपर ओपनिंग ली। शनिवार को फिल्म ने 18.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया था और रविवार को फिल्म ने 13.87 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।

टीवी मसाला

# जेंडर नहीं, कला मायने रखती है: आसिफ शेख

**मुंबई।** पॉपुलर टीवी कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' से विभूति नारायण मिश्रा के नाम से घर- घर में पहचाने बनाने वाले आसिफ शेख इंडियन टेलीविजन शो के वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक हैं। इस शो ने उनकी पॉपुलैरिटी को एक नया मुकाम दिया है। अब तक वह शो में करीब 350 अलग-अलग किरदार निभा चुके हैं, जिनमें से 35 फीमेल किरदार हैं, जिनकी उम्र 21 से 80 साल के बीच है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की



वह खुद को इन किरदारों के लिए कैसे तैयार करते हैं। आशिफ शेख ने बताया कि हर किरदार के लिए उन्हें बहुत तैयारी करनी पड़ती है और उनके लिए किरदार निभाने में जेंडर कभी मायने नहीं रखता। आशिफ ने बताया कि जब शो शुरू हुआ था तब मेकर्स ने उनके रोल को लेकर काफी सोच- विचार किया था। बाद में धीरे धीरे उन्होंने आसिफ के किरदार के साथ नए-नए एक्सपेरिमेंट किए और उन्हें दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पांस भी मिलने लगे। आसिफ का कहना है कि वह अपने डायरेक्टर्स और राइटर्स का शुक्रगुजार हैं क्योंकि उन्होंने आसिफ पर भरोसा किया। आगे वह कहते हैं कि वह अब तक शो में 35 से ज्यादा महिला किरदार निभा चुके हैं। उनके लिए एक किरदार सिर्फ किरदार है, उन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता कि रोल किसी लड़के का है या किसी लड़की का।

# मां दुर्गा पूजा में इमोशनल हुईं रानी और तनीषा काजोल ने निभाया बड़ी बहन का फर्ज


**मुंबई।** पूरे देश में इस वक्त शारदीय नवरात्रि की धूम देखने को मिल रही है। इसी बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और रानी मुखर्जी ने हर साल की तरह इस साल भी मुंबई में मां दुर्गा का भव्य पंडाल लगवाया। इस दौरान काजोल और रानी फुल ट्रेडिशनल अवतार में सजी-धजी नजर आईं। लेकिन इस साल की दुर्गा पूजा मुखर्जी परिवार के लिए काफी इमोशनल रही। ऐसा इसलिए है क्योंकि काजोल के प्यारे काका और अयान मुखर्जी के



पिता देव मुखर्जी अब इस दुनिया में नहीं रहे। ऐसे में पूजा के दौरान काजोल, रानी, तनीषा और अयान मुखर्जी के आंसू रुक नहीं रहे थे। दूर्गा पूजा के दौरान की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसमें काजोल, रानी, शर्बानी और तनीषा मुखर्जी अपने चाचा और ताऊ देव मुखर्जी और रानू मुखर्जी को याद कर इमोशनल होती हुई दिखाई दी। तीनों को देखकर उनके कजिन और फिल्ममेकर आयान मुखर्जी भी इमोशनल होते हुए नजर आए और पिता देव मुखर्जी की याद में उनके भी आंसू छलक आए।

# फिल्म 'द राजा साहब' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली प्रभास की आने वाली फिल्म 'द राजा साहब' का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। इसमें प्रभास के साथ संजय दत्त भी हैं। इस पोस्टर में संजय दत्त का लुक काफी अलग है। मेकर्स ने नए पोस्टर के साथ फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 'द राजा साहब' का ट्रेलर 29 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर सोमवार शाम 6 बजे रिवील किया जाएगा। ये



खबर सुनते ही फैन्स खुश हो गए हैं और प्रभास की पोस्ट पर कमेंट्स कर रहे हैं। डायरेक्टर मारुती की ये फिल्म पहले इसी साल 5 दिसंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन मेकर्स अब इसे 2026 में रिलीज करने के मूड में हैं। उनका कहना है कि मूवी के पोस्ट प्रोडक्शन का काफी काम बचा है, इसकी वजह से रिलीज को पोस्टपोन कर दिया गया है। राजा साब तेलुगु रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसे पीपल मीडिया फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है।

# डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं मौनी

**मुंबई।** टीवी सीरियलों के साथ बॉलीवुड फिल्मों में अपना जलवा बिखेर रही मौनी रॉय को लेकर उनकी उम्र में कोई भी अंदाजा नहीं लग सकता है। उन्होंने खुद को इस तरह मेंनेट करके रखा है कि वे 40 में भी 20 साल की ही नजर आती हैं। वैसे, अपनी खूबसूरती और स्मिल फिगर को बनाएं रखने के लिए वे कई नुस्खे आजमाती हैं। खुद को फिट रखने के लिए वे काफी मेहनत भी करती हैं। मौनी रॉय खुद को फिट रखने के लिए अलग-अलग तरीके से वर्कआउट करती हैं। वे जिम में कम समय बीताती है और डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं। वे अपनी डाइट पर सबसे ज्यादा ध्यान देती हैं। वैसे, उन्हें जंक फूड खाना पसंद है, लेकिन हेल्थ के लिए वे खुद पर कंट्रोल रखती हैं और ऐसे खाने से दूर रहती है। मौनी फिट रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट डांस करती हैं। इसके साथ वे खुद को फिजिकली और मेंटली फिट रखने के लिए योगा करती हैं। वे जिम में ज्यादा वर्कआउट नहीं करती, लेकिन वेट ट्रेनिंग जरूर लेती हैं। मांसपेशियों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने के लिए वे स्ट्रेचिंग पर भी खास ध्यान देती हैं। मौनी टीवी की हाईएस्ट पेड़ एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने करियर की शुरुआत 2006 में सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी से की थी।



## आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन गाने अब भी लोगों की जुबान पर

# रंग दे बसंती' गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान 8-10 घंटे तक खड़ी रही थीं स्वर कोकिला

***मुंबई।*** *दिवंगत महान गायिका लता मंगेशकर बॉलीवुड की बेहतरीन सिंगर्स में से एक रही हैं। उन्होंने अपनी आवाज के जरिए लाखों लोगों के दिल पर राज किया। आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन उनके गाने अब भी लोगों की जुबान पर है। आज 28 सितंबर को उनकी 96वीं बर्थ एनिवर्सरी है। ऐसे में चलिए हम आपको उनकी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ा एक किस्सा बताते हैं, जिसे फिल्ममेकर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने शेयर किया था। दरअसल, यह किस्सा फिल्म 'रंग दे बसंती' से जुड़ा है, जो साल 2006 में रिलीज हुई थी और यह बॉलीवुड की हिट फिल्मों में से एक रही है। फिल्म की कहानी के साथ-साथ इसके गानों को भी लोगों ने काफी पसंद किया था। मूवी में 'लुका छुपी' नाम का एक इमोशनल सॉन्ग भी था, जिसे स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी। फिल्ममेकर ने इसी गाने से जुड़ा किस्सा शेयर किया था। चलिए बताते हैं कि आखिर वह क्या है।*

### रिकॉर्डिंग से पहले करती थीं गाने की रिहर्सल

राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने बताया था, "लता जी ने गाने की रिहर्सल की, यही उनकी महानता है। उन्होंने मुझे फोन किया और पूछा कि क्या वे गाना रिकॉर्ड करने के लिए चेन्नई जा सकती हैं। फिर मैंने उन्हें बताया कि रहमान उनके साथ इसे रिकॉर्ड करने के लिए मुंबई आएंगे, लेकिन गायिका ने चेन्नई जाने पर जोर दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं उनके साथ जाऊं तो अच्छा रहेगा।



### बहुत विनम्र थी

मेहरा ने आगे बताया, वह बहुत विनम्र थीं। तीन दिन पहले वहां गईं और एयरपोर्ट से सीधे स्टूडियो चली गईं। इसके बाद एआर रहमान ने उनका स्वागत किया और गायिका ने रचना सुनी। लता मंगेशकर ने कहा कि उन्हें गाना कैसेट में दिया जाए, ताकि वे उसका रिहर्सल कर सकें। फिर जब वह चौथे दिन रिकॉर्डिंग के लिए आईं, तो उन्होंने गाना गाते समय खड़े रहने पर जोर दिया। उन्होंने रहमान के साथ गाना, जैमिंग शुरू कर दी और फिर 8-10 घंटे तक बैठने से इनकार कर दिया और गाना पूरा होने तक खड़ी रहीं।"



# विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप : छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में गंवाए पैर, चुनौतियों से उबरते हुए तोमन बने चैंपियन

खास खबर

**ग्वांगजू।** दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता तोमन कुमार ने छत्तीसगढ़ में 2022 में एक नक्सल विरोधी अभियान के दौरान एक घातक आईईडी विस्फोट में अपना पैर गंवा दिया था लेकिन उन्होंने इसके बाद की चुनौतियों से पार पाते हुए सफलता की ओर कदम बढ़ाए। केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 30 वर्षीय कांस्टेबल ने अब तक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में सात पदक जीते हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा का खिताब जीता।

## अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में जीते सात पदक

### दक्षिण बस्तर क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान गंवा दिया था पैर

तोमन सीआरपीएफ की एक इकाई का हिस्सा थे, जिसे देश के सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में से एक दक्षिण बस्तर क्षेत्र में नियुक्त किया गया था। पर फरवरी 2022 में सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी के दौरान तोमन आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में घायल हो गए। सीआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह इसमें गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिससे 12 फरवरी 2022 को उसका बायां पैर काटना पड़ा।




### नवंबर 2023 में शुरू किया था पैरा तीरंदाजी का अभ्यास

अधिकारी ने बताया कि वह सीआरपीएफ के एक विशेष सेंटर राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र (एनसीडीई) में शामिल हो गए, जिसे 2020 में शारीरिक रूप से अक्षमता का सामना करने वाले जवानों के लिए खोला गया था। उन्होंने बताया कि तोमन ने नवंबर 2023 में पैरा तीरंदाजी का अभ्यास शुरू किया और एक साल बाद सितंबर 2024 में उन्हें सीआरपीएफ की केंद्रीय (मुख्य) टीम में शामिल किया गया। तोमन ने तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अलावा, ग्वांगजू सहित चार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लिया है।

## खबर संक्षेप

### जूनियर विश्व कपः अनुष्का और एड्रियन ने जीते पदक



**नई दिल्ली।** उभरती हुई निशानेबाज अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर दूसरा स्वर्ण जीता जबकि एड्रियन करमाकर ने इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इससे भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक से दूसरे स्थान पर है जबकि इटली दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। अठारह वर्षीय अनुष्का ने चार दिन में जूनियर विश्व कप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

### लेडीज ओपनः शीर्ष पांच में रहीं प्रणवी

**ड्यूविले।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस के अंतिम दिन टूर्नामेंट का



अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं। प्रणवी ने अंतिम दौर में छह अंडर 65 के स्कोर से कुल 10 अंडर 203 का स्कोर बनाया। कट हासिल करने वाली एक अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर ने अंतिम दौर में पार 71 के स्कोर से एक अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 46वां स्थान हासिल किया।

### एएफसी चैंपियंस लीग मैच से हटा मोहन बागान

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग (आईसीएल) चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट ने मंगलवार को ईरान के सेपाहान एससी के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग 2 मैच से हटने का फैसला किया क्योंकि क्लब के छह विदेशी खिलाड़ियों ने अपने देशों से मिली सलाह के बाद वहां की यात्रा करने से इनकार कर दिया। क्लब के एक अधिकारी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों और भारतीय स्टाफ के बीच हुई बैठक के बाद मैच के लिए ईरान की यात्रा नहीं करने का सामूहिक फैसला किया गया।




### ताइवान मास्टर्स : संयुक्त 44वें स्थान पर संधू

**न्यू ताइपे सिटी।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू तीसरे दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से मरकरीज



ताइवान मास्टर्स में संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर हैं। संधू ने दो बर्डी की लेकिन चार बोगी और एक डबल बोगी भी कर गए, जिससे उनका स्कोर चार ओवर रहा। उनका कुल स्कोर आठ ओवर रहा। शुरुआती दो दौर के बाद एकल बढ़त बनाने वाले थाईलैंड के अतिरुज विनाइचेरोनचाइ (एक ओवर 73) और उनके हमवतन रतानोन वनासरिचान (दो अंडर 70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

## खेल प्रशंसकों के हंसी-मजाक, गानों और चीयर से दुबई का माहौल बना आनंददायक

# दुबई में क्रिकेट उत्सवः फैंस के लिए 'भारत बनाम पाकिस्तान' फाइनल मैच जंग नहीं, बल्कि त्योहार

एजेंसी ▶▶| दुबई

दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और इसके आसपास का माहौल रविवार शाम को उत्सव में तब्दील हो गया जहां 'भारत बनाम पाकिस्तान' एशिया कप फाइनल मैच शुरू होने से कई घंटे पहले ही भारत और पाकिस्तान के प्रशंसक कतारों में लग गए। खेल प्रशंसकों के हंसी-मजाक, गानों और चीयर से माहौल आनंददायक बन गया, जिससे एक बार फिर क्रिकेट मुकाबला खुशनुमा लगने लगा।

महाराष्ट्र से आए प्रशंसकों के एक समूह ने बॉलीवुड तर्ज पर नारे लगाते हुए कहा, 'दो रुपैया का च्यूइंग गम, सूर्या भाऊ सिंघम। ' इसी कतार में खड़े पाकिस्तान के कुछ समर्थक इस पर मुस्कुराए बिना नहीं रह सके और शायद याद दिला रहे थे कि क्रिकेट अब भी मजेदार हो सकता है। वहीं दूसरी ओर 'स्पोर्ट्स सिटी' की सड़कों पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे गूंज रहे थे। छोटे बच्चे रोहन के लिए यह सपने जैसा था जो भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखने के लिए अपने पिता के साथ अबुधाबी से डेढ़ घंटे की यात्रा करके आया था। बड़े साइज की भारतीय जर्सी पहने इस बच्चे ने कहा, ' बुमराह उन्हें आउट कर देंगे।''



### किसी उत्सव का टिकट बुक करने जैसा

बीते जमाने के तनावपूर्ण माहौल के विपरीत घर से दूर रहने वाले प्रवासियों के लिए लिए भारत-पाकिस्तान मुकाबले का टिकट हासिल करना किसी उत्सव का टिकट बुक करने जैसा है। यह जोश से भरे माहौल, हंसी मजाक और क्रिकेट के रोमांच के बारे में है। उन्हें इसकी परवाह नहीं कि खिलाड़ी हाथ मिलाते हैं या नहीं, एक-दूसरे से नजरें मिलाते हैं या नहीं।

### सवाल अब भी बरकार

भारतीय प्रशंसक चाहते हैं कि अभिषेक शर्मा स्टेडियम में छक्कों की बरसात करे तो पाकिस्तान के प्रशंसकों को उम्मीद है कि शाहीन शाह अफरीदी सटीक यॉर्कर फेंकेंगे। पर सवाल अब भी बरकार है। अगर खेल प्रेमी खेल से राजनीति को अलग कर सकते हैं, इसे जंग के बजाय एक खेल मुकाबला मान सकते हैं तो क्या अब समय नहीं आ गया है कि हितधारक भी ऐसा ही करें?



### मैच की भावनाओं से ओतप्रोत

शारजाह में रहने वाले अफजल और आमिर दोनों भाई भी मैच की भावनाओं से ओतप्रोत थे, आमिर ने 1980 और 1990 दशक की याद करते हुए कहा, ''पापा हमें शारजाह में पाकिस्तान के दबदबे के बारे में बताया करते थे जब भारत नहीं जीत पाता था। ' दोनों टूर्नामेंट में पाकिस्तान को मिली दो हार से दोनों निराश थे। अफजल ने कहा, 'अगर हम फिर हार गए तो दुख होगा। लेकिन कल सोमवार है और हफ्ते शुरू होने से पेशेवर जिम्मेदारियां शुरू हो जाएंगी। शायद दुबई में प्रवासी लोगों का यही मिजाज है।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स

# रुझदी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड लगातार जीता छठा स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** बुल्गारिया के रुझदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की पुरुष गोला फेंक एफ55 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड थ्रो के साथ लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। 34 साल के रुझदी ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 12.94 मीटर की दूरी के साथ 12.68 मीटर के अपने ही पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया, जो उन्होंने पेरिस में 2023 विश्व चैंपियनशिप के दौरान बनाया था।

इस स्पर्धा में खिलाड़ी बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि उनके निचले अंग काम नहीं करते। रुझदी एक कार दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिसके कारण कमर के नीचे का उनका शरीर काम नहीं करता। उन्होंने 2015 में दोहा से विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक सत्र में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड प्रयास के साथ खिताब जीता। सर्बिया के नेबोसा ड्यूरिक ने 12.52 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत जबकि स्कॉटलैंड के लेच स्टोल्टमैन ने 12.02 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सुबह के सत्र में तीन विश्व रिकॉर्ड बने।



### रोमली ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक की बनाई हैट्रिक

मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने पुरुष लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई जबकि यूक्रेन के वोलोदिमिर पोनोमरेंको ने पुरष गोला फेंक टी12 स्पर्धा में 17.39 मीटर के नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ खिताब अपने नाम किया। रोमली का लंबी कूद स्पर्धा में दबदबा रहा है। इस स्पर्धा में उन्होंने पांच स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। विश्व चैंपियनशिप में उन्हें एकमात्र बार शिकस्त का सामना दुबई में 2019 में करना पड़ा था।

### नसीमा ने बनाई स्वर्ण पदक की दोहरी हैट्रिक

अल्जीरिया की नसीमा सैफी ने महिला चक्का फेंका एफ57 स्पर्धा में 34.54 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक की दोहरी हैट्रिक बनाई। स्पर्धा में उनके दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि उनके पांचों वैध थ्रो 32 मीटर से अधिक के थे जबकि चीन की रजत पदक विजेता टियान यूशिन का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 30.30 मीटर रहा। इन दोनों के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी 30 मीटर के आंकड़े को पार नहीं कर सकी।

## चीन ओपनः कड़े मुकाबले में गॉफ ने लेला को हराया, तीसरे दौर में पहुंची



**बीजिंग।** फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने कड़े मुकाबले में लेला फर्नांडीज को तीन सेट में हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। गत चैंपियन गॉफ ने दूसरा सेट गंवाने के बावजूद फर्नांडीज को 6-4, 4-6, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद गॉफ ने तीसरे और निर्णायक सेट के 12वें गेम में विरोधी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर जीत दर्ज की। गॉफ इस डब्ल्यूटीए 1000 सीरीज टूर्नामेंट के अगले दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिच और ऑस्ट्रेलिया की प्रिसकिला होन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगी।

### इवा ने एलेना को दी मात

इससे पहले इवा लिस ने 10वें नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना को 6-3, 1-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका की मैकार्टनी केसलर ने बारबरा क्रेसिकोवा के 1-6, 7-5, 3-0 के स्कोर पर मुकाबले के बीच से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई। महिला टूर्नामेंट के साथ चल रहे एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट में लोरेंजो मुसेटी ने अनुभवी एड्रियन मनारिनो को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया। मुसेटी अगले दौर में लर्नर टिएन से भिड़ेंगे, जिन्होंने फ्लावियो कोबोली को 6-3, 6-2 से हराया।

## महिला क्रिकेट विश्व कपः जुबीन के सम्मान में मुफ्त टिकट

**गुवाहाटी।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के एसीए



स्टेडियम में होने वाले उद्घाटन समारोह में असम की सांस्कृतिक हस्ती जुबीन गर्ग को एक विशेष संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी और साथ ही मंगलवार को उद्घाटन मैच के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित किए जाएंगे। असम क्रिकेट संघ (एसीए) के अधिकारियों ने बताया कि शिलांग चैंबर क्वायर के अलावा अंगराग पापोन महंत और जोई बरुआ सहित राज्य के प्रमुख कलाकार संगीतमय श्रद्धांजलि प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह के दौरान यह 40 मिनट की विशेष प्रस्तुति होगी। एसीए ने 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाले उद्घाटन मैच के लिए गर्ग के प्रशंसकों के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित करने की भी व्यवस्था की है। गुवाहाटी खेल संघ (जीएसए) सोमवार को यहां एसीए की ओर से मुफ्त टिकट वितरित करेगा।

# नेपाल ने रचा इतिहास, वेस्टइंडीज को हराया



**शारजाह।** नेपाल ने दो बार के विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 रन से हराकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। नेपाल ने इससे पहले 2014 में अफगानिस्तान को हराया था लेकिन उस समय वह एसोसिएट सदस्य था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की अब तक की सबसे बड़ी जीत थी और यह जीत कैरेबियाई टीम के खिलाफ उनके पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और किसी पूर्ण सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला में आई। **वेस्टइंडीज की शुरुआत रही खराब :** इसके जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। कुशल भुर्तेल ने काइल मायर्स (05) को रन आउट किया। अकीम ऑगस्टे (15) ने दो छक्कों के साथ पलटवार किया लेकिन नेपाल के स्पिनरों ने जल्द ही रन गति पर ब्रेक लगा दिया। ललित राजवंशी (छह रन पर एक विकेट) और पोडेल (20 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, जिससे वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

### नेपाल ने आठ विकेट पर बनाए 148 रन

बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नेपाल ने आठ विकेट पर 148 रन बनाए और फिर वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। अकील हुसैन और जेसन होल्डर के शुरुआती झटकों से वेस्टइंडीज ने चौथे ओवर में नेपाल का स्कोर दो विकेट पर 12 रन कर दिया। कप्तान रोहित पोडेल (38) और कुशल मल्ला (30) ने 58 रन की साझेदारी करके नेपाल की पारी को संभाला लेकिन नवीन बिदाईसी ने दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। मल्ला ने दो छक्कों के साथ रन गति में इजाफा किया जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी (24) और गुलशन झा (22) ने भी उम्दा पारियां खेली। होल्डर ने 19वें ओवर में तीन विकेट चटकाए लेकिन वेस्टइंडीज ने कुछ कैच टपकाए, जिससे नेपाल की टीम आठ विकेट पर 148 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल रही।

# ला लीग टूर्नामेंट : एटलेटिको ने रियाल मैड्रिड को हराया



**बार्सीलोना।** जूलियन अल्वारेज के दो गोल की बदौलत एटलेटिको मैड्रिड ने ला लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल मैड्रिड के खिलाफ 5-2 की आसान जीत दर्ज की। यह 75 साल में पहला मौका है जब एटलेटिको ने शहर की अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ पांच गोल किए हैं। अन्य मुकाबलों में स्थानापन्न खिलाड़ी अल्बर्टो मोलेइरो के गोल से तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल ने एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हराया जबकि मालोर्का ने एल्वेस को 1-0 से हराकर सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। लेवांते और गेटाफे का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा।

# सिरी ए टूर्नामेंट : अटलांटा ने यूवेंटस को बराबरी पर रोका

**मिलान।** कमालदीन सुलेमान के गोल की मदद से अटलांटा ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यूवेंटस को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। सुलेमान ने मध्यांतर से ठीक पहले अटलांटा को बढ़त दिलाई लेकिन जुआन कबाल ने दूसरे हाफ में गोल दागकर यूवेंटस के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। यूवेंटस ने मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं गंवाया है। मौजूदा सत्र के शुरुआती चार में से दो मैच गंवाने वाले इंटर मिलान ने कैगलियारी को 2-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की।



### अजेय अभियान जारी

अटलांटा ने 2018 से यूवेंटस के घरेलू मैदान पर कोई मैच नहीं गंवाया है। टीम ने इस दौरान पांच जीत दर्ज की जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे। एक अन्य मुकाबले में क्रेमोनेस ने मौजूदा सत्र में अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए कोमो को 1-1 से बराबरी पर रोका।

# इंग्लिश प्रीमियर लीगः क्रिस्टल पैलेस से हारा लीवरपूल



**लंदन।** एडी एनकेतिया के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में दागे गोल की बदौलत क्रिस्टल पैलेस ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ क्रिस्टल पैलेस का अजेय अभियान 18 मैच तक पहुंच गया। टीम ने अप्रैल से कोई मैच नहीं गंवाया है। गत चैंपियन लीवरपूल की मौजूदा सत्र में यह पहली हार है। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार पांच जीत के साथ की थी। अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल की बढ़त अब सिर्फ तीन अंक की रह गई है। क्रिस्टल पैलेस की टीम दूसरे स्थान पर है। चेल्सी को ब्राइटन के खिलाफ दूसरा लगभग पूरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिससे उसे 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेल्सी की यह लगातार दूसरी हार है।

शहर में जल संकट गहराया, विपक्ष ने नगर सत्ता पर साधा निशाना

# हर त्योहार में फूटने का रिकॉर्ड बना रही रमनगरा पाइप लाईन

लाईन से करीब 20 टंकियों को जलापूर्ति होती है जिसमें करीब 36 वार्ड आते हैं

हरिभूमि जबलपुर।

ऐन त्योहार के मौके पर रमनगरा वाटर प्लांट की मेन राइजिंग लाईन बाजनामठ के पास डेंजर जोन बन चुकी है. कई बार महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान यह लाईन फूट चुकी है, हर बार यह कहा जाता है की वैकल्पिक लाईन से इसे जोड़ा जाएगा. लेकिन सुधार कार्य के बाद फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा। पिछले साल गणेशोत्सव ओर दीपोत्सव में इसी जगह पर लाईन ने धोखा दिया था. अब फिर यही पर पाईप लाईन फूट गई है. इस लाईन से करीब 20 टंकियों को जलापूर्ति होती है. जिसमें करीब 36 वार्ड आते हैं. चार टंकियां अभी भी वैकल्पिक लाईन से नहीं जुड़ पाई हैं. लिहाजा शहर को एक बार फिर ऐन त्योहार के वक्त जल संकट का सामना करना पड़ रहा है. रविवार की शाम कांग्रेस पार्षद दल ने नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा के नेतृत्व में फूटी पाईपलाईन में चल रहे सुधार कार्य का निरीक्षण किया. इस मौके पर उन्होंने नगर सत्ता पर निशाना साधते हुये कहा की साल में दो से तीन बार यहां पाईप लाईन फूटती है. लेकिन नगर सत्ता उसके समाधान का ठोस उपाय नहीं कर रही है. महापौर और उनके एमआईसी सदस्य झूठ वाहवाही लूटने में सबसे आगे रहते हैं. ऐन त्योहार के वक्त जनता पानी के लिये त्राही त्राही कर रही है. उन्होंने कहा की जल्द ही इस व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्षद दल आंदोलन करेगी. निरीक्षण के दौरान उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता गुड्डू उस्मानी, सचेतक आयोध्या तिवारी, पार्षद हर्षित यादव सहित अन्य कांग्रेस पार्षद उपस्थित रहे।



### इन क्षेत्रों में आंशिक सप्लाई

बिड़ला धर्मशाला, मेडिकल कॉलेज, गुलौआ, राइट टाउन, रामेश्वरम कॉलोनी, मनमोहन नगर, लक्ष्मीपुर, आनंद नगर, लेमा गार्डन, सर्वोदय नगर, मदर टेरेसा कॉलोनी, बेदी नगर, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन, न्यू शोभापुर, राजीव नगर, कोगवा, करमेता, शिवनगर, अमखेरा, रवींद्र नगर, सुहागी और खैरी में फिलहाल बायपास लाइन से पानी दिया जा रहा है। हालांकि सप्लाई बहुत सीमित है और मुश्किल से 10 से 15 मिनट ही नल चल पाते हैं।

### इन इलाकों में पूरी तरह ठप सप्लाई

कोतवाली, मोतीनाला, देवताल और सूपाताल क्षेत्र में अब तक पानी की सप्लाई बहाल नहीं हो सकी है। यहां के वाशिंदों को पूरी तरह टैंकरों या निजी इंतजाम पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

### एक हफ्ते प्रभावित रह सकती है जलापूर्ति

रमनगरा वाटर फिल्टर प्लांट की मेन राइजिंग लाइन फूटने से शहर के बड़े हिस्से में जल संकट गहराता जा रहा है। नगर निगम द्वारा अधिकांश क्षेत्रों में सामानांतर लाइन से आंशिक आपूर्ति तो की जा रही है, लेकिन कई इलाकों में अब भी नलों से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। निगम अधिकारियों का कहना है कि पाइपलाइन की मरम्मत में अभी लगभग एक सप्ताह और लग सकता है। ऐसे में प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों को त्योहारों के बीच भी पानी के लिए जूझना पड़ेगा। कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि मेन लाइन की मरम्मत कार्य जारी है, लेकिन यह जटिल और समय लेने वाला है। "करीब एक सप्ताह का और वक्त लग सकता है। तब तक कुछ क्षेत्रों में केवल सीमित सप्लाई या टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ेगा।"

### टैंकरों की भी है कमी

स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में टैंकर नहीं भेजे जा रहे हैं। ऐसे में महिलाओं और बुजुर्गों को बर्तन, बाल्टियां लेकर पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है। त्योहारों के बीच इस संकट ने लोगों की परेशानियां दोगुनी कर दी हैं।

### त्योहार में लोग हर बार परेशान

शहर में नवरात्रि और त्योहारों की रौनक के बीच कई मोहल्लों में जल संकट के कारण लोग परेशान दिख रहे हैं। लोग सुबह से ही नल खुलने के इंतजार में बैठे रहते हैं, और जब सप्लाई आती भी है तो मुश्किल से आधे घंटे में खत्म हो जाती है। निगम प्रशासन का कहना है कि मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और जल्द ही स्थिति सामान्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।


दिन हो या रात सड़कों पर दिखेगी पुलिस

# नवरात्र पर्व पर चाक-चौबंद प्रबंध

**जबलपुर।** नवरात्र पर्व पर महिला सुरक्षा के साथ चोरी, लूट एवं अन्य वारदातों को रोकने के लिए पुलिस ने व्यापक इंतजाम किये हैं, सुबह से पैदल मंदिर जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिए खास व्यवस्थाएं की जा रही है। मंदिरों के आस पास जहां महिला पुलिस की टीम तैनात रहेगी, वहीं प्रभात गश्त बढ़ाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये हैं,कुछ फिक्स प्वाइंट भी तैनात किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने साफ कहा है कि दिन हो या रात सड़कों पर पुलिस दिखनी चाहिए, ताकि जनता में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़े और अपराधियों में खौफ दिखे। चिहिंत मंदिरों से लेकर पंडाल तक की थाना प्रभारी समय समय पर स्वयं निगरानी करेंगे, ताकि कहीं कोई गड़बड़ी न हो। नवरात्र में महिलाएं, बच्चे सुबह से देर रात तक सड़कों पर दर्शन के लिए रहते हैं। एसपी के प्लान के मुताबिक सड़क पर किसी भी महिला या आमजन के साथ कोई घटना न घटे इसके लिए पुलिस बल जगह जगह तैनात किया जाएगा। सूनसान मार्ग व कालोनियों में पुलिस वाहन लगातार गश्त पर रहेंगे। थाना प्रभारी क्षेत्र में समिति के सदस्यों सहित तैनात वालेंटियरों से संपर्क बनाकर रखें, ताकि कही कोई गड़बड़ी न हो।

## मंदिरों के आसपास महिला पुलिस रहेगी तैनात

शहर के प्रतिष्ठित मंदिर बड़ी खेरमाई,छोटी देवन, सदर काली मंदिर, त्रिपुरी सुंदरी, गौतमजी की मढ़िया, छोटी खेरमाई, जय मातेश्वरी मंदिर, पंडा की मढ़िया सहित बरेला



शारदा मंदिर में सुबह करीब 4 बजे से जल लेकर जाने वाली महिलाओं, युवतियो की सुरक्षा के लिए मंदिर के आसपास महिला पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी शहर की आधा दर्जन से अधिक चिन्हित दुर्गा,काली समितियों के पदाधिकारियों से लगातार संपर्क में रहेंगे। ताकि समारोह में बेवजह का विवाद खड़ा न हो। बड़े मंदिर सहित दुर्गा पंडाल समिति के वालेंटियर भी सुरक्षात्मक तरीके से श्रद्धालुओं की सुरक्षा में सतत सक्रिय रहेंगे।

नर्मदा घाटों पर दो फुट जलस्तर बढा

# बरगी बांध के तीन गेट खुले

**जबलपुर।** लौटते मानसून के दौरान बरगी बांध जलभराव क्षेत्र में बारिश के बाद बरगी डैम निर्धारित श्रमता के करीब तक भर जाने के कारण रविवार की शाम 6 बजे बांध के तीन गेट आधा आधा मीटर तक खोले गये. नर्मदा में बांध का पानी छोड़े जाने से करीब 2 फुट जलस्तर बढ़ गया.



बरगी बांध परियोजना के कार्यपालन यंत्री राजेश गौंड़ के मुताबिक बांध में इस समय 403 क्यूमेक पानी की आवक हो रही है. बांध का जलस्तर अपने कुल जल भराव क्षमता 422.76 मीटर के करीब पहुंच गया है. दोपहर में बांध का जलस्तर 422.70 मीटर दर्ज किया गया। बांध की उपयोगी क्षमता 3171 एमसीएम (99.72%) तक भर चुकी है। वर्तमान में बांध में 403 क्यूमेक पानी की आवक हो रही है। जल संसाधन विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, आज शाम 6 बजे बांध के तीन जल द्वार 0.50 मीटर की औसत ऊँचाई तक खोले जाएंगे, जिसके माध्यम से 237 क्यूमेक पानी की निकासी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस निर्णय से माँ नर्मदा के घाटों पर 1 से 2 फुट पानी की बढ़ोतरी दर्ज होगी। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि बांध में पानी की आवक और वर्षा की स्थिति को देखते हुए जल निकासी की मात्रा को कभी भी कम या ज्यादा किया जा सकता है।

### आमजन से अपील

बरगी बांध प्रबंधन एवं जिला प्रशासन ने नर्मदा नदी के किनारे बसे लोगों तथा घाटों पर जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और नदी के तटीय क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें। अचानक जलस्तर बढ़ने से खतरा हो सकता है।


## परदेशी की जहर खाने से मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानान्तर्गत सीतामढ़ी बिहार निवासी एक युवक ने कल जहर का सेवन कर लिया जिसे उसके दोस्त ने ईलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहाँ दूसरे दिन उसकी मौत हो गई। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि सीतामढ़ी बिहार निवासी पंकज कुमार ठाकुर कटंगी रोड स्थित कृष्ण वाटिका में रहता था कल शाम उसने जहर का सेवन कर लिया। जिसे गंभीर हालत में उसके दोस्त बलजीत कुमार ने ईलाज के लिए एमएच अस्पताल में भर्ती कराया था जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सड़कों पर कीचड़ और गंदगी से परेशानी

# मानसून की विदाई में बरस रहे बादल

**जबलपुर।** मानसून की विदाई होने लगी है, जाते जाते मानसून त्योहार का मजा किरकिरा कर रहा है. लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आ रही है. लेकिन सड़कों पर कीचड़ और गंदगी परेशानी का सबब बन रही है. मौसम विभाग का कहना है की मराठवाड़ा एवं मध्य भारत के बीच एक सायक्लोन बना हुआ है. जिससे बीच बीच में बारिश हो रही है. हालांकी 24 घंटों में इसके कमजोर होने की संभावना है। लिहाजा अगले 24 घंटों तक बीच बीच में बारिश होती रहेगी. रविवार को दिन कुछ कुछ देर के लिये कई बार बारिश हुई. मौसम विभाग के मुताबिक विदर्भ और छत्तीसगढ़ के ऊपर बने चक्रवात की वजह से रविवार को दोपहर में अच्छी बारिश हुई। इस बारिश की वजह से दुर्गोत्सव का उत्साह प्रभावित होने लगा। हालांकि मौसम खुलते ही श्रद्धालु सड़कों पर उतर पड़े, गरबा के आयोजन में बारिश की वजह से जरुर अव्यवस्था हुई।



### मानसून सत्र के दो दिन शेष बचे हैं

स्थानीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रवक्ता के अनुसार महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है। जिसके कारण बादल आ रहे हैं और बारिश हो रही है। अगले एक-दो दिनों तक मौसम ऐसे ही रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 23.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 93 प्रतिशत और सायंकाल 80 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 06.01 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 06.00 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 4.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 1180.08 मिमी (लगभग 47 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी और कुल वर्षा 1464.0 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.08 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री दर्ज किया गया था। दक्षिण-पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240